


राष्ट्रीय हिंदी मासिक

मूल्य : 5/-

नवम्बर, 2023

वर्ष- 1, अंक - 5

# सत्यवान समाचार





मैय्या-मैय्या... पर नाचीं सान्या ..... पेज 6



Website : https://www.Satyavansamachar.com/ satyavansamachar@gmail.com



केवल कंपनियों का विलय और अधिग्रहण कर बना अरबपति..... पेज 6



आजमगढ़ से प्रकाशित


# यूपी में दीवाली गिफ्ट, 1.75 करोड़ लोगों को मुफ्त सिलेंडर

## मत्स्य पालन राजपत्रित सेवा संशोधित नियमावली को सहमति, मिर्जापुर, सोनभद्र व महराजगंज में जनजातीय संग्रहालय बनेगा

लखनऊ। प्रदेश में दीपावली पर उज्ज्वला योजना के 1,75,04,385 लाभार्थियों को मुफ्त रसोई सिलेंडर दिया जाएगा। योगी कैबिनेट की मंगलवार को आयोजित बैठक में मुफ्त सिलेंडर देने का प्रस्ताव मंजूर किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को होली और दीपावली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त देने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने बताया कि लाभार्थी को पहले प्रचलित उपभोक्ता दर से 14.2 किलो का सिलेंडर रिफिल कराना होगा।

उसके पांच दिन के बाद सिलेंडर की राशि उपभोक्ता के आधार प्रमाणित बैंक खाते में ऑयल कंपनियों की ओर से हस्तांतरित की जाएगी। यह सुविधा केवल उज्ज्वला योजना के एक कनेक्शन पर मिलेगी। प्रदेश सरकार पर इससे 2312 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा। उन्होंने बताया कि

**गुड न्यूज**

**कैबिनेट मीटिंग में 20 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

दीपावली पर पौने दो करोड़ परिवारों को मुफ्त सिलेंडर मिलने से उन्हें त्योहार पर राहत मिलेगी। कैबिनेट ने सचिवालय स्तर पर पर्यटन का अतिरिक्त अनुभाग सृजित किए जाने के संशोधित प्रस्ताव को सहमति दे दी है। वहीं उत्तर प्रदेश मत्स्य पालन राजपत्रित सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2023 पर भी कैबिनेट ने सहमति दी है।

उत्तर प्रदेश में 15 अनुसूचित जनजातियां सूचीबद्ध हैं। उनमें भौगोलिक असमानता के साथ-साथ रीति-रिवाद, रहन-सहन, खान-पान और कला में पर्याप्त विविधता पाई जाती है। उन्हें संरक्षित करने के लिए मिजार्पुर, सोनभद्र और महराजगंज में जनजातीय संग्रहालय बनाया जाएगा। जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के लिए संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा जमीन संस्कृति विभाग लखनऊ को आवंटित की गई है। केंद्र सरकार के जनजातीय मंत्रालय ने म्यूजियम के लिए प्रस्तावित जमीन असंसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति शोध व प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के पक्ष में हस्तांतरित करने का फैसला लिया गया है, जिसे कैबिनेट ने अनापत्ति दी है। प्रत्येक संग्रहालय के लिए केंद्र सरकार 15 करोड़ रुपये देगी। इसमें राज्य सरकार पर कोई भार नहीं पड़ेगा। संग्रहालय में जनजातीय जीवन से जुड़ी जानकारियों, सूचनाओं, फिल्मों, चित्रों आदि का पश्दर्शन डिजिटव थियेटर में किया जाएगा। ट्राइबल आउटलेट्स के माध्यम से जनजातियों द्वारा तैयार उत्पादों का विक्रय किया जाएगा। संग्रहालय के लिए मिजार्पुर में अतरैला पांडेय



गांव में 4.046 हेक्टेयर जमीन, सोनभद्र में राबर्टसगंज में 2.82 हेक्टेयर जमीन और महराजगंज की नौतनवा तहसील में 0.506 जमीन आवंटित की जाएगी।

**आजम खां को झटका, जौहर ट्रस्ट से वापस ली जायेगी जमीनः लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है। इनमें सबसे अहम निर्णय रामपुर में मौलाना मोहम्मद जौहर ट्रस्ट को माध्यमिक शिक्षा विभाग की लीज पर दी गई मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन व भूमि को वापस लेने से संबंधित रहा। योगी सरकार ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाई। इन निर्णय के तहत जौहर ट्रस्ट द्वारा 30 वर्षों के लिए सरकार से लीज पर मिली जमीन की शर्तों का पालन नहीं किया गया। ऐसे में योगी सरकार ने ट्रस्ट से जमीन वापस लेने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सपा सरकार ने 2007 में शर्तों की अनदेखी करके इस जमीन को जौहर ट्रस्ट को मात्र 100 रुपए सालाना किराए पर दिया था। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि रामपुर में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को यह जमीन 30 वर्ष के लिए मात्र 100 रुपए वार्षिक की दर से पट्टे पर दिया गया था। अब इस जमीन को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। जौहर ट्रस्ट को दी गई भूमि से संबंधित पट्टा विलेख की शर्तों के उल्लंघन के संबंध में जिलाधिकारी रामपुर ने 4 सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इस समिति ने जांच के बाद शासन को जो आख्या भेजी थी, उस पर विचार करने के बाद भूमि और भवन को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। 41181 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली इस भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार (माध्यमिक शिक्षा विभाग) में निहित किया गया है।

# जितनी टैपिंग करनी हो कर लो मुझे फर्क नहीं पड़ता

नई दिल्ली। विपक्षी नेताओं की तरफ से मंगलवार सुबह दावा किया गया कि उनके फोन में सरकार-प्रायोजित हैकिंग से जुड़े चेतावनी संदेश आए। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कई लोगों को ऐसे संदेश आए हैं। इनमें केसी वेणुगोपा, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा शामिल हैं। भाजपा इस वक्त युवाओं का ध्यान भटकाने की कोशिश में है। राहुल ने कहा पहले मैं सोचता था कि सरकार में नंबर-1 प्रधानमंत्री हैं, दूसरे पर अदाणी और तीसरे पर अमित शाह हैं, लेकिन ये गलत है। सरकार में नंबर-1 अदाणी हैं, पीएम मोदी दूसरे नंबर पर हैं और अमित शाह तीसरे पर। राहुल ने कहा, हिंदुस्तान की राजनीति हमें समझ आ गई है। अदाणी जी बचकर नहीं निकल सकते। हमने अदाणी को ऐसा घेरा है कि वह बचकर नहीं निकल सकते। इसलिए ध्यान बंटाने की



राजनीति हो रही है। कि देश की निगाह, विपक्ष की निगाह पिंजरे में बैठे हुए तोते की ओर न चली जाए.राहुल गांधी ने आगे कहा, जितनी टैपिंग करनी हो कर लो। मुझे फर्क नहीं पड़ता।

अगर आपको मेरा फोन चाहिए तो मैं अपना फोन दे देता हूं आपको। कम लोग लड़ रहे हैं इसके खिलाफ। लेकिन हम डरने वाले लोग नहीं हैं, लड़ने वाले लोग हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे।

## ओवरलोड नाव पलटी तीन मौत, सात लापता

पटना। छपरा में बुधवार की शाम सरयू नदी में लोगों से भरी नाव पलट गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। 7 अभी भी लापता हैं। स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। डीएम अमन समीर के अनुसार 19 लोग नाव पर सवार थे वहीं 10 लोग सुरक्षित बच गए हैं। हादसा शाम करीब 6 बजे मटियार घाट पर हुआ है। छपरा के मांझी में बुधवार की शाम नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया है। मटियार घाट पर सरयु नदी में नाव डूबी। इसकी वजह से 3 लोगों की अभी तक मौत हो गई है। नाव पर सवार सभी लोग किसान थे जो दियारा में परवल की खेती करते हैं। शाम होने पर काम करने के बाद सभी लोग नाव पर सवार होकर वापस इस पार अपने घर के लिए लौट रहे थे।

# अब मुफ्त राशन वाली दुकानों पर कोटेदार नहीं कर पायेगा मनमानी

लखनऊ। यूपी में फ्री राशन वाली दुकानों पर आम लोगों की परेशानी दूर करने का रास्ता साफ हो गया है। योगी सरकार ने लोगों की सुविधा को देखते हुए कोटेदारों की मनमानी पर लगाम लगाने की तैयारी कर ली है। राशन की दुकानों पर अब उन्नत वेइंग मशीन व ई-पास मशीन लगेंगी। कैबिनेट प्रदेश की उचित दर दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन सहित ई-पॉस मशीनों की स्थापना व संचालन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इससे घटतौली नहीं हो सकेगी। नेटवर्क की समस्या के कारण लोगों को होने वाली परेशानियां अब नहीं हो सकेंगी। प्रदेश की सभी 79 हजार उचित दर



दुकानों में नवीन एवं उन्नत ई-पॉस मशीनें ई कांटे से लिंक रहेंगी। इनकी स्थापना व संचालन किए जाने के लिए सिस्टम इन्टीग्रेटर संस्थाओं का चयन खुली निविदा से होगा। नवीन ई-पॉस मशीनें 4-जी सिम से चलेंगी। यह मशीनें फिंगरप्रिन्ट एवं आईरिस स्कैनर से युक्त हैं। इन मशीनों से उचित दर विक्रेताओं को उनकी आमदनी बढ़ाने वाली अन्य कम्प्यूटरीकृत सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा सकेंगी। निर्धारित दर 21 रुपये प्रति कुन्तल के मुकाबले प्रदेश में यह व्यवस्था अत्यधिक प्रतिस्पर्धी रेट 14.10 रुपये प्रति कुन्तल की दर से लागू की जाएगी। यह देशभर में भी न्यूनतम रेट हैं। इस व्यवस्था से उन्नत ई-पॉस मशीनों के साथ-साथ ई-कॉंटें के लिंकेज से लाभार्थियों को पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जा सकेगा एवं वितरण की मात्रा तत्काल ऑनलाइन विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित भी होगी। वितरण के समय लाभार्थियों को प्राप्त होने वाले खाद्यान्न की पावती भी हो सकेगी।

## एसएफजे की हिट लिस्ट में आए पच्चीस नाम

नई दिल्ली। हाल के दिनों में विदेशों में कई खालिस्तान समर्थक कार्यकताओं की हत्या से क्षुब्ध होकर अमेरिका स्थित प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नून ने शीर्ष भारतीय नेताओं, उद्योगपतियों और मशहूर हस्तियों के प्रति अपने समूह की नफरत को स्पष्ट कर दिया है। 31 अक्टूबर को समूह की हिट लिस्ट में शामिल 25 भारतीयों को भेजे गए एक ईमेल में एसएफजे प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत अन्य को जान से मारने की धमकी दी। ईमेल का विश्लेषण करते समय, खुफिया एजेंसियां अमिताभ बच्चन और कंगना रनौत जैसे बॉलीवुड अभिनेताओं के साथ-साथ मुकेश अंबानी और गौतम अडानी सहित कई शीर्ष उद्योगपतियों के नाम शामिल देखकर आश्चर्यचकित रह गईं।

# फुटकर में 80-85 रु. प्रति किलो प्याज

लखनऊ। घर से लेकर बाजार तक इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा में प्याज, टमाटर के बढ़े भाव हैं। इसके लिए मौसम और पैदावार में देरी के साथ बाजार की मनमानी भी जिम्मेदार है। पहले से वीआईपी चल रही अदरक के दाम 150 रुपये किलो से नीचे नहीं आ रहे हैं। इससे परेशान जनता की टेंशन प्याज, टमाटर की चढ़ी कीमत ने बढ़ा दी है। कुछ समय पहले प्याज की फुटकर कीमतें शहर के सभी इलाकों में एक साथ बढ़ीं और 60 रुपये तक पहुंच गईं। पुराना शहर, बाराबिरवा, आलमबाग में 60-70 रुपये किलो में प्याज बिक रहा है, जबकि हजरतगंज गोमतीनगर जैसे पॉश इलाकों में यह 80-85 रुपये किलो में मिल रहा है। टमाटर की कीमत 40-50 रुपये किलो तक पहुंच गई है। वहीं, थोक मंडी में प्याज की कीमत 55- 60 रुपये तो टमाटर की 15 से 20 रुपये किलो है। नरही हो या भूतनाथ या फिर आलमबाग की बाराबिरवा सब्जी मंडी, शायद ही कोई ऐसा खरीदार हो जो यह न पूछे कि प्याज, टमाटर इतना महंगा क्यों हो गया? इस पर दुकानदार यही जवाब देते हैं कि कुछ दिनों से, हमें मंडी से महंगा मिल रहा है। चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के



वरिष्ठ शिक्षक कृषि विशेषज्ञ डा. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य रूप से प्याज पुणे, नासिक से आता है। इंदौर, करनाल और झांसी-बांदा की बेल्ट में भी इसकी खेती होती है। महाराष्ट्र में नर्सरी समय से पहले और यूपी में देर से लगाई जाती है, यही वजह है कि वहां पैदावार जल्दी और यहां देर से होती है। कर्नाटक व राजस्थान से भी प्याज आता है। सितंबर के अंतिम दिनों में महाराष्ट्र में प्याज की खोदाई का समय था। उसी वक्त आंधी-पानी से प्याज खराब हो गया। महाराष्ट्र में प्याज की एन53 प्रजाति लगाई जाती है। इसमें सामान्य दिनों में बीमारियां कम लगती हैं, लेकिन यह बारिश का बोझ नहीं सहन कर पाती।

## पीएम मोदी-शेख हसीना ने किया तीन परियोजनाओं का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम शेख हसीना ने कहा, ...मैं हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए अपना आभार व्यक्त करती हूं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह खुशी की बात है कि एक बार फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं। हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में हमने मिलकर जो काम किया है, वह इससे पहले के दशकों में भी नहीं हुआ था। मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता की बहाली के लिए दोनों देशों के बीच दशकों से लंबित, जमीन सीमा समझौता किया गया और समुद्री सीमा संबंधी मामलों को भी सुलझाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों की साझा अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत-बांग्लादेश ने अवसंरचना और संपर्क के विकास पर विशेष बल दिया। पिछले नौ वर्षों में तीन नयी बस सेवाएं और तीन नयी रेल सेवाएं शुरू किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि साल 2020 से तो भारत-बांग्लादेश के बीच कंटेनर और पार्सल ट्रेन भी चल रही हैं। उन्होंने कहा, पिछले नौ वर्षों में समुद्री मार्ग को सवारी और माल के यातायात के लिए विकसित किया गया। इसी रास्ते से बांग्लादेश से त्रिपुरा के लिए निर्यात का रास्ता खुल गया है।

## भाजपा विधायक की लापता पत्नी बरामद

लखनऊ। सुल्तानपुर के लंभुआ से भाजपा विधायक सीताराम वर्मा की लापता पत्नी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। वह अपने इंदिरानगर स्थित घर से अचानक गायब हो गईं थीं। डीसीपी व उनकी टीम ने सफेदाबाद से उन्हें बरामद किया है।

विधायक सीताराम वर्मा की पत्नी मंगलवार सुबह घर से अचानक गायब हो गईं थीं। इसे लेकर विधायक के बेटे ने गाजीपुर थाने में केस दर्ज कराया था। पुलिस की कई टीमें उनकी तलाश में लगी थीं। डीसीपी नॉर्थ कासिम आब्दी ने बताया था कि विधायक सीताराम वर्मा का गाजीपुर सेक्टर-8 में घर है। जहां उनकी पत्नी पुष्पा वर्मा (65) परिवार संग रहती हैं। काफी तलाशने पर भी उनका पता न चलने पर बेटे सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज कुमार ने पिता को खबर दी।

# एप्पल आईडी से आए मैसेज से गरमाया सियासी गलियारा

## फोन हैकिंग के दावों को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया निराधार, कहा- झूठे आरोप लगा रहे विपक्षी नेता

नई दिल्ली। विपक्ष के कई नेताओं ने दावा किया है कि उन्हें एप्पल ने एक संदेश भेज कर चेताया है कि सरकार उनके फोन और ईमेल को हैक कर रही है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने लिखा कि एप्पल से मुझे चेतावनी भरा संदेश और ईमेल मिला कि सरकार मेरे फोन और ईमेल को हैक करने की कोशिश कर रही है, मुझे सरकार के डर पर दया आ रही है। महुआ मोइत्रा ने लिखा कि ऐसा संदेश उनके अलावा और भी कई नेताओं को मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महुआ मोइत्रा के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिव सेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी, आप के राघव चड्ढा, सीपीआई (एम) के महासचिव और पूर्व



सांसद सीताराम येचुरी, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस नेता और प्रवक्ता पवन खेड़ा, द वायर न्यूज वेबसाइट संस्थापक और कांग्रेस नेता शशि थरूर आदि को भी एप्पल से यह सूचना मिली है। भाजपा की ओर से निशिकांत दुबे ने विपक्षी नेताओं के आरोप पर कहा कि राहुल गांधी की तरह आरोप लगाकर विपक्षी नेता भाग रहे हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि एप्पल के स्पष्टीकरण का इंतेजार किया जाना चाहिए। महुआ मोइत्रा ने एक्स पर जिस पोस्ट में यह दावा किया है वहां मौजूद स्क्रीनशॉट्स में देखा जा सकता है कि एप्पल की ओर से उन्हें एक संदेश मिला है, जहां लिखा है, एप्पल का मानना है कि आपको स्टेट स्पोन्सर्ड हैकर्स द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, जो आपके एप्पल आईडी से जुड़े आईफोन को रिमोटली कंट्रोल के जरिए खतरे में डालने की कोशिश कर रहे हैं। संदेश में आगे लिखा है कि इस चेतवानी को गंभीरता से लें।

इन तमाम नेताओं को यह चेतावनी 30 अक्तूबर की रात 11:45 पर एक साथ मोबाइल पर डिलीवर हुई है। इस मामले को लेकर शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी गृहमंत्री को कोट ट्वीट करते हुए लिखा, आश्चर्य है यह कौन है? शर्म आनी चाहिए।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर लिखा, प्रिय मोदी सरकार, आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी ट्वीट कर एप्पल से मिली इस सूचना की जानकारी दी है।

# हलाल प्रमाण पत्र पर आए फैसले का स्वागत

**योगी का फैसला**

**प्रतिबंध को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने सराहा**

वाराणसी। 20 नवंबर 2023, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत वाराणसी की एक बैठक जगतगंज पर आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रदीप कुमार चौरसिया जी ने किया। बैठक का प्रारंभ संगठन मंत्र से हुआ। महामंत्री रंजीश विश्वकर्मा ने स्वर्ण जयंती वर्ष में होने वाले वर्ष पर्यन्त कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की और किस प्रकार यह कार्यक्रम होंगे इसकी रूपरेखा भी तय की।

अध्यक्ष डॉ. एस.एस. पांडे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने हलाल प्रमाण पत्र को प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया है। इस हलाल प्रमाण पत्र के प्रतिबंधित करने के लिए संगठन ने केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार से कई बार आग्रह किया था। जिसके फलस्वरूप कल प्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा हलाल सर्टिफिकेट पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो गया है। इस क्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार चौरसिया ने बताया कि हलाल प्रमाण पत्र जो शाकाहारी, मांसाहारी सहित अनेक अखाद्य पदार्थों पर उपयोग करने की अवैध अनाधिकार अनुमति कुछ संस्थाएं देकर अवैध धन उगाही कर रही थी, इसे बहुत पहले बंद हो जाना चाहिए था।

बतादें कि बैठक में उपाध्यक्ष द्वय शिशिर त्रिवेदी एवं राजेश डोगरा ने संगठन में कार्यकर्ता बढ़ाने हेतु सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए संगठन की कार्य प्रणाली पर चर्चा की। बैठक में कुणाल वर्मा, विजय दुबे, सौरभ सिंह, सुशील गुप्ता, रामेश्वर जोगी, राज नारायण, मनोज कुमार, कामेश्वर नाथ, डॉ. अमर सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में विशेष उपस्थिति प्रांत संगठन मंत्री श्री अरविंद कुमार की थी। अंत में कुणाल वर्मा द्वारा कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।

# रामलीला के कलाकारों की जिंदगी दिखाती फिल्म, दिल छूती कहानी

वाराणसी। इस हफ्ते कई ऐसी फिल्में सिनेमाघर में रिलीज हुई हैं जो सीमित बजट की थीं और स्टारडम की चमक-दमक से दूर मगर इन फिल्मों की कहानियों ने प्रभावित किया। ऐसी ही फिल्म है मंडली जो रामलीला के कलाकारों की निजी जिंदगी में झांकती है और पैसे के अभाव के बावजूद उनके जज्बे को सलाम करती है। फिल्म में पुरुषोत्तम एक कलाकार हैं, जो की रामलीला (भारत के हृदय स्थल में हिंदू धर्म ग्रंथ, रामायण पर आधारित एक संगीतमय मंच प्रदर्शन) में भगवान लक्ष्मण की भूमिका निभाता हैं और उसे अपने जीवन से भी बड़ा मानता हैं। वह अपनी पवित्रता को खराब करने वाली बुराइयों से लड़ते हुए बुरी तरह टूट जाता है, लेकिन अपनी ताकत से वह अपने सपने और जुनून को जीवित रखने के लिए 'राख से फीनिक्स की तरह' फिर से उठ खड़ा होता है।

फिल्म के विषय और उसकी गंभीरता के बारे में समाजसेवी बृजेश पांडे कहते है कि यह कहानी कुछ ऐसे कलाकारों के इर्द-गिर्द घूमती है जो संगीत नाटक रामलीला में काम करते हैं. प्राचीन एवं पवित्र हिन्दू धर्म ग्रन्थ रामायण, यह कलाकारों की अपनी कला में गहरी आस्था और रामायण में विश्वास और समाज के शक्तिशाली लोगों के बीच संघर्ष को प्रतिबिंबित करता है जो दर्शकों को आकर्षित करने के लिए अश्लील नृत्यों को शामिल करके अपने वित्त और व्यक्तिगत लाभ के लिए रामलीला का शोषण करते हैं। मंडली शक्ति बनाम



विश्वास के बारे में है।

हिंदी सिनेमा में कई फिल्मों में रामलीला का संक्षिप्त चित्रण देखने को मिला है। हालांकि, रामलीला में काम करने वाले कलाकारों की जिंदगी को बहुत कम ही कहानियों में पिरोया गया है। फिल्म 'मंडली' इसी विषय पर आधारित है। यह रामलीला में कार्य करने वाले कुछ कलाकारों के जीवन में घटी घटनाओं और उनके अनुभवों से प्रेरित है। कहानी रामलीला में काम करने वाले पुरु उर्फ पुरुषोत्तम चौबे (अभिषेक दूहन) की है। पुरु को उसके चाचा रामसेवक (विनीत कुमार) ने रामलीला में काम करने के प्रशिक्षित किया है। रामलीला में पुरु का चचेरा भाई सीताराम चौबे (अश्वथ भट्ट) राम की भूमिका में विख्यात है।

रामलीला में भीड़ जुटाने के मकसद से आयोजक पहले आइटम सॉन्ग का आयोजन करते हैं। रामसेवक इसके सख्त खिलाफ होते हैं। रामलीला के दौरान एक दिन सीताराम की गलती से उसका मंचन नहीं हो पाता है। उन्हें काफी अपमान का सामना करना पड़ता है। वहां बिट्टन कुमारी (आंचल मुंजाल) के साथ पहले अनबन होती है, फिर प्रेम उसके बाद विवाह। बिट्टन का कड़वा अतीत रहा है। घटनाक्रम मोड़ लेते हैं। ओंकार और पुरु के बीच रार छिड़ जाती है। सीमित बजट में बनी यह फिल्म रामलीला के पीछे की कई सच्चाई को बयां करती है, जिस पर शायद ही किसी की नजर जाती हो। मंडली इस कला के प्रति उदासीनता की ओर भी ध्यान इंगित करती है। पल्लव जैन, विनय अग्रहरि और राकेश चतुर्वेदी ओम द्वारा लिखी कहानी और उसके पात्रों की सादगी दिल को छू जाती है।

वहीं, राकेश चतुर्वेदी ओम द्वारा निर्देशित यह कहानी बीच-बीच में भक्ति के सागर में डुबो देती है। मंडली बताती है कि इस कला को जीवित रखने के कलाकारों में उसके प्रति कितना समर्पण, लगाव और भक्ति है। तकलीफों के बावजूद वह अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करते। कलाकारों के प्रति लोगों की मानसिकता को भी फिल्म स्पर्श करती है। फिल्म अपनी सभ्यता और संस्कृति को समेटने की ओर भी इशारा करती है। फिल्म का क्लाइमैक्स प्रभावी और शानदार है। आंचल ने अपने किरदार को बहुत खूबसूरती से निभाया है। विनीत कुमार की मौजूदगी असरदार है। उनके अलावा सहयोगी भूमिका में आए रजनीश दुग्गल, कंवलजीत, नीरज सूद अपनी छाप छोड़ते हैं। फिल्म का खास आकर्षण संदीप नाथ के लिखे गीत और राहुल मिश्रा का संगीत है, जो समां बांध देता है। रामलीला के लिए पंकज मुरारी मुद्गल का संगीत उल्लेखनीय है।

# धारदार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या



डीडीयू नगर। नगर क्षेत्र के लोको कालोनी स्थित एक बंद पड़े पोस्ट ऑफिस के पास शनिवार की सुबह एक युवक का खून से लथपथ शव मिलने से लोगों में सनसनी फैल गयी। मृतक के शरीर पर कई जगह धारदार हथियार के वार के निशान मिले। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले ली। पुलिस ने मौके पर मिले मोबाइल फोन, ब्लड और गिलास जब्त कर जांच में जुट गई है। मृतक के पेंट की जेब से मिले आधार और पैन कार्ड के अनुसार उसकी शिनाख्त इस्लाम पुर निवासी शाकिब नेहाल के रूप में हुई।

मृतक शाकिब नेहाल अलीनगर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर स्थित अपने ननिहाल में अपनी मां रोशन के साथ रहता था। लोगों ने बताया कि काफी समय से साकिब के मां-बाप अलग अलग रह रहे थे। शाकिब घर के ही पास एक मौलवी की गाड़ी चलाता था। कुछ दिनों से उसने कारपेंटर का काम करना शुरू कर दिया था। घर वालों के अनुसार रात में 08 बजे घर से कही चला गया था। शनिवार की सुबह उसका खून से लथपथ शव घर के पास लोको कालोनी स्थित एक बंद पड़े पुराने पोस्ट आफिस के पास पड़ा मिला। सूचना के बाद मुगलसराय कोतवाली और अलीनगर थाने की पुलिसफोर्स समेत सीओ अनिरुद सिंह, एडिशनल एसपी विनय सिंह मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए।

## शहीदगांव से लापता बालक का कुएं में मिला शव

धानापुर। क्षेत्र के शहीदगांव से चार दिन पूर्व लापता बालक अयान का शव शनिवार की सुबह कुएं में उतराया मिला। इसकी जानकारी होने ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्यवाही में जुट गई। शहीदगांव की रहने वाली जीनत महल का चार वर्षीय पुत्र अयान बीते 31 अक्टूबर को घर के बाहर बरामदे में खेल रहा था। कुछ देर बाद पता चला कि अयान घर में कहीं नहीं है।उसकी मां ने आस पास ढूंढने के बाद भी जब उसका कहीं पता नहीं चला तो वो पुलिस के पास गई और अपने बच्चे के लापता होने की बात बताई। उसका आरोप है कि पति ने ही उसके बच्चे को कहीं गायब कर दिया है। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी तभी शनिवार की सुबह घर के ही समीप सघन क्षेत्र के कुएं में किसी परिजन ने शव को उतराया हुआ देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अगली कार्यवाही में जुट गई। बेटे का शव का देखकर मां जीनत का रो रो कर बुरा हाल है और पति पर अपने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगा रही हैं। घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक डा.अनिल कुमार ने पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल की और स्थानीय पुलिस अधिनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर रामबीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक सकलडीहा विमलेश मौर्या, थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए हैं।



# मनोनय पत्र देकर किया सम्मानित



सकलडीहा, चन्दौली। स्थानीय राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय में समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला कमेटी, विधान सभा अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष को मनोनय पत्र देकर सम्मानित मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने कहाकि पदाधिकारी को अपने घरों पर पार्टी का झंडा के साथ ही दरवाजे पर नेम प्लेट लगाने की जरूरत है। पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के भरोसे लड़ाई लड़ने का काम कर रही है। आजादी के बाद भी पिछड़ों, दलितों का हक व अधिकार नहीं मिला। जनगणना की लड़ाई सिर्फ समाजवादी पार्टी लड़ रही है। ताकि जनसंख्या के आधार पर सबका अधिकार और हक मिल सके। विधायक प्रभुनारायण यादव ने कहा कि प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यको, महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं। देश में महंगाई, बेरोजगारी, के साथ ही अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र बिन्द ने कहा कि पिछड़े व दलित, अल्पसंख्यक समाज के लोगों का भला अगर कहीं है तो सिर्फ समाजवादी पार्टी में ही सन्निहित है। हम सभी लोगों को एकजुट होकर निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने थी जरूरत है। इस मौके पर मुख्य रूप से सत्यनारायण राजभर, महासचिव नफीस अहमद गुड्डू, मुसाफिर चौहान, इंद्रजीत शर्मा, रामविलास मास्टर, औसाफ अहमद, जलालुदीन, केदार यादव, आजाद पटेल, जितेंद्र बिन्द, मनोज प्रधान, निरंजन यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार...

### आनन्द सिंह बने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अध्यक्ष

चहनियां। कस्बा स्थित खण्ड विकास कार्यालय में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के चंदौली जिलाध्यक्ष वंशीधर निषाद ने चहनियां क्षेत्र पंचायत सदस्यों का ब्लाक अध्यक्ष आनन्द सिंह को दायित्व सौंपा। नवनियुक्त अध्यक्ष का प्रधानों व सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया। चहनियां स्थित ब्लाक सभागार में क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों का बैठक खण्ड विकास कार्यालय सभागार में क्षेत्र के विकास को लेकर हुई। बैठक में विकास संबंधी योजनाओं व संगठन पर चर्चा के बाद चहनियां कस्बा के क्षेत्र पंचायत सदस्य आनन्द सिंह को क्षेत्र पंचायत सदस्यों का ब्लाक अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष वंशीधर निषाद ने सर्वसम्मति से घोषित किया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जयकारे लगाते हुए माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कहा कि संगठन एकता के दम पर चलता है और यह एकता एक साथ रहकर आता है। विकास के कड़ी में कही न कही हम छोटे से क्षेत्र पंचायत सदस्य भी एक कड़ी है। नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि संगठन ने जो हमे जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन ईमानदारी से करूंगा। इस दौरान खण्डवारी प्रधानपति सतीश गुप्ता, प्रधान आशुतोष सिंह, नरेंद्र गुप्ता, रमाकांत राम, विकास राय, प्रेम शंकर, अक्षय यादव, वंशीधर निषाद, सुनील राम, अनुराग यादव, अभिषेक मिश्र, मनोज यादव, संजय राम, कलीम अहमद, सतीश यादव आदि प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

### अफसरों ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

चंदौली। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सदर एसडीएम मनोज कुमार पाठक व नायब तहसीलदार दिनेश कुमार शुक्ला ने मतदान केंद्र और बूथों का निरीक्षण किया।वहीं निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर और बीएलओ को मतदाता सूची दुरुस्त करने संबंधी निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार ने कहा कि सभी बीएलओ बूथ पेपर दुरुस्त कर लें। जिन लोगों ने नाम मतदाता सूची में जोड़ना है उसका फार्म-6 भरावाए। जिस घर के मृतक है और उसका नाम मतदाता सूची में है तो उसका फार्म-7 भरवाया। सूची में नाम संसोधन के लिए फार्म-8 भरवाया जाए।

### खेलकूद से होता है सर्वांगीण विकासः कैलाश

चकिया। आदित्य नारायण राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में शनिवार कि दोपहर परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता और खेल एथेलेटिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य अतिथि विधायक कैलाश आचार्य और नगर अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव संयुक्त रूप से झंडारोहण कर और कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के खेल प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं को खेल जगत में भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय प्रथम के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, शिव तांडव के अलावा विशेष पीटी का प्रदर्शन किया गया। खंड शिक्षाधिकारी रामटहल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि डॉ. केशवमूर्ति सिंह पटेल, बादल सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष लालजी, शिक्षक संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता, राजेश पटेल, चंद्रभान, मृत्युंजय सिंह, नर्वदेश्वर मिश्र, राधेश्याम सोनकर आदि रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में चार वादों का निस्तारण

चकिया। तहसील सभागार में शनिवार को अपर जिलाधिकारी अभय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 30 प्रार्थना पत्र पड़े जिनमें से चार प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समय रहते प्रार्थना पत्रों के निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान एडिशनल एसपी नक्सल सुखराम भारती, उप जिलाधिकारी कुंदन राज कपूर, तहसीलदार सुरेश चंद्र आदि लोग रहे।

### विधायक रमेश ने सड़क का किया लोकार्पण

डीडीयू नगर। मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा सिकंदरपुर में 6.80 लाख की सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक रमेश जायसवाल ने देवतुल्य जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की गति रुकने नहीं दूंगा। चाहे सड़क और नाली का मामला हो धन आड़े आने नहीं दूंगा। यदि जनता किसी भी समस्या व सुझाव को लेकर मेरे पास आती है तो उसे गंभीरता के साथ लिया जाएगा और प्रयास होगा कि जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य हो। मौके पर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र बिंद, ब्रिजेश बिंद, हरिद्वार गुप्ता, रामधार गुप्ता, संजय कन्नौजिया उपस्थित रही।

# मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील



चंदौली। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रथम विशेष तिथि चार नवंबर के अवसर पर शनिवार को क्षेत्र के भारतीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बरठी के छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सकलडीहा प्रभुनाथ यादव ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, यहां जनता मतदान के द्वारा अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। मतदान करने के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। अतः जिनकी उम्र 01 जनवरी, 2024 को 18 साल या उससे अधिक हो रही हो, वे अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज कराएं। विशिष्ट अतिथि जिला दिव्यांग स्वीप आइकॉन राकेश यादव रौशन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर, 2023 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नाम में संशोधन कराने या किसी के मृत हो जाने पर मतदाता सूची से उसका नाम हटाने के लिए आयोग द्वारा अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने छः विशेष तिथियां निर्धारित की हैं, जो 4-5 नवंबर, 25-26 नवंबर और 2-3 दिसंबर हैं।

इस तिथियों पर पूरे दिन बीएलओ अपने बूथ पर उपस्थित रहकर पुनरीक्षण का कार्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि स्वीप सहयोगी फैयाज अहमद ने छात्र-छात्राओं से अपील किया कि वे अपने घर, आस-पास में ऐसे लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक करें, जिनकी आयु 01 जनवरी, 2024 को 18 साल हो रही है। उन्होंने आगे बताया की इसके लिए वे बीएलओ के साथ ही आयोग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा नाटक और लोकगीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का संदेश दिया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह ने और संचालन शिक्षक कैलाशपति पांडेय ने किया। मौके पर लेखपाल चंद्रभूषण सिंह, सुरेश प्रसाद, शरदचंद्र विवेक, प्रवीण तिवारी, सुबदा भारती, चंद्रनारायन व बीएलओ उपस्थित रहे।

**दिव्यांग युवक को संस्था ने प्रदान की ट्राई साइकिल :** डीडीयू नगर। नगर की सेवा सामाजिक संस्था ने चकिया बरौझी निवासी कीर्तन एक दुर्घटना में घायल हो गया था। संस्था ने पीड़ित को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। अपंगता के कारण कीर्तन चल फिर नहीं रहा था। जिससे संस्था ने उसे ट्राई साइकिल प्रदान किया। जिससे पीड़ित परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सतीश जिंदल ने कहा कि समाज सेवा मानव का सबसे बडा धर्म है। कहा कि संस्था गरीब कमजोर लोगों की सेवा आगे भी करती रहेगी। इस दौरान आलोक सिंह, आशा राम यादव,संजय राय, आशीष कुमार लक्ष्य, राजकुमार जायसवाल मौजूद रहे।

## अरहर के खेत से वन विभाग ने बरामद की सागौन की लकड़ी

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के लालपुर गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सहित उनके पांच साथियों के विरुद्ध वन विभाग के वन दरोगा राम आशीष के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रदीप और उसके साथियों द्वारा बीते 26 अक्टूबर को अरहर के खेत में छुपा कर रखे गए अवैध सागौन के बोटे को बरामद करने गई वन विभाग की टीम के साथ गाली गलौज और बदसलूकी की थी।

चकिया रेंजर अश्वनी चौबे ने बताया कि 26 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लालपुर गांव के सिवान में अरहर के खेत में 6 बोटा सागौन की कीमती लकड़ी तस्करी कर छुपा कर रखी गई है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन दरोगा रामअशीष के नेतृत्व में टीम को मौके पर भेज कर लकड़ी को कब्जे में लेने का प्रयास किया गया। जिस पर लालपुर गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप उर्फ सोनू सहित उनके साथी मुखई, राजेंद्र, कल्लू और लाल बाबू वन कर्मियों से उलझ गए और जब वन विभाग की टीम खेत से लकड़ी निकलने लगी तो लकड़ी को ले जाने से मना करने लगे। मामला बिगड़ता देख वन दरोगा ने तत्काल मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही प्रधान प्रतिनिधि सहित उसके साथी मौके से फरार हो गए। रेंजर ने बताया कि वन दरोगा रामअशीष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने प्रधान सहित उसके साथियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 147 353 506 और वन अधिनियम की धारा 26/1 एफ में मुकदमा दर्ज कर लिया है वह उन्होंने बताया कि प्रदीप कुमार उर्फ सोनू बिना के ऊपर पहले भी वन विभाग द्वारा पांच बार वन अधिनियम के धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है।

# शैक्षणिक आकलन से छात्रों में आता है निखारः निदेशक



सकलडीहा। क्षेत्र के भोजापुर स्थित एक स्कूल में छात्रों का शैक्षणिक ऑकलन के लिये गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने कक्षा एक से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं का शैक्षणिक आंकलन करते हुए प्रश्न उत्तर का प्रमाण पत्र वितरण किया। इस मौके पर शिक्षक सहित छात्र और अभिभावक मौजूद रहे। राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा लगाता शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये नवाचार कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में बीएनसीसी स्कूल में छात्र अभिभावक गोष्ठी के दौरान छात्रों के शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया गया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वालों को छात्र छात्राओं का सराहना किया गया। कम अंक पाने वाले छात्रों को बेहतर अंक लाने के लिये टिप्स दिये गये। निदेशक डा. अखिलेश अग्रहरी ने बताया कि शैक्षणिक आकलन से बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता में बेहतर होता है। शिक्षकों के साथ अभिभावकों का प्रयास रंग लाता है। मौके पर प्रधानाचार्य डा. आशुतोष, अविनाश, मंजू, बंशीधर, विनोद, राजीव, अजय भारती, अभय, चंदन, संतोष, संध्या, सदा, शबाना, संगीता, वीणा आदि रहे।

# रसोइयों को नहीं मिला मानदेय



इलिया। जनपद के परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए भोजन पकाने वाली रसोइयों के लिए यह दीवाली बेरंग गुजरेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि बीते अप्रैल महीने से इन रसोइयों को सरकार ने मानदेय नहीं दिया है, जिससे गरीब रसोइयां आर्थिक संकट से गुजर रही है। स्थिति है कि वह अपनी दैनिक जरूरतें भी पूरी नहीं कर पा रही है। जैसे-तैसे परिवार चल रहा है, लेकिन बार-बार गुहार के बाद भी शासन-प्रशासन की उदासीनता न रसोइयों की मुश्किलें हर दिन बढ़ा रही है।

चन्दौली में 1185 परिषदीय विद्यालयों में लगभग कुल 4400 रसोइया कार्यरत है। परिषदीय स्कूलों में मिड-डे-मील बनाकर दोपहर के समय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को परोसने वाली रसोइयों को कई महीने से भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस कारण उन्हें आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रसोइयों का अप्रैल के बाद भुगतान नहीं मिला है। इस बीच दशहरे के पर्व को जैसे तैसे मनाने वाली रसोइयों के लिए दीपावली भैया दूज, छठ जैसे आने वाले त्यौहार भी फीका ही बीतेगा। क्योंकि इन रसोईया-सह-सहायकों में से 90 प्रतिशत महिलाएं है, जिनमे एकल महिलाएं और विधवाएं हैं, जो पूरी तरह से अपने मासिक मानदेय पर निर्भर हैं। इन रसोईयों को पहले 1000 रुपये मानदेय मिलता था, लेकिन बाद में इसे बढ़ा कर 1500 रुपये दिए जाने लगे। अब रसोइयों को 2000 रुपये मानदेय दिया जाने लगा है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रसोइयों के मानदेय का कुछ बजट आ गया है। पूरे शनिवार को डेढ़ महीने का मानदेय लगा दिया गया है। बजट आने पर शेष मानदेय भुगतान कर दिया जाएगा।

बताया कि पूरे प्रदेश में रसोइयों का मानदेय रुका हुआ है। शासन से बजट प्राप्त होते ही मानदेय वितरित कर दिया जाएगा।

## मुगलसराय में अतिक्रमण हटाने की उठी मांग

डीडीयू नगर। देवेंद्र नाथ श्रीवास्तव मकान नंबर 05 ईस्टर्न बाजार राम मंदिर निवासी ने आरोप लगाया है कि मेरे मकान के पश्चिम दिशा में मंदिर संचालकों द्वारा मकान के पश्चिम की चार फुट जमीन पर पेड़ पौधे लगा कर अतिक्रमण कर लिया है। कहा कि इस भूमि पर पिछले 55 वर्षों से मेरे मकान का सेप्टिक टैंक है और नाली की पाइप लाइन गई है। मंदिर संचालकों ने चार फुट खाली पड़ी भूमि पर ट्री गार्ड लगा कर पेड़ पौधे लगा दिए गए हैं। मेरे द्वारा मना किए जाने पर उक्त लोगों द्वारा जबरन इसे मंदिर की जमीन बताया जा रहा है। इतना ही नहीं मंदिर परिसर में सार्वजनिक कुएं का अगस्त 2020 में नपा के तत्कालीन सभासद अशोक द्वारा 8 लाख की लागत से सुंदरीकरण का कार्य कराया गया था। मंदिर के लोगों ने कुएं को पाट कर वहां दुकानों का निर्माण करा दिया गया है। जबकि धार्मिक आयोजनों में कुएं पर सैकड़ों की संख्या में लोग स्नान आदि कर पूजन अर्चन करते थे।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 353 मरीजों ने करवाया अपना रजिस्ट्रेशन



चन्दौली। सेमरा, शहाबगंज मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आर.के नेत्रालय महमूरगंज वाराणसी द्वारा लगातार प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन इस शनिवार भी किया गया जिसमें 353 मरीजों ने अपना अपना रजिस्ट्रेशन करवाया।शिविर की शुरूवात महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में उपस्थित मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सत्यानंद रस्तोगी ने। अपने उद्बोष में कहा अपने अस्तित्व को संसार हित में बलिदान कर देने से जिस महान धर्मफल की प्राप्ति होती है, उसकी तुलना अन्य धार्मिक कर्मकांडों से नहीं की जा सकती। प्रसिद्ध सन्त मोओतजे कहा करते थे कि यदि मेरे शरीर को पीसकर चूर्ण बना लेने में संसार के एक भी प्राणी का भला हो सकता है तो मैं उसके लिये सहर्ष तैयार हूँ और धन्य हैं वे लोग जो सेवा में अपना जीवन लगा देते हैं वहीं शिविर को संशोधित करते हुए पं.रामबोला तिवारी ने कहा कि हमारे लिए गरीबों के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ भी नहीं है। शिविर में भोजपुरी के जाने माने कवि राजेश विश्वकर्मा 'राजू' ने अपनी कविताओं से समां बांधा तो वहीं उभरते हुए बिरहा सम्राट चन्दन यादव ने अपनी गीतों से लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। शिविर का संचालन सुबाष विश्वकर्मा ने और आभार सुमंत कुमार मौर्य ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से संजय कुमार सिंह (अध्यक्ष मातृभूमि सेवा ट्रस्ट)कृष्णा दुबे, डा.मनोज, डा.अजय, राजेश सिंह, अलख सिंह,पवन, सावन, गब्बर विश्वकर्मा, मो तसलीम, आयुष,मोछू रामनिवास प्रधान, अमरनाथ, शशिभूषण तिवारी, राकेश सिंह, अजय, संजय पाल, नीलू सिंह, सुनील चौहान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## गहमागहमी के बीच चहनियां ब्लॉक में बैठक सम्पन्न

चहनियां। विकास खंड चहनिया ब्लाक मुख्यालय क्षेत्र पंचायत सभागार में शुक्रवार की शाम को ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य,ग्राम प्रधान संघ, जिला पंचायत सदस्य बैठक में शामिल रहे। बैठक में विकास कार्य को लेकर गहमा-गहमी के बीच चर्चा किया गया। मनरेगा योजना ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत का लेबर बजट अनुमोदन वर्ष 2023-24, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पेयजल स्पेशल कम्पोनेन्ट, अम्बेडकर विशेष रोजगार, वृद्धा, निराश्रित महिला, दिव्यागंजन पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, स्वच्छ भारत मिशन, रवि/खरीफ अभियान, सूखा राहत, नहर, बंधी, हैंडपंप स्थापना, पंचम राज्य वित्त, 15वां केंद्रीय वित्त आयोग योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 23-24 में कराये जाने वाले कार्यों को लेकर बहुत ही गहमागहमी चल रही थी। इसी दौरान विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि बैठकों में खानापूर्ति हो रही है। यहां जितने भी कार्य कराये गये पुष्टि नहीं हुई है। बैठक में अधिकारी मौजूद नहीं है। बैठक निरस्त करने का आदेश दिया जाय। वहीं ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि जिसको जाना है जाय बैठक होगी। इस दौरान डीसी मनरेगा रविन्द्र कुमार, सीडीपीओ मीना, आलोक कुमार, एडीओ आईएसबी, रवी सिंह एकाउंटेंट जितेन्द्र कुमार, राजन, क्षेत्र पंचायत सदस्य आंनद सिंह, नरेंद्र गुप्ता, सुनीता, साधना, ग्रामप्रधान सिंह जयराम, सतिश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य अजीत यादव, सायरा बानो,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने सुनी लोगों की समस्या



सकलडीहा, चंदौली। धानापुर ब्लाक सभागार में सैयद राजा विधायक सुशील सिंह द्वारा प्रतेक रविवार को उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होते हुए समस्याओं के निदान का कार्य किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को धानापुर ब्लाक सभागार में फरियादियों की जबरदस्त भीड़ देखने को प्राप्त हुई। जहां समयानुसार सैयदराजा विधायक सुशील सिंह के द्वारा उपस्थिति दर्ज कराते हुए सभी फरियादियों की समस्याओं से अवगत होते हुए कुछ मामलों के तुरंत निस्तारण के साथ संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। वहीं कुछ मामलों को अपने अधीनस्थों के माध्यम से निस्तारण कराने का भरोसा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत माह पूर्व सैयद राजा विधायक द्वारा जन समस्याओं के निवारण हेतु एक मुहिम चलाई गई थी। जिसके क्रम में प्रत्येक रविवार को क्षेत्र की जनता की समस्याओं से अवगत होते हुए जन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है। और तब से लेकर अभी तक सैयदराजा विधायक द्वारा इस मुहिम को जारी रखा गया है।



# शहर में सुबह सात से रात 10 तक ट्रैक्टर प्रतिबंधित

## हो रहे हादसों व वीवीआईपी मूवमेंट के चलते पुलिस ने खींची लक्ष्मण रेखा, लगातार हो रहे हादसे होंगे कम

वाराणसी। ट्रैक्टर से शहर में लगातार हो रहे हादसे व वीवीआईपी मूमेंट के चलते वाराणसी कमिश्नरेट ने शहर में ट्रैक्टर प्रवेश के लिए नये नियम बना दिये,इस नियम के तहत ट्रैक्टर रात 10 बजे से सुबज सात बजे तक शहर में प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस उपायुक्त यातायात विक्रान्त वीर की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि वाराणसी शहर एक प्राचीन धार्मिक स्थल है, तथा वर्तमान समय में नव निर्मित काशी विश्वनाथ कॉरिडोर होने के कारण भारत के अन्य प्रान्तो व अन्य जनपदो से अत्यधिक संख्या में दर्शनार्थी/ श्रद्धालुगणों का आवागमन होता रहता है। सर सुन्दर लाल हॉस्पिटल (बीएचयू) तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का भी आवागमन होता है, जिसके कारण



**यहां होगी नो इंट्री**

सन्दहा अण्डरपास, आजमगढ़ अण्डरपास, सिन्धौरा अण्डरपास, हरहुआ चौराहा, मोहन सराय, अमरा अखरी, टेंगरा मोड़, राजघाट रमना पुलिस चौकी, डाफी।

वाराणसी शहर में यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है।

जिसके दृष्टिगत वाराणसी नगर क्षेत्र में सार्वजिनक मार्गो पर व्यवस्था बनाये रखने के निम्मित पुलिस अधिनियम 1861 के धारा 31 में प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए नगर क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली के लिए नया निर्देश जारी किया गया जा रहा है जिसके तहत वाराणसी नगर सीमा में नो इन्ट्री के समय प्रातः 07.00 बजे से रात्रि 22.00 बजे तक ट्रैक्टर का प्रवेश वर्जित किये जाते हैं।

**आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाले पर मुकदमा : वाराणसी।** इंस्ट्राग्राम के माध्यम से मित्रता और रिलेशनशिप का खेलने के बाद ही धोखे से आपत्तिजनक वीडियो बनाकर रिस्ते को दागदार करते हुए उसे वायरल करने के मामले में गोलघर कचहरी निवासिनी भयभीत पीड़िता ने कैन्ट थाने में तहरीर दी। कैण्ट पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़िता के अनुसार आर्यन सिंह निवासी टकटकपुर करीब चार वर्षो से इन्स्ट्राग्राम के माध्यम से एक दूसरे के सम्पर्क में हैं और दोनो रिलेशनशिप में भी थे। रिलेशनशिप के दौरान आर्यन सिंह ने बिना बताये प्रार्थिनी के अश्लील विडियो व अश्लील चित्र खीच के रख लिया तथा आये दिन डरा धमकाकर जबरदस्ती उसके साथ सम्बन्ध बनाता रहा। धमकी भी देता है कि अगर इस सब बातों को तुम कहीं शिकायत करोगी तो तुम्हारा सारा विडियो, चित्र सोशल मिडिया पर वायरल कर दूँगा।

पीड़िता का आरोप है कि बार बार अपने कमरे पर आने का दबाव बनाता है। उसकी बात न मानने पर आर्यन ने 26 अक्टूबर को अश्लील विडियो व चित्र इन्स्ट्राग्राम पर अपनी आई.डी. शिवि 14098 से उसके दोस्तों को टैग करके शेयर कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कैण्ट पुलिस ने आईटी एक्ट सहित धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया।

**पंखे से लटककर विवाहिता ने दी जान : रामनगर।** भीटी में शनिवार की सुबह एक विवाहिता ने पंखे के कुंडी से फांसी लगाकर जान दे दी। राजू कन्नौजिया पत्नी वंदना के साथ भीटी में रहता है। वंदना की शादी चार वर्ष पूर्व भीटी के राजू के साथ हुई थी। शनिवार की सुबह जब देर तक वंदना के कमरे का दरवाजा नही खुला तो परिजनों ने किसी तरह दरवाजा तोड़ा और अंदर घुसे। अंदर वंदना रस्सी के सहारे पंखे से लटक रही थी। लोगों ने उसे नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर वंदना के मायके वाले भी पहुंच गये। वंदना के पिता गिरजा प्रसाद कन्नौजिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में पति राजू समेत अन्य परिजनों पर दहेज के लिए वंदना को प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

### 355 यूनिट रक्तदान कर बनाया नया कीर्तिमान

वाराणसी। बीएनआई के छठें स्थापना दिवस पर आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में 355 यूनिट रक्तदान कर नया कीर्तिमान बनाया गया। श्री शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल समेत निजी अस्पताल में आयोजित शिविर में बीएचयू टीम के सहयोग से इसका आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. उषा गुप्ता और विजय रमन सेठ ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. समीर गुप्ता और डॉ. दीपाली ने युवाओं से आह्वान किया कि इस तरह से लोगों की मदद कर जिंदगी बचा सकते हैं। शिविर में सीएमओ संदीप चौधरी ने रक्तवीरों को प्रमाण-पत्र दिया गया। इस दौरान राजेश गुप्ता, संजय बनर्जी, सीमा आसवानी, पीयूष अग्रवाल, आशुतोष गुप्ता मयंक अग्रवाल, ओमप्रकाश, विवेक केशरी, रितेश अग्रवाल, प्रतीक लालवानी अनशित गिनोदिया, रोहित गुप्ता आदि ने सहयोग किया। संचालन अमन मेहरा चेयरपर्सन, स्वागत आयुष नरसरिया ने किया।



### नातिया मुकाबले में की पेशकश

वाराणसी (मोहम्मद इरफान)। बीते शनिवार रात्रि को कमेटी अहमद ए रसूल चौरहट नई बस्ती पीरु शहीद बाबा, पड़ाव में नातिया मुकाबला का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी सदारत मौलाना निजामुद्दीन कादरी झारखंड और निजामत गुलजार बनारसी ने की। कमेटी की सदर मोहम्मद रिजवान, चंद, आमिर रेहान, सामी, सुफियान, भोलू, राजू कुरैशी तमाम लोग मौजूद थे।

जिन्होंने अंजुमन के प्रोग्राम का आगाज किया बाबा पीरु सहित पड़ाव चौरहट नई बस्ती में तमाम शहर बनारस की अंजुमनों ने हिस्सा लिया जिसमें पहला अंजुमन गुलाम आने वारिस खजूर वाली मस्जिद नई सड़क, दूसरी अंजुमन तजुर्मानि इस्लाम हड़हासराय, तीसरी अंजुमन इरफानिया पठानी टोला, चौथी अंजुमन असबे मोहम्मद जलालपुर, पांचवी बहरे सरिया दोषीपुरा, छठी अंजुमन सिराजुल इस्लाम चेतानपुरा तमाम अंजुमनों को उनके नमाज से नवाजा गया। इसी के साथ अंजुमन का एतमान किया गया जो सुबह फजर तक चला।



### तीन लाख के मोबाइल पार्ट्स पुलिस ने किया बरामद

वाराणसी। चौक पुलिस ने शनिवार को जांच के दौरान दो पार्सल गत्ता (जिसमें लगभग 3 लाख रुपए का मोबाइल का सामान) को बरामद किया, इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त एक बाइक को भी बरामद करते हुए शातिर चोर को भी गिरफ्तार किया।

चौक थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त जोन काशी के आदेश के क्रम में अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के कुशल नेतृत्व में जांच के दौरान अभियुक्त अरविन्द कुमार सिंह (30 )पुत्र विरेन्द्र सिंह नि. बागोडीह सरीया गिरीडीह झारखण्ड को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी के दो पार्सल भी बरामद किया गया। बताया कि बीते दो नवम्बर को हाजी मो. रफीक ने शिकायत दर्ज कारायी थी कि घुघरानी गली स्थित उनके मोबाइल के दुकान से दो कार्टून पार्सल चोरी हो गये। जिसमें मोबाइल के पाटर्स थे। शिकायत दर्ज करायी थी कि गायब हुए माल की कीमत लगभग तीन लाख दस हजार रुपये है। इस संदर्भ में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की गयी, विभिन्न स्थानों पर लगाये गये सीसीटीवी के माध्यम से तस्दीक कर उपरोक्त चोर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, आलोक कुमार यादव, अरविन्द कुमार, यशवन्त सिंह, पवन कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार पाण्डेय शामिल रहें।

### आयकर-जीएसटी कानूनों में सुधार पर करेंगे चर्चा

वाराणसी। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिसनर्स, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन वाराणसी, जीएसटी बार एसोसिएशन वाराणसी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स वाराणसी चैप्टर के संयुक्त बैनर तले पांच नवम्बर को श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के मल्टीपरपज हॉल में नेशनल टैक्स कांफ्रेंस 'ज्ञान कुंज' का आयोजन पांच नवम्बर को किया गया है। आयकर भवन स्थित इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के सभागार में गुरुवार को मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए संगठन अध्यक्ष आसिम जाफर, महासचिव आशुतोष भारद्वाज, एआईएफटीपी नार्थ जोन चेयरमैन ओपी शुक्ला, कांफ्रेंस चेयरमैन आनंद कुमार पांडेय, अरविंद शुक्ला आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश राजेश बिंदल व विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल होंगे।

# यातायात के प्रति किया जागरूक

## डीएल सहित बाइक व स्कूटी की स्पीड के प्रति दी जानकारी

वाराणसी। यातायात माह के दौरान शनिवार को छात्राओं को जागरुक करते हुए उन्हें सुरक्षित यात्रा के नियमों के बारे में जानकारी दी गयी। यातायात पुलिस कमिश्नरेट-वाराणसी द्वारा पुलिस उपायुक्त यातायात विक्रान्त वीर, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त यातायात विकास श्रीवास्तव के नेतृत्व में यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से समस्त सर्किल प्रभारी एवं यातायात कर्मियों द्वारा ट्रैक्टर, आटो, ई-रिक्शा चालकों एवं आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया, तथा उ.नि. यातायात देवानन्द बरनवाल द्वारा जीजीआईसी मलदहिया में छात्राओं को यातयात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



उन्हें हेलमेट की उपयोगिता, डीएल की विशेषता के बारे में जानकारी देते हुए बाइक व स्कूटी की स्पीड के बारे में भी बताया गया।

**ट्रैक्टर चालकों पर भी की गई कार्रवाई:** यातायात निरीक्षक सर्किल सारनाथ द्वारा ट्रैक्टर चालकों को वाहन संचालन के दौरान वाहन चालक द्वारा की गयी गलतियों के कारण होने वाली दुर्घटना को कम करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रैक्टर के विरूद्ध सीज की कार्यवाही की गयी। यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आटो, ई-रिक्शा चालकों को वाराणसी नगर क्षेत्र के चौराहों, तिराहों से कम से कम 100 मीटर दूर व किनारे सवारी बैठाने व उतारने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

## संक्षेप समाचार...

### गनर मांगने का मामला पहुंचा कैंट थाने

वाराणसी। केंद्र सरकार के दो मंत्रालय से सम्बंधित एक अधिकारी के हस्ताक्षर लेटर पैड पर जनपद को ई-मेल से पत्र भेजकर प्रोटोकाल के अन्तर्गत सरकारी सुरक्षा व्यवस्था हेतु गनर प्राप्त करने का मामला कैन्ट थाने पहुँचा। धोखाधड़ी कर अनूप द्वारा अनाधिकृत रूप से फर्जी अभिलेख तैयार कर सरकारी सुविधा के रूप में गनर प्राप्त किया गया है। अनूप चौधरी उपरोक्त द्वारा सदस्य उत्तर रेलवे, रेल मंत्रालय, भारत सरकार व सदस्य भारतीय खाद्य निगम, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण उपभोक्ता मंत्रालय भारत सरकार के अपने लेटर पैड पर अपने निजी गैरसरकारी विशेष कार्याधिकारी श्रीनिवास नरला के हस्ताक्षर से जनपद वाराणसी में भ्रमण कार्यक्रम का कूटरचित पत्र भेजा और अनाधिकृत रूप से प्रोटोकाल के अन्तर्गत सरकारी सुविधा प्राप्त किया। कैण्ट पुलिस ने आरोपी अनूप के खिलाफ जांच कर मुकदमा दर्ज कराया।

### छत के रास्ते घुसे चोर नगदी जेवरात लेकर फरार

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव में रहने वाले संजय कुमार राय के घर में देर रात छत के रास्ते घुसे चोरों ने चोर 35 हजार रुपये नगद और लगभग दो लाख कीमत का जेवरात उठा ले गए, घर में चोरी होने की जानकारी शनिवार की सुबह होने के बाद पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर रमना चौकी प्रभारी पहुंचे। छानबीन कर वापस लौट गए संजय सिगरा इलाके में एक निजी अस्पताल में नौकरी करते हैं। शुक्रवार की रात परिजन खाना खाकर सो गए। छत के रास्ते चोर घर में प्रवेश किया। एक कमरे में अलमारी में रखा जेवरात नगदी लेकर फरार हो गए।

### खनन करने के मामले में मुकदमा

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में अवैध खनन करने के मामले में जीडीवाइ कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर सीर गोवर्धनपुर के रहने वाले राहुल यादव और जीएसकोटीक्स के प्रोपराइटर धर्मेंद्र प्रताप शाही के विरुद्ध खनन अधिकारी प्रशांत शर्मा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। रमना में चल रहे वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में मिट्टी के भराव हेतु अनुमति राहुल यादव ने खनन अधिकारी से लिया। और धर्मेंद्र ने भी रमन प्लांट में मिट्टी डलवाने के लिए परमिशन टिकरी इलाके से उठने के लिए लिया था। जहां दोनों ने नियम के विरुद्ध खनन करने के लिए आवंटित किए गए जगह को छोड़कर जंगल और सरकारी जमीन से मिट्टी का खनन नियम के विरुद्ध जाकर किया। जिसकी शिकायत टिकरी गांव के रहने वाले ग्राम प्रधान सूर्य देव कुशवाहा अधिवक्ता अनंत नारायण पांडे नीरज सिंहने अवैध खनन होने की शिकायत किया था।

### मोबाइल व पैसा चोरी करने वाला धराया

वाराणसी। दशाश्वमेध पुलिस ने मोबाइल व पैसा चोरी करेन वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। दशाश्वमेध थानाध्यक्ष ने बताया कि उपरोक्त संदर्भ में लिये गये मुकदमे के तहत की जा रही जांच के दौरान ही अभियुक्त संजय बिन्द(48) पुत्र स्व. बालरूप निवासी भबुआ कौमूर को राजेन्द्र प्रसाद घाट से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी की तीन मोबाइल व चोरी के 25 सौ रुपये भी बरामद किये गये।

### रंजिश में युवक को पीटा

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के मंगारी स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप दबंगो ने पिंडरा निवासी मोनू नामक युवक को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस को दिए तहरीर में मोनू पांडेय निवासी पिंडरा ने आरोप लगाया कि वह शनिवार को दोपहर 2 बजे मंगारी बाजार से घर लौट रहा था तभी प्राथमिक विद्यालय के समीप पुरानी रंजिश को लेकर लात घुसे व डंडे से मारा पीटा। आसपास के लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पिटाई से उसके सिर व हाथ पैर में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलवस्था में पुलिस ने उसका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कराया गया। उसके बाद रेफर कर दिया गया। वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर कैथौली निवासी दो सगे भाइयों आदित्य सिंह व अंशु सिंह तथा वैभव सिंह समेत दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### मंदिर से चोरी करने का खुलासा

वाराणसी। पाण्डेयपुर स्थित दुर्गा माता मन्दिर के दानपात्र का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने की घटना को लालपुर पुलिस ने चौबीस घण्टे के अंदर खुलासा किया। पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का रूपया व घटना में प्रयुक्त औजार भी बरामद कर लिया है। लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस के अनुसार मुखबीर की सूचना पर राजा कुमार,अनिल कुमार व हरेंद्र बिंद निवासी कुनई थाना धनगाई,भोजपुर आरा बिहार को शुक्रवार की देर रात एसटीपी आजमगढ़ रोड के पीछे दुर्गा माता मन्दिर के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। कब्जे से चोरी का कुल 2811 रुपया नकद सहित पेंचकस व लोहे की छेनी बरामद किया गया। टीम में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार, उ.नि. ओम नारायण शुक्ला, उ.नि. अरविंद यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

वाराणसी। चेतगंज पुलिस ने शनिवारको चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चेतगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के दौरान मिली सूचना के आधार पर अभियुक्त रितेश प्रजापति (24) पुत्र गोविन्द रोहनिया को गिरफ्तार किया गया। बताया कि अभियुक्त पर चोरी का आरोप है। जिस संदर्भ में मुकदमा लिखवाया गया था।

### सड़क जाम करने के आरोप में 13 पर मुकदमा

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बाजार के समीप हाइवे पर सड़क दुर्घटना मे मौत पर आक्रोशित ग्रामीण महिला व पुरुषों द्वारा सड़क जाम करने व शांति व्यवस्था भंग के आरोप मे एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के ऊपर नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बताते चलें कि रघुनाथपुर निवासी संजय पटेल 40 वर्ष और उसके पुत्र अंश पटेल 10 वर्ष सड़क दुर्घटना में दो दिन पूर्व घायल हो गए थे। जिसमें पिता की मौत हो गई और पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया था। स्पीड ब्रेकर, लाइट ओवरब्रिज व मुआवजें की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए नेशनल हाईवे संख्या 31 को एक घण्टे तक जाम कर दिया था।

### शिवम ने एकल नृत्य में किया प्रतिभाग

वाराणसी। बाबा श्री विश्वनाथ जी की कृपा से प्रभु नारायण राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र शिवम तिवारी ने लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में एकल नृत्य बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवम जनपद का नाम रोशन किया।




**बनारस रंग महोत्सव**

# पांडवों ने भी अधर्म युद्ध ही किया, वो भी कृष्ण की सलाह से

## कन्हैया लाल स्मृति संस्कृति संस्थान के नाटक 'नाथवती अनाथवत' का मंचन, पूर्णिमा पांडेय ने विभिन्न पात्रों को असरदार ढंग से जिया

वाराणसी। कबीरचौरा स्थित श्री नागरी नाटक मंडली प्रेक्षागृह में चल रहे सात दिनी 'बनारस रंग महोत्सव' के दूसरे दिन गुरुवार को नाटक 'नाथवती अनाथवत' की बेहद प्रभावशाली और दर्शकों को स्तब्ध कर देने वाली सम्मोहक प्रस्तुति हुई। कन्हैया लाल स्मृति संस्कृति संस्थान की ओर से पेश इस प्रयोगधर्मी प्रस्तुति का मूल कथानक महाकवि वेदव्यास रचित महाकाव्य 'महाभारत' पर आधारित है। इसके जरिये युद्ध और विनाश की जमीन पर उभरे नरसंहार, विजय और पराजय बोध संग युद्ध की निरर्थकता से उपजी विरक्ति एवं ध्वंस की लपटों में झुलसते-सिसकते मानव समूह की शांति की आतुर खोज तथा युद्धों से शाश्वत मुक्ति की एक तीखी छटपटाहट है। द्रौपदी ने तो सिर्फ अर्जुन को ही चाहा था लेकिन परिस्थितियों ने उसे पांच भाइयों की पत्नी बना दिया। फिर भी एकमात्र भीम को ही उसने हमेशा अपने करीब पाया। तमाम मुश्किलों में सिर्फ भीम ही पांचाली की मदद के लिए आगे आते रहे। धृतराष्ट्र की राजसभा में जुए के खेल में हारने के दौरान जब युधिष्ठिर ने पांचाली को ही दांव पर लगा दिया तो भीम अपने बड़े भाई का हाथ जलाने के लिए उठ खड़ा हुआ। भीम ने ही दुःशासन और दुर्योधन का अंत कर द्रौपदी के अपमान का बदला लिया। महाप्रस्थान में जीवन की अंतिम यात्रा के दौरान भी सिर्फ भीम ही पांचाली के निकट था। अपमान की एक घटना की आग में झुलसते दुर्योधन की जिद और शकुनि के षड्यंत्र में फंसे पांचों पाण्डवों के सामने पांचाली भरी राजसभा में अपमानित हुई। युधिष्ठिर के 'धर्मराज' होने पर भी सवाल खड़े हुए। अपमान की पराकाष्ठा के



बावजूद पांडव युद्ध करने के बजाय कौरवों के साथ समझौता और शांति के लिए लालायित थे। लेकिन पांचाली हर हाल में अपने अपमान का बदला चाहती थी। उसका सोचना था कि कौरव-पांडवों के बीच धर्मयुद्ध होगा। लेकिन कौरव ही नहीं पांडवों ने भी अधर्म युद्ध ही किया, वो भी कृष्ण की सलाह से। दोनों पक्षों ने बहुत कुछ खोया।

**विलुप्त कला लोकगीत की लालजी प्रसाद ने की प्रस्तुति :** बनारस रंग महोत्सव के दूसरे दिन यानी 2 नवंबर को कार्यक्रम की शुरूआत लोक गीत विलुप्त कला से हुई जिसका प्रदर्शन लालजी प्रसाद, भोलानाथ विश्वकर्मा एवं साथियों ने किया जिसके प्रस्तुति में उन्होंने रावण का शिव से अभयदान प्राप्ति की कथा और सोने की लंका माँगने शिव से दान में माँग लेने पर पार्वती के रुष्ट होने की कहानी बखूबी ढंग से सुनाई प्रस्तुति की झूम में दर्शक भी अपने स्थान पर थिरकते दिखे। तत्पश्चात राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वाराणसी केंद्र के निदेशक प्रवीण कुमार गुंजन ने मास्टर क्लास में स्थानीय रंग कर्मियों के साथ रंग भाषा एवं प्रस्तुति प्रक्रिया पर चर्चा की। संस्कार भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री दीपक शर्मा ने कलाकारों का सम्मान किया महोत्सव निदेशक गुंजन शुक्ला जी ने बताया कि 3 नवंबर को बनारस रंग महोत्सव में होने वाली है प्रस्तुति है भासभारतम जो की राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सिक्किम रंगमंडल की विशेष प्रस्तुति है ये प्रस्तुति पूरे उत्तर भारत में पहली बार हो रही है ।

**चुनौतीपूर्ण प्रयोगधर्मी यादगार प्रस्तुति :** इस प्रस्तुति में साफतौर पर महसूस हुआ की नाटक की तैयारी अत्यंत श्रमसाध्य रही होगी। निर्देशक सुरोजीत चैटर्जी, अभिनेत्री पूर्णिमा पांडेय और बैक स्टेज सहयोगियों के बीच जबरदस्त तालमेल दिखा। संवाद अदायगी, कम्पोजिशन्स तथा ब्लॉकिंग्स के अनूठे और चुनौतीपूर्ण प्रयोग के बीच लगातार करीब सवा घन्टे तक मंच पर एकल अभिनय करते हुए पूर्णिमा ने जिस तरह नर्तकी सूत्रधार समेत कौरव और पांडवों के विभिन्न पात्रों को जिया, वह सिर्फ एक्सपर्ट एक्टर के ही बस की बात है। आदीश पांडेय की संगीत परिकल्पना और ध्वनि प्रभाव असरदार रहा। नेपथ्य सहयोग आलोक पांडेय, मोहम्मद शहजाद खान, अयन भट्टाचार्य एवं सुरोजीत चैटर्जी का था। सांवली मित्र की इस मूल बांग्ला कथा का हिंदी अनुवाद परितोष भट्टाचार्य ने किया है।

# वाराणसी में विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री

## अपराधियों एवं माफियाओं पर पूरी तरह लगाएं अंकुश, करें कठोर कार्रवाई, विद्युत विभाग अनावश्यक विजिलेंस छापेमारी बंद करे

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन की जनहित एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराई जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आगामी देव दीपावली की तैयारी की समीक्षा के दौरान भव्य तरीके से देव दीपावली मनाए जाने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार को सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यक्रम, कानून व्यवस्था एवं आगामी देव दीपावली के तैयारी की विस्तृत एवं गहन समीक्षा कर रहे थे। कहा कि सेतु निगम को फ्लाईओवर बनाने में मानक का विशेष ध्यान रखा जाय। मुख्यमंत्री ने पावर कार्पोरेशन को आगामी त्योहारों व मांगलिक कार्यक्रमों के चलते बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि विजिलेंस की अनावश्यक छापेमारी बंद हो तथा ओवर बिलिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए।

**निर्देश**

**डॉक्टरों की उपस्थिति 24 घंटे सुनिश्चित कराई जाए**

मुख्यमंत्री ने चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान वर्तमान में पहले डेंगू एवं वायरल फीवर चिकनगुनिया आदि की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक चिकित्सालय में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के साथ ही आवश्यक दवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारण किए जाने पर विशेष जोर देते हुए अवैध ऑटो एवं अन्य वाहनों स्टैंडो को शीघ्र हटाए जाने का निर्देश दिया। धार्मिक स्थलों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों के ध्वनियों को नियंत्रित किए जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने गौ तस्करी के मामलों में पूरी सक्रियता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि गौ तस्करो एवं अपराधियों की पूरी तरह कमर तोड़ दिया जाए। अपराधियों, माफियाओं पर कठोर कार्रवाई किए जाने के साथ ही अवैध खनन को पूरी तरह रोके जाने का भी निर्देश दिया। बैठक में कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने मुख्यमंत्री को शहर के वर्तमान गतिमान प्रोजेक्ट्स, पूरी हो चुकी परियोजनाओं, काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता व देव दीपावली के आयोजन से जुड़ी सभी जानकारियां बिन्दुवार प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा आगामी देव दीपावली के आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन की पूरी तैयारियों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित किया। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, पुलिस आयुक्त अशोक मुथा जैन, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम सहित अन्य विभाग की अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ एवं काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक प्रशांत यादव सह-संपादक अजय यादव,ग्राम शाहराजा, पोस्ट माहुल खास, माहुल, आजमगढ़ 223225(उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित । आरएनआई नंबर UPHIN51091इस सामाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय छेत्र आजमगढ़ होगा मोबाइल नम्बर- 9621335155

संपादकीय

# कथाक्रम की सुदीर्घ यात्रा

रजनी गुप्त

लखनऊ समेत समूचे देश में सालों से कथाक्रम संगोष्ठी की धमक और अनुगूंजें सुनी जा सकती है। इसकी लोकप्रियता का आलम यह कि साल भर पहले से ही सभी साहित्यकार इसमें आने के लिए अपनी उत्सुकता और जिज्ञासा प्रकट करने लगते हैं- कार्यक्रम कब हो रहा है, कौन कौन आ रहा है इस बार, विषय क्या है या कथाक्रम अवार्ड इस बार किसे दिया जा रहा है- जैसे असंख्य सवाल कथाक्रम समिति से जुड़े सभी सदस्यों से अनेकों बार पूछे जाते रहे हैं। कथाक्रम की सालाना संगोष्ठी के प्रति शहरवासियों एवं मीडिया का लगाव तो सर्वविदित है ही, इसके अलावा अन्य शहरों के रचनाकारों का इस कार्यक्रम में आने की आकुलता एवं व्यग्रता देखते ही बनती है- " कभी हमें भी इस कार्यक्रम में बुला लिया करो।'

' अरे, इस कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का फैसला कथाक्रम समिति तय करती है, मेरी खास भूमिका है नही।" अपनी स्पष्टोक्ति के बावजूद सह रचनाकार इसके बारे में पूछताछ करते रहते एवं मेरे कथन पर विश्वास नही करते- जरूर, यहां भी कुछ न कुछ राजनीति तो जरूर चलती होगी पर यही बात निराधार एवं पूरी तरह असत्य है। देश भर में कथाक्रम ही ऐसा एकमात्र कार्यक्रम है जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी का समादार सालों से बखूबी किया जाता रहा है। किस वरिष्ठ साहित्यकार या कनिष्ठ साहित्यकार के श्रीमुख से क्या निकल रहा है या किस संदर्भ में कौन सी बात कही सुनी जा रही है, इसका आनंद तो वही महसूस कर सकता है, जिसने कभी कथाक्रम संगोष्ठी में आने का लुत्फ उठाया हो। दिन भर चलती संगोष्ठी हो या रात्रि भोजन के निद्वंद्व ठहाके, आगंतुक एवं शहर के सब रचनाकार इस कार्यक्रम की भव्यता, रोचकता एवं अनूठेपन के लिए इस कार्यक्रम का साल भर बेचैनी से इंतजार करते हैं। दरअसल इस कार्यक्रम की नींव बड़ी मजबूती से कथाक्रम संयोजक एवं साहित्यकार शैलेंद्र सागर एवं जाने माने हस्ताक्षरों द्वारा रखी गयी जिसमें राजेंद्र यादव, नामवरसिंह,काशीनाथ सिंह, दूधनाथ सिंह,ममता कालिया, कमलेश्वर एवं निर्मल वर्मा जैसे हस्ताक्षरों के मार्गदर्शन में रखी गई। 1990 में आजमगढ़ से शुरू कथाक्रम की यात्रा- हिंदी कथा साहित्य और पठनीयता का संकट जैसे विषय पर हुई थी। आज लगभग तीन दशक का सफर पार कर रही है। कथाक्रम आयोजन समिति में वरिष्ठ कथाकार शिवमूर्ति, कथाकार रजनी गुप्त, कथाकार वीरेंद्र सारंग, इप्टा के कर्ताधर्ता राकेश एवं प्रोफेसर पवन अग्रवाल हैं।

1991 में झांसी में समकालीन हिंदी कहानी, दिशा एवं चुनौतियां- विषय पर कथाक्रम संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं 3 साल के अंतराल के बाद 1995 में देहरादून में झ उपभोक्ता संस्कृति एवं कथासाहित्य पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। 1996 में लखनऊ में 21 वीं सदी की दहलीज पर हिंदी कहानी पर गोष्ठी हुई तो 1997 में पुनः लखनऊ में ही प्रतिबद्धता एवं कला की चुनौती' विषय पर आज की कहानियों पर स्वतंत्र विमर्श हुआ। तब से निरंतर लखनऊ में ही कथाक्रम की सालाना संगोष्ठी पूरी निष्पक्षता एवं विवेक से आयोजित की जाती रही है। 1998 में हिंदी उपन्यास की नई यात्रा एवं उसका रचनात्मक द्वंद्व पर चर्चा हुई तो 1999 में आज का हिंदी कथा साहित्य और आलोचना के सरोकार विषय पर गंभीर विमर्श हुआ जिसमें नामवर सिंह ने आलोचना के नए औजारों पर नए सिरे से चर्चा की। 2000 में कथा साहित्य और दलित विमर्श- पर संगोष्ठी हुई एवं ओमप्रकाश बाल्मीकि को कथाक्रम सम्मान दिया गया। इस मंच पर नए से लेकर प्रौढ़ होते रचनाकारों को समादृत किए जाने की लंबी परंपरा का निर्वहन पूरी निरपेक्षता एवं ईमानदारी से किया जाता है।

2001 में मैं कथाक्रम पत्रिका से जुड़ी एवं इसी साल नारी अस्मिता एवं कथा साहित्य- विषय पर संगोष्ठी का आयोजन स्वयं मैंने किया था एवं इसी विषय पर कथाक्रम पत्रिका के विशेषांक का संपादन भी मैंने किया जो बाद में पुस्तकाकार रूप में सामयिक प्रकाशन से प्रकाशित हो चुका है- आजाद औरत, कितनी आजाद एवं मुस्कराती औरतें। 2002 में सांप्रदायिकता की चुनौतियां एवं कथा साहित्य के सरोकार विषय पर बेबाकी से बातें हुईं तो 2003 में झ हिंदी कथा साहित्य की सीमाएं- विषय पर भी दोटूक बातें सभी के संज्ञान में लाईं गईं। 2004 में हिंदी कथा साहित्य - व्यवस्था के विद्रूप तो 2005 में हिंदी कथासाहित्य और गांव - प्रेमचंद से आज तक- विषय पर दिन भर चर्चा होती रही एवं इसी साल उदयप्रकाश जैसे जाने माने हस्ताक्षर को कथाक्रम सम्मान से समादृत किया गया।

2006 में समकालीन हिंदी कथा साहित्य- बदलते सरोकार और प्रयोग पर विमर्श रहा तो 2007 में आजादी- साहित्य की आजादी पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लंबी बहसें होती रही। 2008 में बदलता समाज और वर्तमान कथा साहित्य तो 2009 में हिंदी कथा साहित्य और भविष्य का समाज- विषय पर मौजूदा समाज एवं आगामी साहित्य यात्रा पर आने वाले संकटों पर गंभीर विमर्श होता रहा। 2010 में एक बार फिर साहित्य के सरोकार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर चर्चा केंद्र में रही तो 2011 में वर्तमान समय के प्रश्न एवं रचनाकारों की भूमिका पर बहसें हुई कि आज के दौर में रचनाकारों की चुप्पी ठीक नही है। 2012 में असहमति के स्वर, लोकतंत्र और कथासाहित्य के जरिए लोकतांत्रिक चेतना की सुस्थापित किए जाने की मुहिम छेड़ी गई तो 2013 में भूमंडलीय समाज में साहित्य की मशाल- विषय पर बदलते समाज में साहित्य के सरोकारों पर विमर्श हुआ। 2014 में लेखक, आलोचक एवं पाठक- सहमति असहमति के आधार व आयामों पर आमने सामने चचार्एं हुईं एवं 2015 में संस्कृति के संकट एवं साहित्य का दायित्व पर संगोष्ठी हुई। 2016 में सोशल मीडिया एवं साहित्य के हस्तक्षेप एवं अंतसंबंधों पर खुलकर बहसें हुईं तो 2017 में अवधारणाओं का द्वंद्व, सत्ता एवं साहित्य को कठघरे में खड़ा किया गया। 2018 में भीड़तंत्र वनाम लोकतंत्रः रचनात्मक चुनौतियां- विषय पर रचनाकारों ने अपने मत विमत रखे तो 2019 में नए भारत का नया राष्ट्रवाद पर संगोष्ठी में सबने अपनी बात रखी।

# हिन्दी समाज और हिन्दी 'कविता का वर्तमान'

रविभूषण

हिन्दी के दो प्रतिष्ठित, चर्चित-बहुचर्चित कवियों को हिन्दी समाज से शिकायत है। अशोक वाजपेयी इस समाज को 'कृतघ्न' कहते हैं क्योंकि वह अपने कवियों की नोटिस नहीं लेता और अरुण कमल की शिकायत यह है कि समाज अपने कवियों का समर्थन नहीं करता। संभव है, कुछ और कवियों को भी अपने समाज से शिकायत हो। क्या हिन्दी समाज को भी अपने कवियों से कोई शिकायत है? पता कैसे चलेगा? वीरेन डंगवाल की नब्बे के दशक में ही यह चिन्ता थी किसने ऐसा समाज रच डाला है.?/ जिसमें बस वही दमकता है, जो काला है।

हिन्दी समाज से मेरा आशय दिल्ली सहित दस हिन्दी भाषी राज्यों (बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा) से है, जिसकी आबादी अभी लगभग साढ़े पचपन करोड़ से अधिक है। यहीं उत्तर प्रदेश में अयोध्या, मथुरा और काशी है। 1989 के पहले हिन्दी भाषी ये राज्य भाजपा और दक्षिणपंथियों के गढ़ नहीं थे। लालकृण आडवाणी और नरेन्द्र मोदी हिन्दी प्रदेश के नहीं हैं। संभव है, हिन्दी के समकालीन कवियों को अपने समाज की अधिक चिन्ता रही हो, उन्होंने देश की बदलती राजनीति को अच्छी तरह जाना और समझा भी हो, समाज के बीच कविगण गये भी हों और सामाजिक रूपान्तरण पर उनका ध्यान भी रहा हो। इस समाज में बहुत पहले से ही साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्थाओं को ढहाया जाने लगा था। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को नष्ट किया जाने लगा था। आज अगर केन्द्र में भाजपा की सरकार है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, तो इसका सारा श्रेय हिन्दी भाषी राज्यों को जाता है। इसी दौर में लोकतंत्र 'भीड़तंत्र' बना और 'नेशन स्टेट' कॉरपोरेट स्टेट। हिन्दी के कुछ नये आलोचकों की चिन्ता में पिछले तीन दशक का भारत है, जहाँ से बदलाव की एक नयी प्रक्रिया आरंभ होती है। केन्द्र में दक्षिणपंथी शक्तियों को सत्ता सौंप देने का दायित्व किस पर है? क्या हम सारी जिम्मेदारी राजनीतिक दलों पर डाल कर निश्चिंत हो सकते हैं? विगत तीस-पैंतीस वर्षों में कवियों-लेखकों, पत्रकारों-सम्पादकों ने क्या सचमुच अपने समाज के प्रति जिम्मेदारी का निर्वाह किया? क्या हिन्दी कविता का वर्तमान हिन्दी समाज के वर्तमान से जुड़ा है? कितना जुड़ा है, यह पता इन दोनों पर विचार के बिना कैसे चलेगा? साहित्यिक पत्रिकाओं के सम्पादकों, अतिथि सम्पादकों ने क्या अपनी पत्रिका का अंक इन दोनों पर एक साथ केन्द्रित किया? क्या कविता के सभी आलोचकों के यहाँ कविता के साथ-साथ अपने समाज की भी अधिक चिन्ता रही है? निराला ने जब 'गहन है यह अंधकारा' और मुक्तिबोध ने 'अंधेरे में' कविता लिखी, उस समय से आज तक अंधेरा छँटा है या और अधिक गहन हुआ है? सम्पादकों और आलोचकों ने कवियों को केन्द्र में रखा, प्रवृत्तियों को नहीं। फेसबुक पर सक्रिय लेखकों ने भी अपनी सक्रियता उससे अलग बनाये रखी। हिन्दी समाज और हिन्दी कविता के वर्तमान को देख कर मुझ जैसे व्यक्ति को कई सवाल परेशान करते रहे हैं। इस समय कवि-लेखक बनने वालों की कमी नहीं है। हिन्दी जैसी भाषा में इतनी बड़ी संक्या में लेखकों की उपस्थिति का वास्तविक कारण क्या है? क्या आज किसी भी सम्पादक और आलोचक के हाथ में सूप है? अगर कविता की ही बात की जाय, तो पहले भी गिने-चुने सम्पादकों और आलोचकों के हाथ में सूप होते थे। वह समय बीत चुका है। यह अपने को स्थापित करने का समय है। कंस्टीच्युऐंसी का सबंध चुनाव से था, पर तीन-चार दशक पहले से ही कवियों-लेखकों और सम्पादकों ने भी अपनी-अपनी कंस्टीच्युऐंसी गठित की। संबंध-व्यापार एवं प्रचार-प्रसार के युग में यह आश्चर्य की बात नहीं थी पर खामियाजा किसे भुगतना पड़ा? जब राजनीति में अपराधी और करोड़पतियों का वर्चस्व हो, तो साहित्य से ही सदैव गुणवत्ता की अपेक्षा क्यों की जानी चाहिए? कभी साहित्य खाला का घर नहीं होता था। अब यहाँ सबका प्रवेश है। हड़बड़ी, अधीरता, मारामारी और जुगाड़ का आज जैसा सीन इतनी अधिक संख्या में पहले कब था?




अब हिन्दी का कोई आलोचक-सम्पादक भूलकर भी नवीन सागर (9.11.1948-14.4.2000) का नाम नहीं लेता। इन पंक्तियों के लेखक ने 2007 के अपने एक स्तंभ-लेख का शीर्षक उनकी एक काव्य-पंक्ति पर रखा था - एक हाथ में सितार, दूसरे में हथियार। नवीन सागर का पहला कविता संग्रह पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आया था - नींद से लम्बी रात (1996) इस संग्रह की एक कविता अच्छी सरकार में उन्होंने लिखा था - यह बहुत अच्छी सरकार है/इसके एक हाथ में सितार दूसरे में हथियार है/सितार बजाने और हथियार चलाने की/तजुबेर्कार हैरु उस समय से अब तक के तीस वर्ष में बहुत कुछ बदल चुका है। अब सरकार के हाथ में केवल हथियार है। हिन्दी कविता के वर्तमान में कितने कवियों में अपने समय की सही पहचान है? अब कबियन की भीड़ है, पर अभी तक किसी सम्पादक ने अपनी पत्रिका का अंक कवियों की भीड़ और भीड़ की कविता पर केन्द्रित नहीं किया है और न किसी आलोचक के लिए यह चिन्ता का विषय है।

हिन्दी कविता के वर्तमान को केवल कवियों और उन पर लिखने वालों का चयन कर नहीं समझा जा सकता। कविता के गंभीर पाठकों और आलोचकों की तलाश कठिन है। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के हिन्दी व्याख्याताओं में अब बहुत कम को कविता से वास्ता है - लिखने और छपने को सब आतुर हैं। सम्पादक भीड़ खड़ी कर रहा है। परसाई के जन्मशती वर्ष में उनके उन वचनों को सुना जाना चाहिए, जो उन्होंने अपने अपने इष्टदेव में कहे हैं। लेखक ने महत्वाकांक्षा लेकर लिखना शुरू किया था, पर उसे विफलता ही हाथ लगी। पाँच-छह पुस्तकें प्रकाशित होने के बाद भी उसकी नोटिस नहीं ली गयी। उसका नाम तक लोगों ने नहीं जाना, जबकि वे इतिहास में दर्ज होना चाहते थे। लेखक ने गुरू से कहा - मैं इतिहास में आना चाहता था, पर अभी तक अखबार में भी नहीं पहुँचा। तब की बात और अब की बात में अंतर है। अब सम्पादक का रूतबा यह है कि वह जिसे चाहे, कवि के रूप में उसे चर्चित कराये। उस पर लेख लिखाकर सबको आलोचक बना दे। ऐसा भेड़ियाधसान पहले कभी नहीं था। जो विरोध करेगा वह मारा जायेगा।

लमही ने कुछ समय पहले समकालीन हिन्दी कहानी पर तीन अंक केन्द्रित किया था। कहानीकारों पर जिसने भी लिखा, उसे कहानी का आलोचक मान लिया गया। इस वर्ष इस पत्रिका के दो अंकों में कविता और कवि पर विचार किया गया है। तीसरे अंक की तैयारी चल रही होगी, जो कवयित्रियों पर केन्द्रित होगा। पहला अंक (जनवरी-जून, संयुक्तांक, 2023) 'कविता का वर्तमान और वर्तमान की कविता' पर केन्द्रित था, जिसे लेकर इतना शोर-शराबा नहीं हुआ, जितना कविता-संबंधी इस दूसरे अंक (जुलाई-सितम्बर, 2023) पर, जिसमें कवि-मूल्यांकन प्रमुख है। कई कवियों को दुःख है कि वे अपनी कविताओं के मूल्यांकन से वंचित हो गये। और इस भीड़ में शामिल न हो सके। अतिथि सम्पादक शशि भूषण मिश्र मेहनती हैं, पर वह मेहनत किस काम की, जिसमें चयन-दृष्टि न हो। संभव है, अतिथि सम्पादक के पास एक निजी चयन-दृष्टि हो, पर फेसबुक पर जितना हो-हल्ला मचा, उसमें सम्पादकीय दृष्टि पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया। कई कवियों को यह जायज शिकायत रही कि उनका नाम क्यों छूट गया। इस समय कवि को अपनी उपस्थिति की अधिक चिंता है। भीड़ में शामिल होने को सब बेचैन हैं। इस समय त्रिलोचन की पूरी कविता पढ़ी जानी चाहिए- प्रगतिशील कवियों की नयी लिस्ट/निकली है/उसमें कहीं त्रिलोचन का तो नाम/नहीं था/आँखें फाड़-फाड़ कर देखा, दोष/नहीं था/ पर आँखों का/सब कहते हैं कि/प्रेस छली है/शुद्धिपत्र देखा, उसमें नामों की/माला/छोटी न थी, यहाँ भी देखा, कहीं/त्रिलोचन/नहीं, तुम्हारी बकझक सुना करूँ/पहले से/देख रहा हूँ, किसी जगह उल्लेख/नहीं है,/तुम्हीं एक हो, क्या अन्यत्र विवेक/नहीं है।/तुम सागर लाँघोगे? - डरते हो/चहले से/बड़े-बड़े जो बात कहेंगे-सुनी जाएगी/व्याख्याओं में उनकी व्याख्या चुनी/जाएगी।

लमही के ताजा कविता-अंक पर प्रतिक्रियाएँ जारी हैं। अतिथि संपादक द्वारा कवियों और उनकी कविताओं पर लिखने वालों के नामों पर सवाल उठ रहे हैं। हिन्दी में फिलहाल जितने रंगों की कविताएँ लिखी जा रही हैं, सबको शशिभूषण मिश्र एक साथ रखना चाहते हैं। न तो कवियों के चयन में और न उन पर लिखने वालों के चयन में उनका कोई आलोचनात्मक विवेक है, यद्यपि अपने सम्पादकीय में उन्होंने कुछ अच्छी और जरूरी बातें भी कही हैं।

# अगम बहै दरियाव : ग्रामीण जीवन की महागाथा

डॉ० प्रवीन कुमार यादव

'बतरस' के बैनर तले ग्राम -मधुकरपुर, रायबरेली में दिनांक 29 अक्टूबर को अपराह्न में ग्रामीण जीवन के लब्धप्रतिष्ठ कथाकार शिवमूर्ति जी के राजकमल प्रकाशन,नयी दिल्ली से सद्यः प्रकाशित उपन्यास 'अगम बहै दरियाव' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में इस उपन्यास के रचनाकार शिवमूर्ति जी को 'बतरस सम्मान-2023' से सम्मानित भी किया गया।

उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी बंगाल से आये हुए आठ सुधी समीक्षकों ने इस उपन्यास के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए इस महत्त्वपूर्ण उपन्यास के लिए लेखक को बधाई दी।



डॉक्टर पूजा पाठक( आसनसोल, पश्चिम बंगाल ) ने कहां कि यह एक वृहद् उपन्यास होने के बावजूद अत्यंत पठनीय उपन्यास है ?। इसमें अनेक मुद्दे हैं। यह उपन्यास अन्याय के विरुद्ध साधारण पात्रों के संघर्ष की चेतना को रेखांकित करता है। एक प्रमुख पात्र संतोखी है , जो छात्रधारी से अपनी जमीन वापस पाने के लिए संघर्ष करता है। वह कहता है,' .. आपसे नहीं अन्याय से लडूंगा। लडूंगा नहीं तो क्या मुंह दिखाऊंगा ।'

जाति को लेकर माठा बाबा नामक पात्र की गर्वोक्ति है : आरजाब्रत में ब्राह्मण कुल में पैदा हुए हो, तिसपर गोरा रंग। जहां जाओगे ,वहीं पूजे जाओगे।' तथाकथित निम्न जातियों के प्रति आभिजात्य जातियों में जो हिकारत का भाव है, वह एक बनिया जाति के पात्र के प्रति इस प्रकार अभिव्यक्त अभिव्यक्त होता है,' सुबह-सुबह तुम्हारा मुंह देखना भी शुभ नहीं होता है, तब पर भी तुम्हें गांव के बीच बसा कर रखे हैं। अब नहीं तो किस दिन काम आओगे?'

इतने महत्त्वपूर्ण और सूक्ष्म विवरण इस उपन्यास में मौजूद है कि ऐसा लगता है मानो रचनाकार सूक्ष्मदर्शी से चीजों को देख और दिख रहा है।

डॉ प्रवीन कुमार यादव ( अम्बेडकर नगर) ने कहा कि शिवमूर्ति जी ग्रामीण जीवन के कुशल चितेरे हैं। यह वृहद् उपन्यास पिछली सदी के सातवें दशक से वर्तमान सदी के पहले दशक तक के उत्तर भारतीय ग्रामीण जीवन की महागाथा है। लेखक ने उक्त लगभग चालीस वर्षों के कालखंड में सीमान्त किसानों और कृषि मजदूरों की दुर्दशा के विविध कारणों का बहुत विस्तार और गहनता से मर्मस्पर्शी चित्रण अपने इस महागाथात्मक उपन्यास में किया है। किसानों की दुर्दशा के अनेक कारण हैं । धान- गेहूं के फसल की लचर सरकारी क्रय नीति ; गन्ने की फसल की उचित कीमत का समय से भुगतान मिल मालिकों द्वारा नहीं किया जाना ; कृषि लागत का ऊंचा होना तथा उस अनुपात में कृषि उत्पादों का मूल्य निर्धारण न होना। यानी पर्याप्त न्यूनतम समर्थन मूल्य का न मिल पाना ; शादी - विवाह में दहेज की कुप्रथा का होना आदि।

शिक्षा के प्रसार और सामाजिक - राजनीतिक परिवर्तनों के चलते पिछड़ी जातियों के सीमांत किसानों और दलित समुदाय के कृषि मजदूरों में अपने अधिकार और सम्मान के लिए उत्पन्न संघर्ष की चेतना को भी यह उपन्यास गम्भीरता से रेखांकित करता है। उपन्यास का अंत भेदभाव रहित एक समतामूलक और न्यायसंगत समाज की आकांक्षा के साथ होता है।

डाक्टर ज्योतिमय बाग( बंगाल ) ने कहा कि इस उपन्यास में दलित समुदाय की वस्तुस्थिति का बहुत करीब से वर्णन किया गया है।यह तारीख पर तारीख का भी उपन्यास है। यदि प्रेमचन्द कलम के मजदूर हैं तो शिवमूर्ति जी कलम के किसान हैं।

डाक्टर गुलनाज बेगम( कुल्टी, पं० बंगाल) ने कहा कि जातीय मुक्ति के संघर्ष में पात्रों को कितनी सफलता मिली है, यह भी देखने की चीज है।नौकरशाही और न्याय व्यवस्था की खामियों को भी लेखक ने विस्तार से रेखांकित किया है। संतोखी को कानूनी रूप से जीत जाने के बाद भी अपनी जमीन पर सही मायने में कब्जा जंगू के सहयोग से मिलता है। यानी न्याय बंदूक के बल पर मिलता है । यहां कितनी बड़ी विडंबना की ओर लेखक ने संकेत किया है। सत्ता अंततः सत्ता होती है । दलित समुदाय से चुनी हुई नेता का चरित्र भी सत्ता में आने पर अपने वर्ग के ही विरुद्ध हो जाता है।

मंगल सिंह नामक एक पात्र जो ऊंची जाति के हैं, वह जब वंचितों के पक्ष में लड़ाई लड़ते हैं तो उनकी भी हत्या हो जाती है। किसानों की लड़ाई जातिगत व्यवस्था के साथ ही पूंजीवाद से भी है ।

कलकत्ता से पधारे विद्वान समीक्षक मृत्युंजय श्रीवास्तव ने कहा कि शिवमूर्ति जी धोखा, फरेब और दगाबाजी के भाष्यकार हैं। वह सताये हुए लोगों लोगों के पक्ष में खड़े कथाकार हैं। यह उपन्यास किसान, दलित और स्त्रियों के साथ होने वाले अन्यायों का पदार्फाश करने वाला उपन्यास है । उनका यह उपन्यास विकास और व्यवस्था की पोल खोलने वाला है। शिवमूर्ति के पात्र अत्यंत कमजोर होते हुए भी निरंतर संघर्ष करते हैं ।वे ना तो मिसाल बनते हैं और ना ही मशाल, फिर भी वह खल पात्रों के गिरेबान को पड़कर मानो यह कहते हैं कि मेरी और मेरे जैसे और बहुत से लोगों की दुर्दशा के जिम्मेदार तुम हो।

प्रोफेसर आशुतोष ( कोलकाता) ने कहा कि इस उपन्यास का शीर्षक बहुत आकर्षक है । रेणु के मैला आंचल के प्रकाशन के लगभग 70 वर्षों बाद यह उपन्यास प्रकाशित हुआ है। यह इन 70 वर्षों में भारतीय गांवों का सच्चा चित्र प्रस्तुत करने वाला एक दस्तावेजी उपन्यास है। इसमें भारतीय समाज में होने वाले बदलावों और उसके लिए चलने वाले संघर्षों का प्रामाणिक चित्र प्रस्तुत किया है। इस महत्त्वाकांक्षी उपन्यास के लिए लेखक को बधाई। लोक गायक डाक्टर बृजेश यादव ( सुल्तानपुर) ने कहा कि इस उपन्यास में लोकजीवन का संगीत भरपूर मात्रा में मौजूद है। मछली भुनने का संगीत से लेकर दही के घलर-घलर बनने का संगीत मौजूद है। जमीन हड़पे जाने के खिलाफ लड़ाई की दास्तान है, यह उपन्यास। अवध प्रांत के किसानों को कितना कठिन जीवन जीना पड़ता है , यह इस उपन्यास को पढ़कर सही से जाना जा सकता है। इस उपन्यास में मौजूद कई गीतों को लोकधुन कहरवा में गाकर भी डॉक्टर बृजेश यादव जी ने प्रस्तुत किया उपन्यास के रचनाकार शिवमूर्ति जी ने अपनी रचना प्रक्रिया पर वक्तव्य देते हुए कहा कि मेरी बाल्यावस्था और युवावस्था गांव में बीती है। मैंने खुद अपने हाथों से खेती-बाड़ी की है। मेरे गांव में सभी जातियों के लोग हैं। सभी लोग आपस में प्रेम और सद्भाव से रहते हैं।इस उपन्यास के सृजन में मुझे पात्रों को रचने में विशेष कठिनाई नहीं हुई। खेती-किसानी के सहारे ही मैं आगे बढ़ा और नौकरी में आया। लेकिन जब से होश संभाला तब से किसानों को कठिन जीवन जीते ही पाया। अनुभव के रूप में जो कुछ धीरे-धीरे संचित होता रहा, उसी से इसकी रचना संभव हुई है। लेखक ने बतरस के प्रमुख सदस्य डाक्टर कृष्ण कुमार श्रीवास्तव जी को अपने कार्यस्थल आसनसोल से बहुत दूर रायबरेली जनपद में अपने गांव मधुकरपुर में संस्था बनाकर इतना सुंदर आयोजन करने हेतु हार्दिक बधाई और धन्यवाद दिया।

डाक्टर अल्पना ( कोलकाता) ने उपन्यास पर अपने विचार प्रकट करते इसे ग्रामीण जीवन की एक महत्त्वपूर्ण रचना बताया। अधिवक्ता राज कुमार श्रीवास्तव जी सहित कई श्रोताओं ने लेखक से इस उपन्यास पर केंद्रित सवाल पूछे। बच्चों ( तेजस और ओजस) ने भी , 'हम कहानी- उपन्यास कैसे लिखें' , इस पर लेखक से राय मांगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डलमऊ में रह कर साहित्य साधना करने वाले श्री राम नारायण 'रमण' ने कहा कि शिव मूर्ति की रचनाओं में यातनाएं है तो संघर्ष भी है। संघर्ष है तो सपने भी हैं।

जहां अंधेरा है वहां अपने लेखन से लेखक रोशनी पहुंचने का काम करता है। इस उपन्यास में समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संघर्ष करने वाली शक्तियों का संघर्ष चित्रित है और वह एक आशावादी स्वर लिए हुए है। कार्यक्रम में लगभग अस्सी से अधिक श्रोता उपस्थित थे। उन्होंने न सिर्फ मनोयोग से परिचर्चा में भाग लिया, बल्कि राजकमल प्रकाशन द्वारा विक्रय हेतु प्रेषित प्रतियों को खरीदा भी।

## साप्ताहिक राशिफल



ज्योतिषाचार्य गणेश मिश्रा
काशी

- **वृष राशि:** इस राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने काम को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम और प्रयास करना पड़ेगा। इस दौरान किसी बात को लेकर परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। किसी तरह के विवाद से बचें, अन्यथा बेवजह कोर्ट-कचहरी के चक्कर तक लगाने पड़ सकते हैं। व्यवसाय से जुड़े लोगों को लेन-देन करते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी। प्रतिदिन मां गायत्री की साधना, जप आदि अवश्य करें।
- **मिथुन राशि:** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सुख-समृद्धि से भरपूर रहेगा। बेरोजगारों को रोजी-रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। पूर्व में किसी योजना या व्यवसाय में किया गया निवेश बड़े लाभ का कारण बनेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें और उसके लिए कुछ समय अवश्य निकालें। प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ करें एवं हनुमत आराधना में रत रहें।
- **कर्क राशि:** इस राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने मन, वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखना होगा, अन्यथा परेशानियां आ सकती हैं। नौकरी में बदलाव की सोच रहे हैं तो बेहतर अवसर मिल सकता है। कामकाज के सिलसिले में लम्बी यात्रा संभव है। यात्रा के दौरान अपनी सेहत का ख्याल रखें। इस सप्ताह छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। प्रतिदिन शिवलिंग पर जल एवं दूध अर्पित करें।
- **सिंह राशि:** इस राशि के जातकों के लिए इस सप्ताह करियर और कारोबार के क्षेत्र में की गई यात्राएं सफलता दिलाने वाली होंगी। घर और बाहर दोनों जगह लोगों का खूब सहयोग प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों की आय के अतिरिक्त स्रोत बनेंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी। प्रतिदिन भगवान भास्कर को जल देकर आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें।
- **कन्या राशि:** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र से जुड़ी कुछ समस्याएं चिंता का कारण बनेगी। अपने टारगेट को पूरा करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम और प्रयास की जरूरत होगी। रोजी-रोजगार की तलाश में जुटे लोगों का इंतजार बढ़ सकता है। मुश्किल समय में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रतिदिन गणपति भगवान की आराधना करें।
- **तुला राशि:** इस राशि के जातकों को इस सप्ताह कामकाज का बोझ ज्यादा रहेगा। कार्यक्षेत्र से जुड़ी कुछ परेशानियों के बीच घर-परिवार में भी किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ तकरार बढ़ सकती है। सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी और लव पार्टनर के साथ बेहतर तालमेल बनाएं। प्रतिदिन शिवलिंग पर दूध एवं जल अर्पित करें।
- **वृश्चिक राशि:** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिला-जुला रहेगा। चुनौतियां कार्यक्षेत्र से जुड़ी हों या फिर आपके निजी जीवन से, अपनी बुद्धि और विवेक से उससे पार पाने में कामयाब होंगे। प्रतियोगिता की तैयारी में लगे छात्रों को कठिन परिश्रम करना होगा। आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। प्रतिदिन हनुमत उपासना करें।
- **धनु राशि:** इस राशि के जातकों का यह सप्ताह कारोबार की दृष्टि से अच्छा रहेगा। सप्ताह की शुरूआत में ही मनचाहा पद प्राप्त हो सकता है। किसी विशेष उपलब्धि के लिए आपको सम्मानित भी किया जा सकता है, जिससे आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिजन आपके प्रेम विवाह के प्रस्ताव पर राजी हो सकते हैं। दांपत्य जीवन सुखमय बना रहेगा। प्रतिदिन विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें।
- **मकर राशि:** इस राशि के जातकों को इस सप्ताह घर की मरम्मत या जरूरत के किसी सामान के लिए ज्यादा धन खर्च करना पड़ सकता है, जिससे बजट थोड़ा गड़बड़ा सकता है। यदि आप विदेश में जाकर बसने या रोजी-रोजगार के लिए प्रयासरत हैं तो थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। किसी योजना में धन निवेश करने से पहले किसी शुभचिंतक की सलाह लेना न भूलें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा करें।
- **कुंभ राशि:** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह करियर और कारोबार की दृष्टि से शुभ रहेगा। व्यवसायिक यात्रा सुखद एवं लाभदायक साबित होगी। नौकरीपेशा लोगों की आय के अतिरिक्त स्रोत बनेंगे। प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। यह सप्ताह शुभ साबित होगा। दांपत्य जीवन सुखमय बना रहेगा। प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ करें।
- **मीन राशि :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सफलता का है। रोजी-रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को मनचाहा पद या जिम्मेदारी मिल सकती है। सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिलेगा। विदेश से जुड़कर काम करने वालों के लिए यह समय शुभ रहेगा। व्यवसाय में मनचाहा लाभ, प्रगति मिलेगी। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। प्रतिदिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। विद्यार्थियों के लिए यह इस सप्ताह मिला-जुला फल होगा।
- **मेष राशि:** इस राशि के जातकों का इस सप्ताह स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अपने कार्यक्षेत्र या व्यवसाय में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ काम करेंगे। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों के लिए यह अत्यंत ही शुभ समय है। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में मनचाही सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। प्रतिदिन हनुमान चालीसा का सम्पुट के साथ पाठ करें।

# बलिया के बैरिया में कुल 135 मामलों, महज आठ का हुआ निस्तारण

## समाधानः एसडीएम ने तलब की राजस्व निरीक्षकों की रिपोर्ट, डीएम ने मातहतों को दी कार्रवाई की चेतावनी

शौर्य न्यूज इंडिया



बैरिया, बलिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ देख डीएम रवीन्द्र कुमार ने नाराजगी जाहिर की। डीएम की अध्यक्षता में बैरिया में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद के मामलों की भरमार रही। उन्होंने मातहतों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए एसडीएम सुनील कुमार से राजस्व निरीक्षकों का रिपोर्ट तलब किया। कहा कि जब तक इनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई नही होगी, तब तक ये चेतने वाले नहीं है। खेतों की पैमाइश एवं पत्थर नसब के बाद पत्थर उखाड़ने वाले के खिलाफ तत्काल एफआईआर कर जेल भेजने का निर्देश दिया।

कहा कि पुलिस ऐसे लोगों के विरुद्ध गुंडा एक्ट एवं गैंगेस्टर की कार्यवाई करें। भूमि विवाद के मामलों का अंबार देख डीएम ने एसडीएम को खरी खोटी सुनाई। कहा कि 10 मामले रोज निस्तारित करते तो इतनी भीड़ नहीं होती। चक गिरधर के एक फरियादी के विद्युत कनेक्शन विच्छेन के मामले में एसडीएम से विद्युत विभाग के अवर अभियंता, एसडीओ व अधिशासी अभियंता की गतिविधियों की जांच करने और तत्काल जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कहा कि इन्हें निलंबित करने के लिए एमडी को रिपोर्ट भेजूंगा। इसी तरह अधिकांश मामलों में जिलाधिकारी का तेवर मातहतों के प्रति तल्ख होने के कारण मातहतों की बोलती बंद थी।

गोपाल नगर निवासी रनिंद्र यादव ने गाड़ी बेचने और पैसा लेने के बावजूद गाड़ी का कागजात नहीं देने का मामला डीएम के समक्ष रखा। इसमें डीएम ने प्रभारी निरीक्षक को तत्काल एफआईआर करने का निर्देश दिया। गणेश यादव निवासी उपाध्यायपुर ने शिकायती पत्र देकर पत्थर नसब के बाद पत्थर उखाड़ने का मामला उठाया। बसन्ती देवी पत्नी ददन सिंह निवासी खरौनी, थाना बांसडीह ने पुराने पैतृक आवास पर दबंगों का कब्जे का मामला उठाया।

जगसरिया यादव, घुघली यादव आदि ने डीएम को आवेदन पत्र देकर पत्थर नसब के बाद पत्थर उखाड़ने का मामला डीएम के समक्ष उठाया। रामेश्वरी देवी निवासी श्रीनगर ने भूमि विवाद का मामला उठाते हुए चकबन्दी विभाग के अधिकारियों के ऊपर उदासीनता का आरोप लगाया। कृष्णा यादव निवासी दोकटी, विजय शंकर सिंह निवासी जमालपुर, उमादेवी पत्नी विश्वनाथ सिंह निवासी लक्ष्मीपुर सहित दर्जनों लोगों ने भूमि विवाद के मामले प्रस्तुत किये। पूर्व सैनिक शैलेन्द्र सिंह निवासी टोला फकरु राय को जोड़ने वाली गांव की सड़क के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की। इस तरह कुल 135 मामले में से केवल आठ का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष मामलों को सबंधित विभागों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एस आनंद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजयपति द्विवेदी, बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव, उपायुक्त मनरेगा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी रहे।

**नहीं हो रहा मामले का निस्तारण :** रामपुर कोड़रहा निवासी पूर्व सैनिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि रामपुर कोड़रहा मौजा में ग्राम पंचायत की 80 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा का मामला पिछले चार संपूर्ण समाधान दिवसों से रख रहा हूं। बावजूद इसके समाधान नहीं हो पाया है। आज भी इस मामले को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया हूं।

**सुलझ नहीं रहा भूमि विवाद का मामला :** बीबी टोला निवासी वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से हर संपूर्ण समाधान दिवस पर भूमि विवाद का मामला सुलझाने के लिए फरियाद कर रहा हूं। बावजूद इसके अभी तक मामले का निस्तारण नहीं हुआ है। आज भी भूमि विवाद के मामले को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया हूं।

**एसडीएम ने सुनी आमजन की फरियाद :** सिकंदरपुर। तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी रवि कुमार पासवान की अध्यक्षता में किया गया। इसमें कुल 60 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें चार का मौके पर निस्तारण हुआ। वहीं, अन्य प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण के लिए भेज दिया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, तहसीलदार संत विजय सिंह, थानाध्यक्ष सिकंदरपुर दिनेश पाठक, खंड शिक्षा अधिकारी नवानगर अनूप कुमार त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रसाद, एसडीओ अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्कूली वाहनों की करायें जांच

बैरिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम रवीन्द्र कुमार ने एसडीएम सुनील कुमार को निर्देशित किया है कि विद्यालयों में बच्चों को ले आने-ले जाने वाले वाहनों का अभियान चलाकर तकनीकी जांच कराये। चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराये। यह सुनिश्चित करें कि वाहनों में चालक बच्चों को ठूस-ठूस कर ना भरे। विद्यालयों के वाहनों को किसी भी परिस्थिति में ओवरलोड चलने की छूट न दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात के सभी नियमों को स्कूली वाहन एवं उनके चालक पालन कर रहे है। वाहन का बीमा व सभी दस्तावेज सही होना चाहिए। अन्यथा की स्थिति में वाहनों का परिचालन रोक कर उसे सीज कर दें।

## 480 किग्रा पटाखा बरामद, चार गिरफ्तार

बलिया। स्वाट टीम बलिया एवं चितबड़ागांव पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध पटाखों के भण्डारण/ बिक्री करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 20 बोरी से लगभग 480 किग्रा अवैध पटाखा बरामद किया है। एसपी एस.आनन्द द्वारा अपराधों एवं त्योहारों में अवैध कार्यों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में एएसपी दुर्गा प्रसाद व क्षेत्राधिकारी सदर अशोक के कुशल निर्देशन में शुक्रवार को थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार चौधरी मय फोर्स व एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक अजय यादव मय फोर्स के साथ आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत देखभाल क्षेत्र दौरान भ्रमण थाना क्षेत्र में मुखबीर खास की सूचना पर 20 बोरी अवैध पटाका भण्डारण करने वाले अभियुक्तगण राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्याम बिहारी, रोहित कुमार पुत्र गणेश प्रसाद, सचिन पुत्र त्रिभुवन प्रसाद गुप्ता और त्रिभुवन प्रसाद पुत्र स्व.श्याम बिहारी प्रसाद जायसवाल आदि रहे।



## अल्पसंख्यक मंच के प्रदेश सचिव महताब

सोनभद्र (अशोक कनौजिया)। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अनुप्रिया पटेल के निर्देशन में पुनः ओबरा के रहने वाले महताब आलम को अल्पसंख्यक मंच का प्रदेश सचिव बनाया गया सभी पदाधिकारी ने माला पहनकर मिठाई एक दूसरे को खिलाकर खुशी का इजहार किया।अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु ने महताब आलम के पुनः प्रदेश सचिव बनाए जाने पर खुशी जाहिर किया और कहा कि हमारी पार्टी सर्व समाज के लिए काम करती है और सभी को बराबर का हक देती है हम अपनी नेता अनुप्रिया पटेल केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस एवं आशीष भैया एवं प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी का हृदय से आभार प्रकट किया मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी जिला महासचिव राधेश्याम भारती जिला महासचिव सिंबू शेख जिला उपाध्यक्ष युवा मंच राजकुमार यादव युवा मंच जिला महासचिव दिनेश केसरी युवा मंच जिला उपाध्यक्ष संतोष कनौजिया विधानसभा अध्यक्ष विकास कुमार गौड़ विधानसभा अध्यक्ष छात्र मंत्री रिशु मिश्रा सेक्टर अध्यक्ष शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# अलविदा बलिया महोत्सव, अगले वर्ष मिलेंगे

## कैलाश खेर, रवि किशन निरहुआ ने बिखेरा जलवा, और भव्य होगा बलिया महोत्सव



बलिया। बलिया महोत्सव की एक शाम सांसद एवं फिल्म अभिनेता रवि किशन और दिनेश लाल निरहुआ के नाम रहा। वही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को जमकर बधाईया मिली। कहा कि एक पुरानी शुरुआत को मंत्री ने नया कर दिखाया। बलिया का नाम पूरी दुनिया में एक बार फिर हुआ हैं।

बलिया महोत्सव की शुरूआत देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने किया था। बलिया महोत्सव की शुरुआत पहले पूर्व मंत्री राजधारी सिंह ने किया। फिर उसके बाद 2008 में बसपा सरकार में हुआ था। एक मौका फिर आया, उसकी शुरुआत परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने 2023 में किया है। बलिया स्थापना दिवस के 144वां वर्षगांठ पर यह महोत्सव काफी बेहतर रहा है। पहले दिन कैलाश खेर, दूसरे दिन गोपाल राय और तीसरे दिन सांसद रवि किशन और निरहुआ का यादगार कार्यक्रम रहा। मंत्री, सांसद, अधिकारियों ने बलिया महोत्सव को एक नई दिशा दी है। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अब बलिया महोत्सव हर वर्ष होगा और भारत के फेमस कलाकार बलिया में आयेंगे।

बलिया स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य तीन दिवसीय बलिया महोत्सव का समापन शुक्रवार को हो गया। अंतिम दिन अभिनेता व सांसद रवि किशन और दिनेश लाल यादव निरहुआ सहित कई कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर महोत्सव को यादगार बना दिया। आयोजन में अंतिम दिन अपार जनसमूह उमड़ा था। पद्मश्री सांसद सोमा घोष ने भी अपनी गीतों से लोगों को खूब झुमाया। काशी हिंदू विवि से आए कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। मुंबई से आए हास्य कलाकार रवींद्र जाली ने लोगों को खूब गुदगुदाया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए डीएम के अलावा उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव अगले वर्ष से और भव्य होगा। अगले वर्ष आयोजन सात दिन का होगा, जिसमें पूरे देश से नामी-गिरामी कलाकारों को बुलाया जाएगा। आयोजन में लगे वलिंटियर्स को भी धन्यवाद दिया। मौके पर डीएम रविंद्र कुमार, एसपी एस आनंद, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## तीन किलो 950 ग्रा. गांजा बरामद

अनपरा/ शक्तिनगर। मादक पदार्थों के बिक्री एवं तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अनपरा पुलिस ने राजेश कुमार भारती पुत्र रामविशाले, निवासी शिवमंदिर रेनूसागर, अनपरा को कोलगेट मोड़ रेनूसागर के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। शक्तिनगर संवाददाता के अनुसार- मध्यप्रदेश चुनाव में बार्डर चेकिंग के अभियान में स्थानीय पुलिस ने जहां एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया वही चौकी बीना ने भी एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बंशराज यादव, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार एवं सौरभ यादव के साथ बार्डर चेकिंग पर थे कि एक व्यक्ति झोला लिए संदिग्ध हालात में बार्डर पार कर रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान झोले से सवा किलो गांजा बरामद हुआ। उसने अपना नाम सुरेन्द्र यादव पुत्र रामलोचन यादव निवासी चिल्काटांड़ बस्ती बताया। वहीं दूसरी ओर बीना चौकी इंचार्ज राजेश सिंह ने शनि मंदिर बीना मोड़ पर प्लास्टिक की थैली में गांजा लिए खड़े व्यक्ति के पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम केशरी लाल साकेत पुत्र महादेव साकेत निवासी सुहिरा, माड़ा, सिंगरौली बताया।

**12500 का इनामिया गैंगस्टर ऐक्ट का आरोपी गिरफ्तार : सोनभद्र।** अपराधियों के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में बभनी पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के वांछित मनोहर कुमार पुत्र लाल बिहारी चौहान निवासी ग्राम जमुई, सिकन्दरपुर, बलिया को शनिवार को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

# ऑपरेशन लंगड़ा अभियान जारी

## दुर्गेश हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त मुठभेड़ में घायल



अतरौलिया (आजमगढ़)। अहरौला थाना क्षेत्र में पुलिस का आपरेशन लगड़ा अभियान जारी रहा। शनिवार की सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस से बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि बीते 14 अक्टूबर को प्रयागराज जिले के रहने वाले एक युवक का शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान दुर्गेश मिश्रा के रूप में हुई थी। जिसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान पाये गये थे। इस मामले की जांच में पता चला था कि युवक से वाहन को लूटकर बदमाशों ने उसकी हत्या कर दी थी।

इस मामले में पुलिस को आरोपियो की तलाश थी, इसी बीच अहरौला थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक चार चक्का गाड़ी पर सवार तीन लोग दुवार्सा गहजी मार्ग की तरफ जा रहे है, जो दुर्गेश मिश्रा हत्याकाण्ड के आरोपी हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दुर्वासा गहजी मार्ग पर चेकिंग करना शुरू कर दिया। इस दौरान चार चक्का गाड़ी पर सवार तीन लोग आते दिखे, पुलिस ने उन्हें रूकने का इशारा किया तो गाड़ी लेकर भागने लगे, कुछ दूर आगे जाने के बाद चार चक्का गाड़ी खराब हो गई।

इस दौरान बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, घायल बदमाश को ईलाज के लिए अहिरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां उसका उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया गया। घायल बदमाश की पहचान अंकित सिंह के रूप में हुई, जो देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लहुआ कला गांव का निवासी है। बदमाश के पास से पुलिस ने लूट का वाहन, असलहा व कारतूस बरामद किया है।

## विद्युत उपकेन्द्र हेतु सेठवल में भूमि चिह्नित

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय क्षेत्र के सेठवल गांव में प्रस्तावित विद्युत उपकेंद्र के लिए भूमि चयनित की प्रक्रिया पूरी होते ही ग्रामीणों में प्रसंन्नता है। सेठवल में 33 केवीए का विद्युत उपकेन्द्र शासन द्वारा प्रस्तावित है। सेठवल गाव में विद्युत उपकेंद्र के लिए ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे। जाफरपुर उपकेंद्र से अभी यहां विद्युत आपूर्ति होती है।ग्रामीणों ने अपनी मांग उर्जामंत्री तक पहुंचाई। शासन द्वारा आरडीएसएस योजना के तहत 33 केवीए के विद्युत उपकेंद्र की मंजूरी देते हुए भूमि सुरक्षित करने का निर्देश विभाग को एक सप्ताह पूर्व दिया था। भूमि सुरक्षित के लिए ग्राम प्रधान से भी ग्रामीणों ने मांग रखी।सेठवल गांव के पश्चिमी भाग में भूमि चिन्हित की प्रक्रिया करने के साथ ही आगे की प्रक्रिया शुरू हो गई। गांव के धनंजय राय, ऋषिकांत राय, विजय राय ने बताया कि उपकेंद्र से विद्युत समस्या से छुटकारा मिलेगा और गांवों की आपूर्ति सुदृढ़ होगी।

# ...तो मुख्तार का कारखास है फरार चेयरमैन

## लगातार दबिश डाल रही पुलिस, रियाज ने चेयरमैन पद की आड़ में बनाई अकूत संपत्ति

गाजीपुर। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी से बहादुरगंज चेयरमैन रियाज अंसारी का बेहद करीबी रिश्ता है। पुलिस प्रशासन के रिकार्ड में आईएस 191 गिरोह का सदस्य है। इसका खौफ बहादुरगंज नगर पंचायत में इसी से लगाया जा सकता है कि 25 साल से चेयरमैन की कुर्सी पर काबिज है। जिसमें चार बार स्वयं और एक बार पत्नी निकहत परवीन अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान रह चुकी है। चेयरमैन पद की आड़ में इसने करीब 50 करोड़ की बेनामी सम्पत्ति अर्जित किया है। योगी सरकार आते ही बहादुरगंज चेयरमैन रियाज अंसारी का काला अध्याय खुलने लगा है। माफियागिरी के बल पर किया गया फर्जीवाड़ा सामने आने लगा है। इसकी पत्नी निकहत परवीन फर्जी दस्तावेज के आधार पर शिक्षक का पद हथियाने में गिरफ्तार हो चुकी है। वहीं इस मामले में प्रबंधक और कमेटी के सदस्य पर भी मुकदमा कायम है, जो फरार चल रहे है। आईएस 191 गिरोह का सदस्य रियाज अंसारी भी फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस प्रशासन लगातार इसके घर और संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इसका कहीं पता नहीं चल रहा है।



**अफजाल अंसारी की जमानत में दिया था पांच लाख :** मुख्तार अंसारी के काले साम्राज्य का सबसे बड़ा राजदार व ब्लैक मनी को व्हाइट मनी का खेल रेयाज अंसारी द्वारा किया जाता रहा है। फैजान खान ने बताया कि विगत माह पूर्व सांसद अफजाल अंसारी के जमानत में भी पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद की थी।

**मुख्तार के प्रतिनिधि के तौर पर करता था कार्य :** बहादुरगंज के पठान टोली निवासी भाजयुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष फैजान खान ने 25 सितंबर को शासन को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि मुख्तार अंसारी का खासमखास रियाज अंसारी बहादुरगंज चेयरमैन की कुर्सी के आड़ में पचास करोड़ की बेनामी संपति अर्जित की है। यह माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के सक्रिय सदस्य है। पूर्व में तत्कालीन विधायक मुख्तार अंसारी का प्रतिनिधि के तौर पर मऊ में भी कार्य करता था।

**चेयरमैन का आपराधिक रिकार्ड :** बहादुरगंज चेयरमैन पर जिले में कई आपराधिक मुकदमे है। मु.स. 270/2013, धारा-323, 506, 353 आईपीसी व मु.अ.सं- 866/2014 धारा-323, 506, 504, 354 व पास्को एक्ट तथा मु.अ.सं.-88/2016 धारा- 452, 506, 353 वगैरह दर्ज होकर आरोप पत्र न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। अपनी मजबूत पकड़ व राजनीतिक रसूख चलते पैसों के बल पर अभी तक यह बचता चला आ रहा है। शासन को लिखे पत्र में बताया कि लखनऊ में फ्लैट, जमीन, मऊ में जमीन, बहादुरगंज कस्बा में जमीन एवं दर्जनों लग्जरी गाड़िया है। हर जरूरत पर अंसारी बन्धुओं के परिवार का आर्थिक रूप से निरन्तर वर्तमान में सहयोग कर रहा है साथ ही काफी चालाक व चालबाज किस्म का व्यक्ति है।

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले तेरह बीएलओ पर रपट दर्ज



भदोही। निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को भदोही उपजिलाधिकारी शिव प्रकाश यादव ने तहसील क्षेत्र के एमए समद इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय मर्यादपट्टी, एकमा स्थित बूथों का व मदर हलीमा स्कूल में बने बूथों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें एक दर्जन से अधिक बीएलओ व चार सुपरवाइजर अनुपस्थित मिले। बीएलओ व सुपरवाइजरों की लापरवाही के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने अनुपस्थित सभी बीएलओ पर प्राथमिक दर्ज करने का निर्देश दिया व चार सुपरवाइजर का वेतन रोक दिया। एसडीएम ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार आर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दिनांक 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसंबर 2023 तक चलाया जा रहा है। हाउस टू हाउस सर्वे समाप्त होने के बाद कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 04 नवंबर (शनिवार) व 05 नवंबर 2023 (रविवार) को विशेष अभियान तिथि निर्धारित किया गया है। निर्धारित नियत तिथि को समस्त बूथ लेवल आफिसर को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक उपस्थित रहकर पात्र मतदाताओं के फार्म 6, 7 व 8 प्राप्त करने तथा सांय 5:00 बजे तक प्राप्त फार्मो की सूचना अपने विधानसभा के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ऐसे में किसी भी कर्मी द्वारा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बंधी में मिला युवक का शव, पहुंची पुलिस

## पुत्र के साथ बंधी पर गया था मछली मारने, पोस्टमार्टम के बाद पचा चलेगी सचाई



कलवारी। मड़िहान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा गोपालपुर के रजबंधवा बंधी में 32 वर्षीय रजिंदर पुत्र बिंद्रा का शव सीधे मुंह गिर मिला। ग्राम सभा मरचा के छोटा मरचा गांव निवासी मृतक रजिंदर बुधवार के दिन अपने 10 वर्षीय पुत्र अमन के साथ रजबंधवा बंधी में मछली मारने गया था। बंधी से पहले ही अपने 10 वर्षीय पुत्र को खड़ाकर बंधी के किनारे जाल लेकर मछली मारने चला गया।

कई घंटा समय बीतने के बाद बंधी से वापस लौटकर पिता के न आने पर पुत्र अमन पिता को पुकारा कोई उत्तर न मिलने पर घर चला गया। मृतक रजिंदर की पत्नी की मौत 2 साल पहले हो चुकी है। मृतक की तीन लड़की व एक लड़का है सभी नाबालिक ही हैं। एक-दो दिन इंतजार के बाद मृतक के भाई रिश्तेदारी नातेदारों के यहां पता लगाया। लेकिन कहीं पर भी रजिंदर का पता नहीं चला। शनिवार के दिन बंधी के बगल के खेत में कटाई करने गई महिलाओं ने बंधी में शव देखकर शोर मचाया। मौत की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। मौके पर सीओ नक्सल अनिल कुमार पांडेय व एसएसआई विनय राय मयफोर्स मौके पर पहुंचे। शव को बंधी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। इस संबंध में सीओ नक्सल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि रजबंधवा बंधी में युवक का शव मिला है। शव को बंधी से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

**युवक ने गंगा पुल से लगाई छलांग, मौत : चील्ह।** थाना क्षेत्र के मिजार्पुर औराई मार्ग पर शनिवार की सुबह 8:30 बजे शास्त्री सेतु से 22 वर्षीय युवक ने गंगा में छलांग लगा दिया। जानकारी के अनुसार आलोक सिंह 22 पुत्र स्वर्गीय रमाशंकर सिंह निवासी भारतीपुर रामपुर जौनपुर जो थाना क्षेत्र के चील्ह गांव में अपने मामा धनंजय सिंह के यहां बचपन से रहता था। शनिवार की सुबह मिजार्पुर औराई मार्ग पर चील्ह थाना क्षेत्र के शास्त्री सेतु पर पहुंच कर गंगा में छलांग लगा दिया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोर के सहायता से 1 घंटे की मशक्कत के बाद पुल से 100 मीटर की दूरी से शव को बाहर निकाल लिया गया। युवक के मामा धनंजय सिंह ने बताया कि आलोक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी जिसका वाराणसी से इलाज चल रहा था। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम नही कराया। आलोक पांच भाईयो में दूसरे नंबर का था। आलोक के मौत की जानकारी पर परिजनो में कोहराम मच गया।

**नहर में डूबने से वृद्ध की मौत :** राजगढ़। स्थानीय क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति की नहर के किनारे पैर फिसलकर गहरे पानी में गिरने से डूबकर मौत हो गई। थाना क्षेत्र के चौखड़ा ग्राम पंचायत अन्तर्गत पिपरवार गांव में अपनी बेटी सुशीला के घर आए सोनभद्र जनपद के घोरावल थाना क्षेत्र निवासी अलगू पुत्र डंगर कोल उम्र लगभग 70 वर्ष की नहर में डूबने से मौत हो गई। दोपहर बाद नहर के किनारे पड़े शव को देखकर हड़कंप मच गया और घटना की जानकारी मृतक के बेटी को दी गई जिसके बाद दौड़ते भागते घटना स्थल की ओर सब पहुंचे और पिता के शव को देखकर बेटी बेसुध होकर रोने लगी।

# मुठभेड़ में इनामिया बदमाश गोली लगने से घायल, अरेस्ट

सुइथाकला। सर्किल के सरपतहां और शाहगंज पुलिस के संयुक्त अभियान में बीती रात क्षेत्र के गुड़बड़ी चौराहे पर मुठभेड़ में एक इनामिया शातिर बदमाश घायल हो गया। घायल होने के बाद उसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गोली उसके पैर में लगी। गिरफ्तार बदमाश की पहचान शाहगंज थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी रामभुज यादव ऊर्फ रामबुझ यादव पुत्र ज्ञान प्रकाश यादव अन्तर्जनपदीय इनामिया शातिर बदमाश के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध गृह जनपद समेत उन्नाव, आजमगढ़, गोरखपुर, बाराबंकी व अन्य जनपदों में चोरी, हत्या व गोतस्करी समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बतौर पुलिस, थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह मय हमराही व शाहगंज पुलिस के प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी मय हमराह के संयुक्त अभियान के दौरान शुक्रवार की रात क्षेत्र के गुड़बड़ी चौराहे पर उक्त बदमाश मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में गिरफ्तारी के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से 315 बोर के अवैध तमंचे के साथ 315 बोर का एक खोखा व एक कारतूस तथा 1416 रूपया नकद बरामद किया गया। इधर बरामदगी के आधार पर सरपतहां थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की तहरीर पर थाना पुलिस ने बदमाश के विरूद्ध धारा 307 व 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। उक्त के उपर जौनपुर व आजमगढ़ पुलिस ने क्रमशः दस और पचीस हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा है। मुठभेड़ के दौरान उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार राय व राम सुन्दर मौर्य व उपनिरीक्षक शाहगंज विनोद कुमार अंचल व हमराहियों में सरपतहां पुलिस के हेडकांस्टेबल जितेंद्र, छट्ठू यादव, कान्सटेबल अमित कुमार शाहनी, रामदवन यादव व सर्वेश गौड़ तथा कोतवाली शाहगंज से कान्सटेबल रवि प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, दिग्विजय यादव व अमित कुमार मौजूद रहे।

# अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में SEBI ने SC से और समय मांगा

## कहा- विस्तृत जांच में लगेंगे तकरीबन 15 महीने लेकिन छह महीने में खत्म करने की करेंगे कोशिश



**मुम्बई, एजेंसी।** मार्केट रेगुलेटर सेबी ने शनिवार को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जांच पूरी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से 6 महीने का और समय मांगा है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि मामले की जटिलता को देखते हुए जांच पूरी होने में कम से कम 15 महीने लगेंगे, लेकिन इसे 6 महीने में खत्म करने की कोशिश की जाएगी। सेबी ने कोर्ट से कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में जिन 12 संदिग्ध ट्रांजैक्शंस की बात कही गई हैं, वे पहली नजर में काफी कॉम्प्लैक्स लगती हैं। इनकी गहराई से जांच करने की जरूरत है। इसलिए सेबी ने सुप्रीम कोर्ट से जांच के लिए कम से कम छह महीने और समय देने का अनुरोध किया है। दो महीने पहले मार्च में अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 6 मेंबर्स एक्सपर्ट कमेटी बनाई थी। एक PIL पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी बनाने को कहा था। इस कमेटी को मामले की जांच सौंपने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया, यानी सेबी से भी स्टॉक्स की कीमतों में हेरफेर की जांच रिपोर्ट देने को कहा था। सेबी को 2 महीने के भीतर स्टेटस रिपोर्ट देनी थी, जिसकी डेडलाइन 2 मई यानी मंगलवार को खत्म हो रही है। जांच पूरी न होने के कारण अब सेबी ने कोर्ट से अतिरिक्त समय की मांगा की है। सुप्रीम कोर्ट ने जो कमेटी बनाई है, उसके हेड रिटायर्ड जज एएम सप्रे हैं। उनके साथ इस कमेटी में जस्टिस जेपी देवधर, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने कमेटी बनाने का यह आदेश 2 मार्च को दिया था।

कॉन्ट्रैक्ट रेगुलेशन रूल्स का नियम 19 (अ) शेयर मार्केट में लिस्टेड कंपनियों की मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़ा है। भारतीय कानून में किसी भी लिस्टेड कंपनी में कम से कम 25% शेयरहोल्डिंग पब्लिक यानी नॉन इनसाइडर्स की होनी चाहिए। अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया था कि गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी विदेश में शेल कंपनियों को मैनेज करते हैं। इनके जरिए भारत में अडाणी ग्रुप की लिस्टेड और प्राइवेट कंपनियों में अरबों डॉलर ट्रांसफर किए गए। इसने अडाणी ग्रुप को कानूनों से बचने में मदद की।

**कमेटी इन 2 पहलुओं की जांच करेगी :** शेयर मार्केट का रेगुलेटरी फ्रेमवर्क मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। यानी मार्केट में होने वाली ट्रेडिंग की निगरानी और पुख्ता की जाएगी। अडाणी ग्रुप के शेयर्स में तेज गिरावट से जुड़े विवादों की जांच करेगी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद ग्रुप के शेयर्स गिरे थे।

**कमेटी के अलावा सेबी भी 2 पहलुओं की जांच करेगी:** क्या सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट रेगुलेशन रूल्स के नियम 19 (अ) का उल्लंघन हुआ? क्या मौजूदा कानूनों का उल्लंघन कर स्टॉक की कीमतों में कोई हेरफेर हुआ?

### सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश भी दिए थे

- सेबी के चेयरपर्सन को एक्सपर्ट कमेटी को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी
- केंद्र सरकार से जुड़े एजेंसियों को कमेटी के साथ सहयोग करना होगा
- कमेटी अपने काम के लिए बाहरी विशेषज्ञों से परामर्श ले सकती है
- कमेटी मेंबर्स का पेमेंट चेयरपर्सन तय करेंगे और केंद्र सरकार वहन करेगी
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक सीनियर ऑफिसर को नॉमिनेट करेंगी
- ये कमेटी को लॉजिस्टिकल असिस्टेंस देने के लिए नोडल ऑफिसर के रूप में काम करेंगे
- कमेटी के सभी खर्चों को केंद्र सरकार ही वहन करेगी

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं थीं चार याचिकाएं

इस मामले में 4 जनहित याचिकाएं दायर हुई थीं। एडवोकेट एम एल शर्मा, विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सोशल वर्कर मुकेश कुमार ने ये याचिकाएं दायर की थीं। मामले में पहली सुनवाई चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने 10 फरवरी को की थी।

## दुबई में 83 हजार भारतीय कंपनियां

**दुबई, एजेंसी।** दुबई में चहलपहल से दमकते मीनाबाजार के बीच खड़े होकर नहीं लगता कि आप मुंबई से सैकड़ों किलोमीटर दूर हैं। बाजार की गलियों में बिरयानी वाला एंड कंपनी, मिनी पंजाब रेस्तरां और तनिष्क ज्वेलरी जैसे नामों की भरमार है। हिंदी, मलयालम और अरबी भाषा में दुकानों के साइनबोर्ड नजर आते हैं। मीनाबाजार भारतीय बिजनेस के बढ़ते विशाल नेटवर्क की झलक दिखाता है। स्थानीय बिजनेस चैम्बर के अनुसार भारतीयों के स्वामित्व की 11 हजार कंपनियां 2022 में दर्ज हुई हैं। इन्हें मिलाकर कुल भारतीय कंपनियों की संख्या 83 हजार हो गई है।

भारतीय कंपनियों के पीछे संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले 35 लाख भारतीय खड़े हैं। इन आप्रवासियों ने 2021 में 1.63 लाख करोड़ रुपए से अधिक भारत भेजे हैं। यूएई के लिए भारत फूड, जेम्स, ज्वेलरी, चमड़े की वस्तुएं, दवाइयों और निवेश के अवसरों का स्रोत है।

# अब आईपीओ की तैयारी में रिलायंस

## अक्टूबर तक जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का आ सकता है IPO



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड जल्द ही अपनी डिजिटल फाइनेंस यूनिट को शेयर मार्केट में लिस्ट करा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज अक्टूबर के लास्ट तक जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का IPO लाने की तैयारी में है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की लिस्टिंग के लिए जरूरी मंजूरी लेने को लेकर बिजनेस ग्रुप इंडियन रेग्युलेटर्स से बातचीत कर रहा है। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अभी तक ऑफिशियल तौर पर इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी है।

मार्च की एक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, इंडस्ट्रीज के शेयर होल्डर्स और क्रेडिटर्स की 2 मई को मीटिंग होगी। इस मीटिंग में जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को एक अलग यूनिट बनाने के लिए वोटिंग होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पिछले साल नवंबर में केवी कामत को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन नियुक्त किया था। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो मैकलेरन स्ट्रैटेजिक वेंचर्स के बड़े अधिकारियों में शामिल हितेश सेठिया अगले कुछ महीनों में बतौर CEO जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड से जुड़ सकते हैं।

पिछले साल मुकेश अंबानी ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को एक अलग यूनिट बनाने का ऐलान किया था। उन्होंने इस बात की घोषणा करते हुए कहा था कि जियो फाइनेंशियल लिमिटेड टेक्नोलॉजी बेस्ड बिजनेस होगा, जो देशभर में रिलायंस इंडस्ट्रीज की अवेलेबिलिटी का फायदा उठाकर फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स की डिजिटल तरीके से पेशकश करेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के सभी शेयर होल्डर्स को जियो फाइनेंशियल की शेयर मार्केट में लिस्टिंग के समय हर एक शेयर के बदले एक शेयर मिलेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) ने 21 अप्रैल को Q4FY23 यानी चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के रिजल्ट्स अनाउंस किए थे। Q4 में कंपनी का साल-दर-साल (YoY) नेट प्रॉफिट 19.10% बढ़कर 19,299 करोड़ रुपए रहा। यह कंपनी का अब तक का सबसे हाईएस्ट क्वार्टरली नेट प्रॉफिट है।

# कोटक बैंक में 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ा 'प्रॉफिट'

## 1.5 रुपये के डिविडेंड का किया एलान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरबपति उद्योपति उदय कोटक की कोटक महिंद्रा बैंक ने आज वित्त वर्ष 23 के आखिरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक का Q4 PAT 26.31 प्रतिशत साल दर साल ( YoY) और 25.20 प्रतिशत तिमाही दर तिमाही (QoQ) से बढ़कर रुपये 3,495.59 करोड़ हो गया। बैंक ने Q4 में अपने कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट में 4,566 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की है जो प्रॉफिट का 14.29 प्रतिशत है। जनवरी-मार्च 2023 के लिए कोटक बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट बढ़कर 3,496 करोड़ रुपये हो गया, जो कि एक साल पहले की अवधि में 2,767 करोड़ रुपये था।

FY23 के लिए, बैंक का कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 23 प्रतिशत बढ़कर 14,925 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने बताया कि इसके नेट इंटरेस्ट मार्जिन में 5.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और कोर नेट इंटरेस्ट इन्कम 6,103 करोड़ रुपये हो गई है जो पिछले साल 4,521 करोड़ रुपये थी। बैंक ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक का ग्रास नॉन परफॉर्मिंग एसेट (जीएनपीए) 2.34 प्रतिशत से घटकर 1.78 प्रतिशत हो गई है। मार्च तिमाही में एनपीए 0.37 प्रतिशत रहा। कोटक बैंक का जीएनपीए वित्त वर्ष 22 के आखिरी तिमाही में 1.90 प्रतिशत था। बैंक ने कहा कि उसने मार्च तिमाही में 22 लाख ग्राहक जोड़े हैं।

# केवल कंपनियों का विलय और अधिग्रहण कर बना अरबपति



जापान में 32 साल के लड़के ने किया कमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमएंडए रिसर्च इंस्टीट्यूट होल्डिंग के फाउंडर और सीईओ 32 वर्षीय शुनसाकु सगामी जापान के सबसे नए अरबपति बन गए हैं। उनकी कंपनी छोटी और मध्यम साइज की फर्म के अधिग्रहण और विलय का कार्य करती है। 2022 में जापान में रिकॉर्ड 4304 विलय और अधिग्रहण के लेनदेन देखने को मिले थे, इसका फायदा सगामी की कंपनी एमएंडए रिसर्च इंस्टीट्यूट होल्डिंग को हुआ है। पिछले एक साल जून में उनकी कंपनी एमएंडए रिसर्च इंस्टीट्यूट होल्डिंग के लिस्ट होने के बाद शेयर में रिकॉर्ड 340 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला था। शुक्रवार को उनकी कंपनी का शेयर 10,090 जापान युआन (74.36 डॉलर) पर बंद हुआ था। सगामी की कंपनी में 73 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और उनकी संपत्ति एक अरब डॉलर से अधिक है। एमएंडए रिसर्च इंस्टीट्यूट होल्डिंग की 2018 में स्थापना हुई थी। कंपनी अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए खरीदार और ऐसी कंपनियों के बीच संपर्क स्थापित करती है जिन पर बंद होने का खतरा होता या फिर किसी कारण कंपनी का प्रमोटर उसे बेचना चाहता है। कंपनी की ओर से दिसंबर 2022 तिमाही में बताया गया कि इस दौरान 33 लेनदेन पूरे किए गए हैं और 426 डील्स अभी पाइपलाइन में है। सगामी ने अपनी पहली जॉब एडवरटाइजिंग कंपनी से शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने 2015 में अपनी फैशन मीडिया कंपनी Alpaca खोली, जिसे टोक्यो की लिस्टेड पीआर कंपनी Vector की ओर से अधिग्रहण कर लिया गया। इसी कंपनी में सगामी अधिग्रहण आदि का कार्य देखते थे, जिसके बाद उन्होंने पाया कि वे अधिग्रहण और विलय में काफी अच्छे हैं। इसके बाद सगामी ने एमएंडए रिसर्च इंस्टीट्यूट होल्डिंग की स्थापना हुई थी।

# मेंस डबल्स कैटेगरी में 52 साल बाद भारत का मेडल हुआ पक्का

## एशियन बैडमिंटन में चिराग-सात्विक ने दोहराया इतिहास




**दुबई, एजेंसी।** चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी की जोड़ी ने शुक्रवार रात एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में 52 साल पुराना इतिहास दोहराया है। इस जोड़ी ने 1971 के बाद भारत के लिए इस टूनामेंट में मेंस डबल कैटेगरी का मेडल पक्का किया है। इससे पहले 1971 में दीपू घोष और रमन घोष ने जकार्ता में टूनामेंट की मेंस डबल्स कैटेगरी का ब्रॉन्ज जीता था।

दुबई में चल रही प्रतियोगिता में भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को सीधे गेम में 21-11, 21-12 में हराया। दोनों भारतीय स्टार ने सेमीफाइनल में प्रवेश करते हुए मेडल पक्का कर लिया। ओलिंपिक के अलावा बैडमिंटन के तमाम टूर्नामेंट में सेमीफाइनलिस्ट को हर कैटेगरी ब्रॉन्ज मैडल दिया जाता है। ऐसे में अगर हमारे शटलर्स सेमीफाइनल हार जाते हैं तो भी उन्हें ब्रॉन्ज मेडल मिल जाएगा। सिंगल्स कैटेगरी में पीवी सिंधु और एचएस प्रणौय क्वार्टर फाइनल मुकाबले हार गए। साथ ही मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी भी हार कर बाहर हो गए हैं। सिंधू ने पहले गेम में 21-18 से बाजी मारी लेकिन अगले दो गेम में वह पूरी तरह से आउट ऑफ फॉर्म दिखी। वह 5-21 9-21 से लगातार दो सेट में हार गई और यंग को सेमीफाइनल में जगह दिलाई। वर्ल्ड रैंकिंग में 8वें नंबर पर एचएस प्रणय मेंस सिंगल के क्वार्टर फाइनल में जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने मैच को बीच में ही छोड़ कर बाहर हो गए। प्रणय 11-21 9-13 से पिछड़ रहे थे, जब वह चोट के कारण रिटायर हो गए।




## जब मोहित शर्मा ने उल्टी छलांग लगाकर पकड़ लिया अद्भुत कैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का 39वां मुकाबला कोलकाता नाईट राइडर्स बनाम गुजरात टाइटंस के बीच खेला जा रहा है। कोलकाता के इडेन गार्डन्स में खेले जा रहे इस मैच में गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। केकेआर की ओर से रहमानउल्लाह गुरबाज ने 39 गेंदों पर शानदार 81 रन की पारी खेली। गुजरात की ओर से मोहम्मद शमी, जोश लिटिल और नूर अहमद ने 2-2 विकेट हासिल किए। इस मैच की पहली पारी के पांचवे ओवर में मोहित शर्मा ने कमाल का कैच पकड़ा, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इस कैच को देखकर कई क्रिकेट प्रेमियों को कपिल देव द्वारा ली गई साल 1983 विश्वकप की ऐतिहासिक कैच की याद आ जाएगी। पांचवी ओवर की अंतिम गेंद पर शार्दुल ठाकुर एक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में कैच आउट हो गए।

# दिवाली से पहले महंगाई का तगड़ा झटका

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमत, 100 रुपये हुआ महंगा, लोग हुए मायूस



**मुंबई।** बुधवार यानी 1 नवंबर से कई छोटे-बड़े बदलाव हुए हैं। दिवाली से ठीक पहले सरकार ने 19 किलो वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में 100 रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई ने इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट पर ट्रांजेक्शन चार्ज बढ़ा दिया है। दिल्ली में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1833 रुपए हो गई है। कोलकाता में यह 1943 रुपए में मिलेगा। मुंबई में 1785.50 रुपए और चेन्नई में 1999.50 रुपए में मिलेगा। इससे पहले एक अक्टूबर को भी इसके दामों में करीब 200 रुपए का इजाफा किया गया था। दिल्ली में पहले ये 1731.50 रुपए, कोलकाता में 1839.50 रुपए, मुंबई में 1684 रुपए और चेन्नई में 1898 रुपए में मिल रहा था। वहीं 14.2 किग्रा वाले घरेलू गैस सिलेंडरों के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 903 रुपए और भोपाल में 908 रुपए में मिल रहा है।

बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने इर-4 डीजल बसों की एंट्री 1 नवंबर 2023 से बंद करने का फैसला किया है। इसके चलते राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से ये बसें दिल्ली में नहीं दाखिल हो सकेंगीं। एक नवंबर से दिल्ली में सिर्फ इलेक्ट्रिक, सीएनजी एवं भारत स्टेज (बीएस)- 6 बसें ही एंट्री ले सकेंगी।बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई ने 1 नवंबर से इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट पर लेनदेन शुल्क बढ़ा दिया है। ये बदलाव बीएसई सेंसेक्स ऑप्शंस पर लगाए जाएंगे। मार्केट एक्सपर्ट ने कहा कि लेनदेन लागत बढ़ाने के कदम से ट्रेडर्स और विशेषकर रिटेल निवेशकों पर निगेटिव असर पड़ेगा।राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र यानी एनआईसी के मुताबिक, 100 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा के कारोबार वाले बिजनेस को एक नवंबर से 30 दिनों के अंदर ई चालान पोर्टल पर जीएसटी चालान अपलोड करना होगा। जीएसटी अथॉरिटी ने ये फैसला सितंबर में लिया था।बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। एक साल से ज्यादा समय से पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव नहीं हुआ है। आखिरी बार 21 मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था।



## युवी के पिता का अर्जुन को गुरुमंत्र: बोले- जिस दिन कान के पास से गेंदबाजी करेगा...

**चंडीगढ़, एजेंसी।** अर्जुन तेंदुलकर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं। IPL के 16वें सीजन में मुंबई इंडियंस से डेब्यू करने वाले अर्जुन अब अपने पिता की वजह से चर्चा में नहीं है। वे अपनी खुद की काबिलियत की वजह से चर्चा में है। 23 साल के इस लेफ्ट आर्म पेसर ने 3 साल बेंच पर काटने के बाद मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू किया। उन्हें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने डेब्यू कैप दी, हालांकि वे इंडियन प्रीमियर लीग में अपने शुरूआती 4 मैचों में उतने प्रभावी नहीं रहे, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उसी के घर में इस गेंदबाज ने आखिरी ओवर में 20 रन डिफेंड किए थे। उन्होंने एक विकेट भी लिया। वे अब तक 3 विकेट ले चुके हैं। अर्जुन के मेंटॉर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह का मानना है, 'उनके गेंदबाजी एंगल में थोड़ी कमी है, जिस पर काम करने की जरूरत है।' योगराज कहते हैं कि अर्जुन का हाथ 45 डिग्री पर आ रहा है, जैसे बुमराह और मलिंगा का एक्शन। वे जिस दिन कान के पास से बॉल फेंकने लगेंगे, उनकी बॉलिंग स्पीड बढ़ जाएगी और वह 145+ किमी की स्पीड से बॉल फेंकने लगेंगे। योगराज अर्जुन में बैटिंग की भी क्षमता देखते हैं। इस पर वे कहते हैं, 'उनमें गेल, तेंदुलकर और युवी जैसी काबिलियत है और मुंबई के कप्तान रोहित को उन्हें नंबर-3 पर आजमाना चाहिए।'

# मैय्या-मैय्या... पर नाचीं सान्या



यूजर्स बोले- आप हैं शकीरा पार्ट-2

**मुम्बई, एजेंसी।** सान्या मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर वर्ल्ड डांस डे के मौके पर डांस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सान्या एआर रहमान के गाने मैय्या मैय्या पर बेहतरीन डांस करती नजर आ रही हैं। सान्या ने हैप्पी वर्ल्ड डांस डे लिखकर ये वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो पर फैंस सान्या के डांस मूव्स की खूब तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो पर लिखा- शकीरा पार्ट 2 ! वहीं एक यूजर ने कमेंट किया- ये दंगल गर्ल की सीक्वल गर्ल है ! वहीं एक्टर श्वेता त्रिपाठी शर्मा ने भी सान्या के डांस की तारीफ करते हुए लिखा- बहुत ही बढ़िया ! एक्ट्रेस अमृता पुरी ने भी सान्या की तारीफ की और लिखा- मुझे भी तुम्हारी तरह ऐसी डांस स्किल्स चाहिए। सान्या एक पैशनेट डांसर हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर डांस वीडियो शेयर करती रहती हैं। पिछले साल भी वर्ल्ड डांस डे के मौके पर उन्होंने डांस वीडियो शेयर किया था। फिल्मफेयर डॉट कॉम को दिए इंटरव्यू में सान्या ने बताया था कि वो एक इंट्रोवर्ट हैं और उन्हें लोगों से घुलने-मिलने में वक्त लगता है। इस पर्सनैलिटी ट्रेट के साथ वो डांस के जरिए खुद को बेहतर तरीके से एक्सप्रेस कर पाती हैं। सान्या ने ये भी बताया कि वो किसी डांस फिल्म में काम करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं और किसी वजह से डांस नहीं कर पाना ही उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा डर है।

## एग्स फ्रीज कराना नहीं था आसानः प्रियंका

**मुम्बई, एजेंसी।** प्रियंका चोपड़ा 2022 में सरोगेसी के जरिए मां बनी थीं। प्रियंका 30 साल की उम्र में ही अपने एग्स फ्रीज करा दिए थे। एक रिसेंट पॉडकास्ट में प्रियंका ने कहा कि एग्स फ्रीज कराने की प्रक्रिया आसान नहीं थी। उन्हें महीनों तक इंजेक्शन लेने पड़े थे। प्रियंका ने कहा है कि उनकी मां ने उन्हें एग्स फ्रीज कराने की सलाह दी थी। प्रियंका की मां मधु चोपड़ा एक गायनेकोलॉजिस्ट हैं, उनका मानना है कि 35 साल के बाद महिलाओं को मां बनने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी वजह से प्रियंका ने पूरी मेडिकल प्रोसेस के जरिए अपने एग्स को 30 साल की उम्र में ही फ्रीज करा दिया। हालांकि उनका ये सफर आसान नहीं रहा। प्रियंका ने कहा, एग्स फ्रीज कराने की प्रक्रिया काफी दर्दभरी थी। मैं उस समय क्वाटिंको की शूटिंग कर रही थी। उस दौरान मुझे महीनों तक इंजेक्शन लगे थे। इसकी वजह से मुझे हर वक्त ब्लॉटिंग की शिकायत रहती थी।

## फिल्मफेयर अवाड्र्स 2023 में नजर आई सलमान-गोविंदा की जुगलबंदी

मुम्बई, एजेंसी। सलमान खान और गोविंदा ने 68वें फिल्मफेयर अवाड्र्स 2023 में एक जबरस्त परफॉर्मेंस दी, इवेंट से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। प्रोमो वीडियो में दोनों एक्टर्स अपनी ही फिल्म पार्टनर के गाने 'डू यू वाना पार्टनर' पर ठुमके लगाते हुए नजर आए। वीडियो में 59 साल के गोविंदा स्टेज पर अपनी परफॉरमेंस दे रहे थे। तभी इवेंट के होस्ट सलमान खान भी उनके साथ मंच पर शामिल हुए और दोनों ने पार्टनर के गाने पर डांस किया है। जहां सलमान ब्लू सूट में हेमशा की तरह काफी हैंडसम लग रहे हैं। वहीं गोविंदा ऑल ब्लैक सूट में नजर आए। सोशल मीडिया पर फैंस इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें, सुपरस्टार सलमान खान और गोविंदा ने 2007 में डेविड धवन की 'पार्टनर' में एक साथ काम किया था, जिसमें उनकी केमिस्ट्री और कॉमिक टाइमिंग को फैंस से काफी सराहना मिली थी। अब इस वीडियो को देखने के बाद फैंस की पुरानी यादें ताजा हो गई। कई फैंस ने वीडियो पर कमेंट करते हुए पार्टनर 2 को लाने की इच्छा जताई है।



# कार्तिक पूर्णिमा : श्रद्धालुओंने दुर्वासा, अवंतिकापुरीमें लगायी आस्था की डुबकी

आजमगढ़। फूलपुर तहसील मुख्यालय से 7 किमी दूर स्थित महर्षि दुर्वाषा की तपोस्थली दुर्वाषा धाम पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मेले में लोगों ने अपनी जरूरतों के हिसाब से खरीदारी किया। मेला परिसर में जरूरत के सामानों के साथ ही मनोरंजन की भी व्यवस्था है। पुलिस प्रशासन मेला सकुशल संपत्र कराने के लिए लगा रहा। इस पौराणिक स्थली पर महर्षि दुर्वाषा ने 88 हजार ऋषियों के साथ कठोर तपस्या की थी। लगभग 7 हजार साल तक चली कठोर तपस्या के बाद भगवान शिवजी प्रकट हुए थे। उनकी इसी तपोस्थली पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालुओं डुबकी लगाने पहुँचे। महिलाओं और बच्चों ने अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी किया। बच्चों और युवाओं के लिए मेला में लगाये गए झूले आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं घरेलू सामानों की जमकर खरीदारी भी हुई। गुब्बारे, चोटहिया जलेबी, पिपिहिरी, हाथा, फावड़ा, कुदार, श्रृंगार की वस्तुओं की भी खरीददारी हुई। तमसा मंजूषा के संगम पर महिलाओं के लिए समुचित व्यवस्था का अभाव दिखाई दिया। श्रद्धालुओं द्वारा महर्षि दुर्वाषा और शिवजी के दर्शन पूजन किए गए। मंदिरों में बज रहे घंटा घड़ियाल और भक्ति गीतों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिसर से पहले ही पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों को रोका गया। फूलपुर कोतवाल पूरी टीम के साथ



मेले की सुरक्षा में लगे रहे। कई जगहों पर लोगों को भीड़ और जाम का भी सामना करना पड़ा। मंगलवार को मेले का आयोजन किया जाएगा। भागवत पुराण के अनुसार अत्रि मुनि ने पुत्र की प्राप्ति के लिए ब्रह्मा, विष्णु और शिवजी की कठोर तपस्या की थी। जिसके चलते शिवजी दुर्वाषा के रूप में, ब्रह्मा जी चन्द्रमा के रूप में और विष्णु जी दत्तात्रेय के रूप में अत्रि मुनि और अनुसुइया के पुत्र के रूप में अवतरित हुए थे। वहीं ब्रह्मानन्द पुराण के अनुसार ब्रह्मा और शिवजी के बीच की गरमा गरम बहस देख पार्वती ने शिवजी के साथ रहने से मना कर दिया था। इस दौरान शिवजी ने अपना क्रोध अनुसुइया में समाहित कर दिया था। जिसके चलते सनुसूइया को पुत्र के रूप में दुर्वाषा की प्राप्ति हुई थी। **रानीकीसराय प्रतिनिधि के अनुसार** क्षेत्र की प्रसिद्ध धार्मिक स्थली अवंतिकापुरी आवंक मे सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्वलुओ का रेला उमड पडा। भोर से ही स्नान शुरु हुआ देर शाम तक चलता रहा। मेले मे काफी भीड रही। कार्तिक पूर्णिमा पर आवंक मे सरोवर मे स्नान का विशेष महत्व होता हैं। राजा जन्मेजय की नाग महायज्ञ भूमि पर 84 बीघे का सरोवर विद्यमान है। इसी सरोवर मे स्नान होता है। स्नान के लिए एक दिन पहले से लोग जुट गये थे। सोमवार को भोर मे जयघोष के बीच स्नान शुरू हुआ। स्नान कर मंदिर मे लोगो ने पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की। मान्यता के अनुसार खिचडी दान भी हुआ। मेले मे काफी भीड रही। बच्चों ने खिलौने तो महिलाओं ने सौन्दर्य प्रशाधन की खरीदारी की। कृषि उपकरण भी खूब बिके। देर शाम तक मेले की भीड के बीच स्नान चलता रहा। अवंतिका समिति के मुखराम गुप्ता, अरुण विश्वकर्मा, गुलाब चंद, महेन्द्र आदि व्यवस्था संचालन मे लगे रहे।

# फंदेसे लटका मिला छात्रा का शव

आजमगढ़। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के रामपुर हज्जामपट्टी गांव में शनिवार की शाम एक छात्रा का शव घर में ही पंखे के सहारे लटकता मिला। जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और अंत्यपरीक्षण के लिए भेजवा दिया। रामपुर हज्जामपट्टी गांव निवासिनी दिशा गुप्ता 18 जैगहा बाजार स्थित एक कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई करने के साथ ही कंप्यूटर सीखती थी। शनिवार की शाम दिशा गुप्ता कोचिंग करने के बाद अपने घर आई। उस वक्त घर पर कोई नहीं था। कुछ देर उसका छोटा भाई घर पहुंचा तो दिशा को छत के पंखा से लटकता देखा। वह भाग कर मां के पास पहुंचा और घटना की जानकारी दिया। मां भी चीखती हुई घर पहुंची तो बेटी को फंदे पर लटकता देख अवाक रह गई। कुछ ही देर में आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। इस दौरान परिजनों ने ही शव को फंदे से नीचे उतारा। परिजन व अन्य लोग मृत छात्रा के अंतिम संस्कार की कवायद में जुट गए। इस बीच किसी ने सूचना पुलिस को दे दिया। सूचना पर बिलरियागंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच की कवायद में जुट गई। इसके बाद पंचनामा कर शव अंत्यपरीक्षण के लिए भेजवा दिया गया। मृतका के एक भाई व एक बहन बताए गए है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# एसकेडीमें कैरियर काउंसलिंग, मोटिवेशनल कार्यशाला

जहानागंज, आजमगढ़। स्थानीय क्षेत्र के धनहुंआ स्थित एसकेडी विद्या मन्दिर में सोमवार को एक मोटिवेशनल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने पठन-पाठन की बारीकियों के साथ साथ भारतीय मूल्यों के साथ वैश्विक शिक्षा, नयी शिक्षा नीति, व्यक्तित्व विकास आदि के बारे में बहुत कुछ जाना। कार्यक्रम में उपस्थित देश के जाने माने मोटिवेशनल स्पीकर नरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि एक व्यक्ति की जिन्दगी में भावनात्मक रूप से बहुत कुछ ऐसा घटता है जो उसके मस्तिष्क को प्रभावित करता है। लेकिन एक निश्चित लक्ष्य की ओर अग्रसित व्यक्ति को ऐसा होना चाहिए कि भावनाएं उसको भटका न सकें। आज का दौर कठिन प्रतियोगिता का दौर है। ऐसे में छात्र-छात्रायें काफी दबाव महसूस करने लगे हैं। अधिक नम्बर पाने की लालसा,



माता पिता के सपनों की परवाह, लोगों की टीका टिप्पणी में छात्र ऐसे उलझे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप गलत कदम भी उठा रहे हैं। किसी भी दबाव से कैसे उबरें, खान-पान कैसा हो के साथ साथ प्राणायाम से होने वाले अनेक लाभों पर उन्होंने विस्तृत चर्चा किया। प्रबंधक विजयबहादुर सिंह ने कहा कि छात्रों के लिए कैरियर का निर्धारण बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। अपनी क्षमता और रूचि देखते हुए ही छात्रों को अपना कैरियर निर्धारित करना चाहिए और उसी पर अडिग हो जाना चाहिए। कैरियर का निर्धारण रोज रोज नहीं होता है। एक ही बार दृढ़ संकल्पित होकर अपने लक्ष्य पर लगना चाहिए। नयी शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि नयी शिक्षा नीति से पठन-पाठन काफी बदलने वाले है। इसके आधार पर भारत सरकार ने शिक्षा के उस रूप की कल्पना की है जो वैश्विक होगी लेकिन भारतीय संस्कारों से भरी होगी। इस पालिसी के द्वारा जो शिक्षा दी जायेगी वह नैतिक मूल्यों से ओत प्रोत होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामजी चौहान ने भी इस संदर्भ में अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने मेश्रीकान्त सिंह, संतोष, नवनीत, रंजना, प्रियंका, रूबी आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# मोबाइल, अवैध पिस्तौल संग दो गिरफ्तार

आजमगढ़। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने चोरी की मोबाइल और अवैध पिस्तौल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महराजगंज थाने में 10 नवम्बर को चन्द्रप्रकाश यादव पुत्र नन्दकू यादव ग्राम युसुफपुर पोस्ट नेवादा द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा ईंट भट्ठा के झुग्गी से 6 मोबाइल व रुपया चोरी कर लिये गये हैं। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान अभियुक्त अनिल नोना उम्र 19 वर्ष पुत्र लालपति, सोनू नोना उम्र 21 वर्ष पुत्र बबलू नोना निवासी कोलमोदीपुर थाना महराजगंज प्रकाश में आया। उपनिरीक्षक शैलेश कुमार यादव ने अपने हमराहियों संग मुकदमा में वांछित सोनू नोना पुत्र बबलू नोना, अनिल नोना पुत्र लालपति सुबह हिरासत में ले लिया। अभियुक्त सोनू नोना के पास से एक मोबाइल, 1 तमंचा 315 बोर व 1 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ तथा अभियुक्त अनिल नोना के पास से तीन मोबाइल बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 9 नवम्बर की रात में ईट भट्टा ग्राम चौरासी पर झुग्गी मे घुसकर मोबाइल चोरी किया गया था। जिसको हम लोग आज बेचने जा रहे थें। पुलिस द्वारा असलहा के बावत पूछे जाने पर बताया कि हम लोग इससे लोगों को डराने के लिए अपने पास रखे हैं।

## सिख समुदायमें प्रशासनके खिलाफ रोष

आजमगढ़। जिला प्रशासन के राजस्व टीम द्वारा भू माफियाओं के कब्जे से गुरुद्वारे परिसर की भूमि पर से अवैध कब्जा निर्माण आदि न हटवा पाने के कारण सोमवार को जगतगुरु श्री गुरू नानक देव जी का 554 वॉं प्रकाशोत्सव सिखसंगत नही मनाया। सिखसंगते जिला प्रशासन के इस रवैये के कारण शान्ति बैठक कलेक्ट्रेट चौराहा स्थित रिक्शा स्टैंड पर पहुंच कर रोष प्रकट करते हुए दुःख भी जताया। उनका आरोप था कि भू माफियाओं के दबंगई के आगे जिला प्रशासन भी लाचार है। गुरुद्वारे परिसर से जब तक अवैध कब्जा निर्माण आदि नहीं हटाया जाता है। तब तक के लिए गुरुद्वारा काली पन्नी से ढककर ताला बन्द कर प्रशासन को चाबी सौंप दी जायेगी। वहीं इस मामले पर मुख्य मंत्री से तत्काल कार्यवाही करने एवं एसडीएम सदर के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गई।

## रावणका अंत कर भरतसे मिले श्रीराम

रानीकीसराय आजमगढ़। अवंतिका सेवा समिति द्वारा चल रही रामलीला मे सोमवार को दिन मे ही मंचन मे राम ने रावणबध कर दिया।अयोध्या लौटने पर भरत मिलाप भी हुआ।रथयात्रा मे लोगो का हुजूम उमड पडा। एक सप्ताह से चल रही रामलीला मे कलाकारों द्वारा मंचन मे हनुमान द्वारा सीता की खोज के बाद दोनो तरफ से हुए युद्ध मे योद्धा मारे गये। अंत मे रावण युद्ध को आया जिसका श्रीराम ने बध कर दिया। लीला मंचन के दौरान ही परंपरागत रावण के पुतले पर राम लक्ष्मण द्वारा बाण वर्षा के बाद दहन किया गया। रावण दहन के बाद राम अयोध्या लौटे। रथ पर सवार अयोध्या पहुचने पर भरत मिलाप काफी मार्मिक रहा। स्थली से निकली रथ यात्रा मे भीड नियंत्रण मे पुलिस को भी पसीने आ गये।

## छेड़खानीके दो आरोपी गिरफ्तार

बिंद्राबाजार, आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र की निवासिनी एक पीड़िता ने 24 नवंबर को स्थानीय थाना पर प्रार्थना पत्र दिया की फजुलापुर उगाए गाव निवासी अनिकेत पुत्र दुधई व चीकू पुत्र पुटेली द्वारा मेरे घर आकर बादिनी और उसकी दो पुत्री को मारपीट कर छेड़खानी करते हुए कपड़ा फाड़ दिए और अश्लील हरकत करने लगे। प्रार्थना पत्र पर गंभीरपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक विजय नारायण पांडे द्वारा संपादित की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि मारपीट व छेड़खानी के आरोपी अनिकेत व चीकू मोहम्मदपुर सदाफल तिराहे पर कहीं भगाने के फिराक में खड़े हैं, वाहन का इंतजार कर रहे हैं, जल्दी किया जाए तो पकड़े जा सकते हैं। सूचना पर पुलिस वाले तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

# मंत्रीने बंदियों संग किया संवाद

आजमगढ़। प्रदेश के कारागार एवं होमगाड्र्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने जिला जेल में निरुद्ध बंदियों के साथ संवाद किया। संवाद से पूर्व उन्होंने बंदियों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात सुनी। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि आपकी एक गलती की वजह से बाहर आपके परिवार को कौन-कौन सी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है, इसका आप लोगों को अंदाजा है क्या। कोई भी परिवार आपकी बहन या बेटी को शादी के लिए स्वीकार नहीं करता। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर शादी-विवाह तक समस्या बन जाती है। उन्होंने बंदियों से अपील की कि आगे से ऐसी कोई गलती ना करें जिससे आपको दोबारा जेल में आना पड़े। कारागार मंत्री ने कहा कि जेल में रहते हुए आप स्वयं को कौशल विकास से जोड़ सकते हैं, कोई हुनर सीख सकते हैं। जिससे कि बाहर जाकर आप कोई छोटा-मोटा रोजगार कर सके और अपने परिवार का सहारा बन सके। साथ ही उन्होंने कहा कि आप अपनी बैरकों में रामायण पाठ हनुमान चालीसा या अपने-अपने हिसाब से कोई भी धार्मिक ग्रंथ का पाठन करें। इससे आपकी सोच में सकारात्मक आयेगी और नेगेटिव बातों से आप दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप एक अच्छा नागरिक बनकर जेलों से बाहर जाएं और प्रयास करें कि दोबारा ऐसी कोई गलती ना हो जिससे कि आपको दोबारा जेल में आना पड़े। बंदियों ने मंत्री की बातों से सहमति जताते हुए आश्वासन दिया की एक अच्छा नागरिक बनकर ही वो जेलों से बाहर निकलेंगे और दोबारा ऐसी कोई गलती नही करेंगे जिससे की उन्हें दोबारा जेल में आना पड़े।

## लाभार्थियोंको दिया गया लाभ

महराजगंज, आजमगढ़। स्थानीय ब्लाक अंतर्गत पंचायत खजियावर में भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया गया जो 26 नवम्बर से 26 जनवरी तक चलेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याण योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा सभी योजनाओं को हर घर तक ले जाने का है। कार्यक्रम मे शामिल खंड विकास अधिकारी नीलिमा गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में लाभार्थीओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया और जो लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए है उन्हें जागरूक करते हुए योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन की व्यवस्था किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे भारी संख्या मे लोगों ने भाग लिया। खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा आवास के लाभार्थी और पीएम किसान निधि के लाभार्थी को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

# गौरवशाली रहा जनपदका इतिहास-डाक्टर सौम्य

आजमगढ़। 24 वें पुस्तक मेलें के तीसरे दिन मेरा इतिहास मेरा गौरव विषय पर विमर्श एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. सेन ने कहा कि आजमगढ़ का इतिहास एक गौरवशाली इतिहास है, जिस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा इतिहास हमें जीवन दृष्टि देता है। वैज्ञानिक क्रान्ति के इस दौर में उन सभी सफलताओं को इतिहास ही शब्द देता है जिससे नयी पीढ़ी लाभान्वित होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राहुल सांकृत्यायन जन इंटर कालेज के प्राचार्य अंजनी कुमार दूबे ने कहा कि इस पुस्तक मेले के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों को अपने नायकों को जानने का अवसर मिलेगा जिससे प्रेरित होकर विद्यार्थी बेहतर भविष्य की राह बनायेंगे। विमर्श में हिस्सेदारी करते हुए शिब्ली नेशनल डिग्री कालेज के प्रोफेसर डा. अलाउददीन ने कहा कि आजमगढ़ की धरा पर ऐसे मनीषी पैदा हुए हैं। जिसपर हम सभी को नाज है। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेकर अपने वर्तमान तथा भविष्य को सवांरना होगा। विमर्श में अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्कृतिकर्मी श्री राजीव रंजन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपने गौरवशाली इतिहास को विश्वपटल पर अंकित किया है अब नयी पीढ़ी भी ऐसा इतिहास बनाये जिस पर पूरा देश गौरव करें। पुस्तक मेले के तीसरे दिन गुरूनानक जयंती के अवसर पर पुस्तक मेले को गुरू नानक देव जी को समर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्कृतिकर्मी राजीव रंजन ने गुरूग्रन्थ साहिब पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरू नानक जी का आजमगढ़ से गहरा रिश्ता था। निजामाबाद में स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा जहां पर गुरूनानक जी ने तप किया था जहां उनकी चरणपादूका आज भी स्मृति स्वरूप रखी हुई है। उन्होंने कहा कि उनके विचार सदा ही हमारा मार्गदर्शन करेंगी। इस अवसर पर डा. मालती मिश्रा, डा. मनीशा मिश्रा, दिनेश पाण्डेय, मयंक सिंह, बन्दना राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आज पुस्तक मेले में पाठकों की अपार भागीदारी से प्रकाशकों में उत्साह बना रहा। स्मृति राय के संयोजन में संचालित कार्यशाला में राहुल सांकृत्यायन जन इंटर कालेज की आरोही-दसवी, अक्षिता-बारहवी, रोशनी-नवी एवं राहुल चिल्ड्रेन एकेडमी की बालाजी, सोनाली एवं तनुश्री कक्षा आठवी को कार्यशाला में बेहतर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया।

## चार चिकित्सकोंका गैर जनपद स्थानांतरण

आजमगढ़। जनपद में लंबे समय से तैनात चार चिकित्सकों का शासन ने गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया है। मंडलीय अस्पताल के सर्जन डा. संतोष गुप्ता का स्थानांतरण पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय वाराणसी में परामर्शदाता के पद पर किया गया है। इसके साथ ही उप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. दयाशंकर लाल का एसएसपीपी जिला चिकित्सालय वाराणसी में परामर्शदाता पद पर, सीएचसी देवगांव के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेषक द्विवेदी का लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर वाराणसी में चिकित्सा अधिकारी के पद पर व पीएचसी चेवार में तैनात डॉ. समीर कुमार का लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर वाराणसी में चिकित्सा अधिकारी के पद पर स्थानांतरण किया गया है। शासन ने तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती के लिए निर्देशित किया है।

# यातायात नियमोंकी दी जानकारी

आजमगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय समदी अहिरौला में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ग्रामीण अंचल से लेकर शहरी क्षेत्र में जागरूकता फैलाकर घर से लेकर परिवार तक की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी को लेकर हमेशा लोग सक्रिय तो रहते हैं फिर भी आए दिन थोड़ी सी लापरवाही करके हम अपना जान जोखिम डालते हैं, वहीं अपने परिवार को भी परेशान कर देते हैं। संभावनाओं को ध्यान में रखकर जागरूकता फैलाने की नीयत से अब महाविद्यालयों में विभिन्न प्रकार से जैसे पोस्टर, क्विज, भाषण, नुक्कड़ सभाओं तथा जागरूकता रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं जन मानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि लाखों लोगों की जान बचाई जा सके। इसी क्रम में राजकीय महिला महाविद्यालय समदी, अहिरौला में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में अलग-अलग महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार यादव ने जनपद स्तर पर क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया तथा सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने का अनुरोध किया एवं सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। सड़क सुरक्षा प्रभारी डा0 जमालुद्दीन अहमद ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के डा0 अख्तर हुसैन, सुश्री कंचन यादव, पीएन सिंह यादव, डा0 दिलीप कुमार वर्मा, अमित कुमार पटेल, डा0 प्रज्ञानंद प्रजापति एवं अनिल कुमार तिवारी उपस्थित थे और सभी प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

## मुकदमोंके निस्तारण में जुटे तहसीलदार

निजामाबाद, आजमगढ़। निजामाबाद तहसील के तहसीलदार कमलकुमार सिंह जब से तहसीलदार के पद पर आसीन हुए हैं तब से निजामाबाद तहसील को प्रदेश में आर जी एस में प्रथम स्थान और धारा 34 के मुकदमों के निस्तारण में दूसरा स्थान हासिल करवाए हैं। तहसीलदार कमल कुमार सिंह अधिकांश छुट्टियों में भी अपने तहसील कार्यालय में पुराने मुकदमों की फाइलों का निपटारा करते देखे गए। उनका प्रयास है कि हमारी निजामाबाद तहसील उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 34 के अंतर्गत दायर मुकदमों के निस्तारण रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल करें। उन्होंने कहा कि हम और उपजिलाधिकारी संत रंजन और हमारे राजस्व के कर्मचारी देर रात तक तहसील के कामों को निपटा रहें है।

# लाभार्थियोंको मिले आवास प्रमाण पत्र

निजामाबाद आजमगढ़। निजामाबाद तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी निजामाबाद के अध्यक्षता में महिलाओं के सशक्तिकरण बीवी, सुरक्षा व सम्मान हेतु मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी संत रंजन द्वारा पात्र लाभार्थी सुनीता को स्वयं अपने हाथों द्वारा आवास आवंटन प्रमाण पत्र तथा साथ-साथ कुल 9 महिलाओं को आवास आवंटन प्रमाण पत्र दिया गया। इसके साथ-साथ मत्स्य आवंटन के कुल पांच महिला लाभार्थियों को आवंटन पत्र दिया गया। उपजिलाधिकारी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहां की गरीब और असहाय महिलाओं के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं को सबसे वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए तहसील प्रशासन सदैव तत्पर है। कुल पांच पात्र महिलाओं की वृद्ध व विधवा पेंशन हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया। महिलाओं के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस आयोजन में तहसीलदार निजामाबाद कमल कुमार सिंह द्वारा महिलाओं को कंबल भी वितरण किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह, रामप्यारे यादव, रवींद्रनाथ पांडे राजस्व निरीक्षक, लवकुमार राय, अजय कुमार श्रीवास्तव, लालधर यादव, श्रद्धा अस्थाना, मोनिका सिंह, रुचि, सुनीता, योगेंद्र सखीजान लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## सांड़के हमलेसे समाचार पत्र विक्रेता घायल

मार्टिनगंज, आजमगढ़। स्थानीय तहसील क्षेत्र व शाहगंज बार्डर ग्राम सभा जैगहां बाजार में छुट्टा सांड़ो के आतंक से स्थानीय निवासी व राहगीर परेशान है। वहीं अजून यादव, अभिषेक व अन्य लोगों का कहना है अब तक दर्जनों लोगों को सांड़ मारकर घायल कर चुका है। जिसकी शिकायत कई बार सोधीं खंड विकास अधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से की जा चुकी परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसका कारण है आय दिन लोग खूंखार सांड का शिकार हो रहे हैं। बताते चलें की सोमवार को सुबह समाचार पत्र विक्रेता उदय प्रताप यादव अपने मोटर साइकिल द्वारा अखबार वितरण हेतु मार्टिनगंज से खेतासराय अखबार लेने जा रहे थे कि जैसे ही वह जैगहां बजार पहुंचा तभी अचानक सांड ने हमला कर दिया।

## समाज सेवीने वितरण किया साल

ठेकमा, आजमगढ़। समाज सेवी मुन्ना सिंह फरिहा वृद्ध आश्रम पहुंचकर जरूरत मंदों को डेढ़ सौ साल वितरण किया। समाजसेवी मुन्ना सिंह का कहना है कि बहुत से लोगों को भगवान पैसा दिए हैं लेकिन दिल भी होना चाहिए गरीब असहाय की मदद करने के लिए। बरदह थाना क्षेत्र ग्राम भीरा निवासी समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि जब भी मैं कहीं पर जाता हूं किसी गरीब आदमी को देखता हूं तो हमारे अंदर एक अजीब सा दिखने लगता है, वहां पर मैं प्रण कर लेता हूं इस गरीब का मदद करना चाहिए। गरीबों की मदद करने से धन नहीं घटता है। कर के जाओ बंदे दान भगवान के दरबार में इसका फल आपको जरूर मिलेगा।

## पुलिसने अर्द्धविक्षिप्तको परिवारसे मिलवाया

भीरा, आजमगढ़। बरदह थानाध्यक्ष के प्रयास से एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को उसके परिवार से मिलाया गया। पिछले कुछ दिनों से एक व्यक्ति बाल दाढ़ी बढ़ाए हुए बरदह बाजार में घूम रहा था। जिसको थाना अध्यक्ष कौशल कुमार पाठक ने बुलाकर उसके गांव का नाम पूछा तो उसने सिंगुलपुर गांव का नाम बताया जो की वर्धा थाने पर तैनात दीवान शशि विश्वकर्मा का भी पैतृक ग्राम है। बनारस के चौबेपुर थाना के अंतर्गत आता है जिसके बाद श्री पाठक चौबेपुर थाना प्रभारी से बात करके उसके बारे में जानकारी लिया तो उसके घर से यह जानकारी मिली कि उसका नाम बबल राम पुत्र रामधनी राम ग्राम सिंगुलपुर पोस्ट चौबेपुर थाना चौबेपुर है। जानकारी होने के पश्चात चौबेपुर थाना प्रभारी ने उसके परिजनों को बरदह थाने पर व्यक्ति के पहचान के लिए भेजा। इसके बाद उसके परिजनों ने उसे पहचान लिया और थाना अध्यक्ष कौशल कुमार पाठक ने उसके बाल दाढ़ी को अच्छे से बनवाकर नहला-धुला कर नए वस्त्र पहनाकर उसके परिजनों के साथ सत्यापित करने के बाद सकुशल विदा कर दिया।

# केक काटकर मनाया श्री श्याम जन्मोत्सव

आजमगढ़। श्री श्याम भक्त मंडल की ओर से भंवरनाथ चौराहे के समीप त्रिदेव मंदिर (निर्माणाधीन) प्रागंण में आयोजित श्री श्याम जन्मोत्सव में भक्तों ने खुलकर प्रेम रूपी खजाना लुटाया। जन्मोत्सव में आए नामचीन भजन गायकों ने सभी पर श्याम का रंग चढ़ा दिया, श्याम भक्त झूमते रहे। रविवार की अर्द्धरात्रि में भक्तों ने केक काटकर खुशियां मनाई और इत्र के फुव्वारों के बीच हो रही पुष्पों की वर्षा ने सबका मनमोह लिया। इस दौरान जयकारों से समूचा क्षेत्र श्याममय हो उठा। आयोजन समिति द्वारा भव्य रूप से बाबा का दरबार सजाया गया। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बाबा को माखन, मिश्री, मेवा, फल, मिष्ठान आदि का भोग भी लगाया गया। श्री गणेश वंदना के बाद गुरु वंदना हुई। इसके बाद समाज के विशिष्टजनों द्वारा खाटू श्याम के प्रतिमा के समक्ष संयुक्त रूप से पावन ज्योति प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जैसे ही भजन संध्या का आगाज हुआ तो श्याम के अनन्य भक्त और प्रसिद्ध गीतकार व गायक कृष्णा दधीची वाराणसी ने करले करूण पुकार सौंप दें, कब आएगा मेरा सावरियां, आदि भजनों की प्रस्तुति से दिल जीत लिया। इसके बाद गायक संजय सेन सुरजगढ़ पतली सी पिताम्बरी में हारा हूं, शुभम रूपम कोलकाता द्वारा दरबार हजारों है ऐसा दरबार कहां, बैठ नजदीक सांवरें के, बाबा तुमसे अर्ज है मेरी तेरा दर कभी छूटे ना, हारे के सहारे आजा, लीला रे मन श्याम से मिला दें, छायी काली घटाए तो इनकी छतरी के नीचे हूं जैसे



भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों को सुनकर भक्त श्याम के रंग में रंग गए और बड़े बुर्जुग, महिला, बच्चे सभी श्याम के जयकारें लगाते हुए झूमने लगे। जैसे ही रात्रि के 12 बजे, भक्तों ने 21 किलो मेवे का केक काटकर अनंत अविनाशी बाबा श्याम का जन्मदिन मनाया। केक कटने के दौरान भक्तों ने लगातार जयकार की और एक दूसरे को केक खिलाकर संसार के कल्याण की कामना किया। मंडल अध्यक्ष शोभित खंडेलिया ने कहाकि जीवन में श्याम को उतारकर ही मानव मोछ पा सकते है। श्याम जन्मोत्सव पर हर वर्ष श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है, उन्होंने अपने सभी सहयोगियों का आभार जताया। वहीं भोलानाथ जालान, विष्णु रूंगटा, मनोज खेतान, अशोक खंडेलिया, अशोक रूंगटा, संजीत रूंगटा, अशोक शर्मा ने कहाकि सम्पूर्ण संसार में श्याम पूजे जाते है और हर हारे का सहारा खाटू श्याम ही है। जनपद में ट्रस्ट द्वारा एक भव्य मंदिर का निर्माण प्रगति पर है जल्द ही आजमगढ़ में खाटू श्याम जी की अलौकिक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। भंडारा एक बार शाम से जो शुरू हुआ तो देररात्रि तक जारी रहा, श्याम भक्तों ने प्रसाद चखकर पुण्य के भागी बने। अंत में कोषाध्यक्ष प्रदीप बैरासिया, मंत्री नीरज गोयनका द्वारा आंगतुकों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर कृष्ण मुरारी डालमिया, अरूण रूंगटा, देवप्रकाश बैरासिया, श्यामसुंदर डालमिया, विनय, गोपाल खंडेलिया, सीताराम, संदीप, बद्री खंडेलिया, हरी शर्मा, रमेश खंडेलिया, बलराम, कन्हैया, हर्ष, आकाश, अंकुर, मोहित, नीरज, गोपाल, सोमंत, पीयूष, रामसमुझ, संजीव अग्रवाल, जयदीप, दीनदयाल सहित भारी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

# रातमें नदारद रहते हैं सीएचसीके अधीक्षक

आजमगढ़। प्रदेश की योगी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिसको लेकर उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक लगातार सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री कभी मरीज बनकर तो कभी मरीज को दिखाने को लेकर लाइनों में लगकर हकीकत जानने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। जनपद के मार्टिनगंज के स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक परिसर में नहीं रहते हैं, जिससे रात्रि में आने वाले मरीजों को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर मार्टिनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, वहां पर तैनात अधीक्षक जिला मुख्यालय से आते और रात में वापस चले जाते हैं, जिससे कि स्थानीय लोगों में आक्रोश है। जब स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक परिसर में नहीं रहेंगे तो जिनके ऊपर जिम्मेदारी सौंपी है वह कितना जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में ही रहते हैं, लेकिन कुछ लोग अपने सुविधा के अनुसार कमरा लेकर निवास करते हैं। मार्टिनगंज के लोगों का कहना है कि हम लोग जिला मुख्यालय से काफी दूर है, इस क्षेत्र में बड़ा कोई अस्पताल भी नहीं है, इस स्थिति में अगर स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर योगेश कुमार अपने जिम्मेदारी के प्रति वफादारी से काम नहीं करेंगे तो आम जनमानस का क्या हाल होगा, आम जनमानस का ख्याल रखते हुए लगातार सरकार काम कर रही है लेकिन कुछ गैर जिम्मेदार अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं। वही मुख्य चिकित्सा अधिकारी आई एन तिवारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वह परिसर में ही निवास करें।

# हलाल प्रोडक्ट रखे या बेचे तो खैर नहीं

## योगी सरकार हुई सख्त, कई कंपनियों पर दर्ज हुई एफआइआर, प्रदेश में मचा हड़कंप



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसी भी उत्पाद पर हलाल प्रमाणन पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है। यह पाबंदी खाद्य उत्पाद के साथ ही दवाओं पर भी लागू होगी। ऐसे उत्पाद के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इतना जरूर है कि विदेश भेजे जाने वाले उत्पाद के लिए छूट रहेगी। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह ने आदेश जारी कर दिया है।

आशंका है कि कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लेकर हलाल सर्टिफिकेट के नाम पर इकट्ठा हो रही अवैध कमाई से आतंकवादी संगठनों व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को फंडिंग की जा रही है।

सभी खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों को निरंतर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। विदेश में निर्यात होने वाले मांस और उससे निर्मित उत्पादों पर हलाल प्रमाण पत्र जारी होता रहा है। स्थिति यह हुई की धीरे-धीरे तेल, साबुन, घी सहित सभी उत्पादों पर हलाल प्रमाणन की मुहर लगाने लगी। एक तरह से इस प्रमाणन के जरिए उत्पाद को बेचने का हथकंडा अपनाया जाने लगा। मामले की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम से स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद इसे रोकने की रणनीति बनाई गई। शनिवार को इस पर प्रदेश में पाबंदी लगा दी गई है। प्रदेश में हलाल प्रमाणन वाले किसी भी खाद्य उत्पादों एवं दवाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यदि कोई उत्पादन हलाल प्रमाणन वाला पाया गया तो संबंधित निमार्ता के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। निर्माण के साथ ही भंडारण, वितरण, विक्रय पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। यदि राज्य में कार्यरत कोई निर्यातक अपने खाद्य उत्पाद अथवा दवा को उन देशों के लिए तैयार करता है, जहां हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पाद ही स्वीकार किए जाते हैं तो उसे छूट दी जाएगी। वह दूसरे देश के लिए तैयार होने वाले उत्पाद का निर्माण, भंडारण एवं वितरण कर सकेगा। सीएम योगी की सख्ती के बाद यूपी में हलाल सर्टिफिकेट के धंधे पर अब कार्रवाई भी शुरू हो गई है। हलाल सर्टिफिकेट जारी करने वाली ऐसी नौ कंपनियों के खिलाफ लखनऊ में एफआईआर दर्ज की गई है। ये एफआईआर हजरजगंज कोतवाली में दर्ज की गई है। शैलेंद्र शर्मा नाम के एक शख्स की शिकायत पर ये एफआईआर दर्ज की गई है।

जिन कंपनियों पर एफआइआर दर्ज की गई हैं उनमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, हलाल काउंसिल आफ इंडिया मुबई, जमीयत उलेमा मुंबई, जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली और कुछ अज्ञात कंपियों पर ये एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने इसे बड़ी साजिश की आशंका जताते हुए कहा है कि जिन कम्पनियों ने ऐसा हलाल प्रमाण पत्र इनसे नहीं प्राप्त किया है, उनके उत्पादन की बिक्री को घटाने का प्रयास भी किया जा रहा है, जो कि आपराधिक कृत्य है। आशंका है कि इस अनुचित लाभ को समाज विरोधी व राष्ट्र विरोधी तत्वों को पहुंचाया जा रहा है।

खास बात यह कि शाकाहारी उत्पादों जैसे तेल, साबुन, टूथपेस्ट, मधु आदि की बिक्री के लिए भी हलाल प्रमाण पत्र दिया जा रहा है, जबकि शाकाहारी वस्तुओं पर ऐसे किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होती है। जाहिर है कि एक समुदाय विशेष एवं उनके उत्पादों के विरुद्ध आपराधिक षडयन्त्र किया जा रहा है।

**कार्रवाई**

**खाद्य उत्पादों और दवाओं की बिक्री भी बैन, विदेश भेजे जाने वाले उत्पाद के लिए छूट रहेगी, खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव ने जारी किया आदेश**

### जमीअत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट ने कहा आरोप लगाने वालों पर करेंगे कानूनी कार्रवाई

लखनऊ। जमीअत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट का कहना है कि उसकी प्रमाणन प्रक्रिया भारत में निर्यात के उद्देश्यों और घरेलू वितरण, दोनों के लिए निमार्ताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप है। हलाल प्रमाणित उत्पादों की वैश्विक मांग मजबूत है और भारतीय कंपनियों के लिए ऐसा प्रमाणन प्राप्त करना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना (संख्या 25/2022-23) के जरिये भी वैध है। ट्रस्ट का कहना है कि छवि खराब करने के उद्देश्य से लगाए गए निराधार आरोपों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कदम उठाएगा। जमीअत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट के सीईओ नियाज अहमद फारूकी ने कहा कि उपभोक्ता और निमार्ता इस प्रकार के प्रमाणन को प्राथमिकता देते हैं। यह बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को उन उत्पादों का उपयोग करने से बचाता है, जो वे कई कारणों से नहीं चाहते हैं। इसलिये यह प्रमाणन बाजार में आवश्यकता आधारित उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। जो लोग ऐसे उत्पादों का उपयोग नहीं करना चाहते, वे इनका उपयोग न करने के लिए स्वतंत्र हैं। नियाज ने कहा कि हलाल प्रमाणीकरण हमारे देश को लाभ पहुंचाने वाली एक महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि है। यह न केवल आयात करने वाले देशों के लिए, बल्कि भारत आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक आवश्यकता है। विशेष रूप से अपने प्रवास के दौरान हलाल प्रमाणित उत्पादों की तलाश करने वालों के लिए, जैसाकि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने भी 6 अप्रैल 2023 के अपने आदेश में रेखांकित किया है। ट्रस्ट की ओर से कहा गया है कि हम सरकारी नियमों का पालन करते हैं। सभी हलाल प्रमाणन निकायों को एनएबीसीबी (भारतीय गुणवत्ता परिषद के तहत प्रमाणन निकायों के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड) द्वारा पंजीकृत होना आवश्यक है, जो कि जमीअत उलेमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट ने हासिल किया है। एपीडा (भारतीय कृषि उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) और दुनिया भर में भारतीय दूतावासों के साथ निकटता से सहयोग करते हुए, हम वैश्विक बाजारों में भारतीय हलाल प्रमाणित उत्पादों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। ट्रस्ट का कहना है कि निर्यात करने के लिए उन देशों में निर्धारित इन अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। जमीअत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट के हलाल प्रमाणपत्र विश्व भर में मान्यता प्राप्त हैं।

### निर्माणाधीन सुरंग में अब भी फंसे हैं 41 मजदूर

उत्तरकाशी। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के बीच निर्माणाधीन सुरंग में हुए हादसे में 41 श्रमिक फंसे हैं। रेस्क्यू के सातवें दिन आज शनिवार को कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई। अब तक कंपनी ने 40 मजदूरों के फंसे होने की सूची ही प्रशासन को उपलब्ध कराई थी, लेकिन अब 41 वें श्रमिक के भी फंसे होने की बात सामने आई है। सिलक्यारा सुरंग के अंदर फंसे 41 मजदूरों को शनिवार को सातवें दिन भी बाहर नहीं निकाला जा सका। रेस्क्यू के दौरान सुरंग में कंपन और मलबा गिरने के खतरे पर ऑगर मशीन से ड्रिलिंग बंद कर दी गई है। अब सुरंग के ऊपर और साइड से ड्रिलिंग की तैयारी है। सिल्क्यारा पहुंचे पीएमओ के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने कहा कि पूरे क्षेत्र की ताकत को इस स्तर तक बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है कि हम जिस बचाव कार्य को करने का इरादा कर रहे हैं, वहां तक पहुंचना श्रमिकों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित रहे।

# शिक्षक भर्ती मामले में सरकार कर रही सौतेला व्यवहारः स्वामी प्रसाद

## डिप्टी सीएम के आवास का घेराव, 6800 अभ्यर्थी कर रहे प्रदर्शन



लखनऊ। 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के चयनित 6800 अभ्यर्थी अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर राजधानी लखनऊ में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार सुबह अभ्यर्थियों ने एक बार फिर यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस ने सभी अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। वहीं इसके बाद समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य धरना दे रहे अभ्यर्थियों से मिलने ईको गार्डन पहुंचे और शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ धरने में शामिल हुए।बता दें कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को ईको गार्डन में धरना दे रहे 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण वर्ग के चयनित 6800 अभ्यर्थियों से मुलाकात की। उन्होंने अभ्यर्थियों से बातचीत करते हुए उनकी नियुक्ति की मांग का ज्ञापन लिया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा की सरकार जानबूझकर ओबीसी, एससी और एसटी के अभ्यर्थियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि चयनित होने के बावजूद भी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र न देना यूपी सरकार की निरंकुशता है और इस बात का जीता जागता प्रमाण है कि भाजपा सरकार एक-एक करके संविधान प्रदत्त आरक्षण का गला घोंट रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि सरकार की इस भ्रष्टाचार और निरंकुशता की घोर निंदा करता हूं और मांग करता हूं चयनित और पीड़ित अभ्यर्थियों को तत्काल नियुक्ति पत्र दिया जाए।

# युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में फर्जी वोटिंग मामले में शिकायत दर्ज

तिरुवनंतपुरम। युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनावों के दौरान फर्जी मतदाता पहचान पत्र के कथित इस्तेमाल को लेकर दायर शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। केरल पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपों की व्यापक जांच की जाएगी और इस संबंध में आठ सदस्यों वाली एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। टीम ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धाराओं 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (जाली दस्तावेज को असली दस्तावेज बताकर इस्तेमाल करना) सहित विभिन्न प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

तिरुवनंतपुरम के पुलिस उपायुक्त नितिन राज ने मीडिया को बताया कि फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कथित मोबाइल एप्लिकेशन तथा इसे बनाने वाले और अन्य संबंधित मामले जांच के दायरे में आएंगे। उन्होंने कहा, 'हम जाली मतदाता पहचान पत्र संबंधी मुद्दे और ऐसे दस्तावेज बनाने तथा इस्तेमाल करने वालों की जांच करेंगे।' केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को राज्य पुलिस को युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनावों के दौरान फर्जी मतदाता पहचान पत्रों के कथित इस्तेमाल की शिकायतों की जांच करने का निर्देश दिया था। निर्वाचन अधिकारी संजय एम कौल ने अपने कार्यालय को प्राप्त शिकायतों को राज्य पुलिस प्रमुख को भेज दिया था और धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आग्रह किया था। युवा कांग्रेस ने हालांकि इन आरोपों से इनकार किया है। केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना की। घटना के विरोध में भाजपा ने शनिवार को विभिन्न स्थानों पर मार्च निकाला।

### कार के अंदर मृत मिले अभिनेता

कोट्टायम। अभिनेता विनोद थॉमस कोट्टायम में पम्पाडी के पास एक होटल के बाहर खड़ी कार के अंदर मृत मिले। वह 45 वर्ष के थे। पुलिस ने बताया कि होटल प्रबंधन ने सूचना दी कि एक व्यक्ति काफी देर से उनके परिसर में खड़ी एक कार के अंदर मौजूद है। उन्होंने कहा, 'हमने विनोद को कार के अंदर पाया और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने विनोद की जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। थॉमस को 'अय्यप्पनम कोश्युम', 'नाथोली ओरु चेरिया मीनल्ला', 'ओरु मुराई वन्थ पथाया', 'हैप्पी वेडिंग' और 'जून' जैसी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है।

### कई आइएस को मिली नई जिम्मेदारी, अमृत बने सीईओ बीआइडीए

लखनऊ। यूपी में कई आईएएस अफसरों को नई जिम्मेदारी दी गई है। इन आईएएस के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आईएएस अमृत त्रिपाठी को विशेष सचिव नियोजन से सीईओ बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीआइडीए ) बनाया गया है। वहीं आईएएस प्रणता ऐश्वर्या को सीडीओ इटावा से एएमडी परिवहन बनाया गया है।आईएएस प्रशांत शर्मा विशेष सचिव मत्स्य से विशेष सचिव ऊर्जा विभाग बनाये गए हैं। इसके अलावा आईएएस ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा से अपर आयुक्त आबकारी और 2012 बैच के आईएएस ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा से विशेष सचिव आबकारी बनाया गया है। इसी क्रम में आईएएस प्रशांत शर्मा को विशेष सचिव मत्स्य से विशेष सचिव ऊर्जा विभाग बनाया गया है।

# बीएचयू में लीपापोती की 'राजनीति' की भेंट चढ़ती जा रही है 'गैंगरेप' पीड़िता की आवाज

**अमन विश्वकर्मा**



वाराणसी। 'बीएचयू के आईआईटी की छात्रा से गन प्वॉइंट पर छेड़खानी और बदसलूकी के मामले को आज पूरे दस दिन हो गए हैं। बावजूद इसके पुलिस के हाथ आरोपियों तक नहीं पहुँच पाए हैं। दूसरी तरफ, आईआईटी के छात्रों में भी पुलिस की इस शिथिलता पर काफी नाराजगी है। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के रहते हुए बीएचयू प्रशासन को पुलिस का सहारा लेना पड़ रहा है।' आईआईटी की एक छात्रा और तीन छात्रों ने नाम न छापने की शर्त पर आगे बताया कि 'बीएचयू परिसर में स्थित बड़े कर्मनबीर बाबा मंदिर के पास काफी सन्नाटा रहता है। वहाँ एक सीसीटीवी कैमरा लगा तो हुआ है लेकिन चलता है कि नहीं, यह हमें नहीं मालूम। उस तरफ कभी-कभार सुरक्षाकर्मी भी नहीं रहते। काफी अंधेरा भी रहता है। छेड़खानी का मामला जिस दिन हुआ, उस वक्त वहाँ सुरक्षाकर्मी नहीं था।'

गौरतलब है कि बीटेक की छात्रा से बदलसलूकी के बाद जब बीएचयू के छात्रों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए धरना-प्रदर्शन किया तब जाकर जिला प्रशासन ने पुलिस की कुछ टुकड़ियाँ सिंह द्वार से लेकर आईआईटी के गेट पर तैनात की। परिसर के कुछ तिराहों और चौराहों पर भी सुरक्षाकर्मियों के साथ एक-एक पुलिसकर्मी बैठने लगे हैं। परिसर में लगभग दर्जनभर स्थानों पर यूपी पुलिस के वे बोर्ड लग चुके हैं जिन पर लिखा है- 'आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं'। साथ ही बीएचयू कंट्रोल रूम, आईआईटी कंट्रोल रूम, बीएचयू चौकी, वोमेन हेल्पलाईन, सिटी कंट्रोल रूम, एसीपी भेलूपुर, एसएचओ लंका और डायल 112 का नम्बर लिखा हुआ है।

मामले को दस दिन से ज्याद बीत चुके हैं लेकिन जिला प्रशासन ने ऐसे एफआईआर को दर्ज किया है जिसे एबीवीपी ने दूसरे छात्र संगठन के खिलाफ दर्ज कराया है। इससे यह मामला दूसरा रंग पकड़ चुका है। पीड़िता के लिए न्याय की आवाज उठा रहे छात्र संगठनों का कहना है कि पुलिस आरोपियों तक पहुँचने में ढिलाई कर रही है। जबकि एबीवीपी जैसे संगठन द्वारा हम लोगों के खिलाफ दिया गया एक छोटा सा बयान भी हमको प्रताड़ित करने के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। हमारी तहरीर और शिकायत को दर्ज तक नहीं किया जा रहा है। पीड़िता का बयान होने के बावजूद जाँच में कोई तेजी नहीं आई और आरोपियों तक पहुँचने की कोशिश किसी अंजाम तक नहीं पहुँच पाई है।

इस पूरे मामले पर छात्र नेता आकांक्षा आजाद ने बताया कि 'एक नवम्बर को हुई इस घटना के बाद तीन नवम्बर की शाम से हम छात्रों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। पाँच नवम्बर को पुतला दहन की तैयारी थी जिसके लिए चार नवम्बर को हम लोगों ने प्रॉक्टोरियल बोर्ड को जानकारी दे दी थी। पाँच नवम्बर को हम पुतला दहन की तैयारी कर ही रहे थे कि उसी भीड़ में मौजूद एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने हम पर हमला कर दिया। आकांक्षा ने आरोप लगाया कि एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने यह हमला जिला प्रशासन की शह पर किया है। उस समय हम लोगों के साथ मारपीट की गई। लड़कियों के प्राइवेट पार्ट को हाथ लगाया गया।'

वह बताती हैं कि 'एबीवीपी कार्यकर्ता मेघा मुखर्जी और अदिति मौर्या ने यह आरोप लगाया कि हम लोगों ने उन पर हमला किया। उनका हाथ और पैर टूट गया है, शाम को उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में इलाज करवाया है। जबकि हम पर हमले के तुरंत बाद मेघा मुखर्जी मीडिया से बातचीत करने आ जाती हैं, जिसमें उनका हाथ ठीक है। यानी उनका आरोप फर्जी है और उन पर करवाई होनी चाहिए। इन कार्यकर्ताओं ने जिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हम पर मुकदमा दर्ज करवाया उसे भी पुलिस हम लोगों ने नहीं दिखा रही है।'

आकांक्षा आजाद ने बताया कि इसी के बाद हम 17 लोगों के खिलाफ पुलिस ने गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया, जिसमें एससी/ एसटी एक्ट भी शामिल है। जबकि जिसने हमारे खिलाफ यह आरोप (एससी/ एसटी) लगाया है उसे हम 17 लोग नहीं जानते हैं।

लेकिन भेलूपुर एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि अभी तक 'बीसीएम की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। अगर किसी को कोई भी शिकायत दर्ज करानी है तो लंका थानाध्यक्ष के सामने जाए। जो भी उचित होगा कार्रवाई अवश्य की जाएगी।'

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मधु गर्ग के अनुसार, 'इस मामले में होना यह चाहिए कि बीएचयू प्रशासन छात्रों के साथ खुद मीटिंग करे। वीसी भी स्टूडेंट्स के बीच जाएँ, उनसे बातचीत कर शांति व्यवस्था बनाने रखने की अपील करें।' गर्ग ने कहा, 'यह घटना निर्भया कांड की तरह वीभत्स है। पीड़िता के बयान के बाद पुलिस ने तहरीर में धारा 376डी और 509 का मुकदमा भी शामिल किया है। अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अगर पुलिस को ही सब करना है तो बीएचयू के प्रॉक्टोरियल बोर्ड को भंग कर देना चाहिए। सुरक्षा के नाम पर जो करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, उसे भी समाप्त कर देना चाहिए।' मधु गर्ग सवाल उठाती हैं कि 'इस मामले में राजनीति उसी दिन शुरू हो गई थी जिस दिन छात्रों को समझाकर आईआईटी के चारों तरफ बाउंड्रीवॉल खड़ा करने की बात होने लगी। बीएचयू के पूरे कैम्पस में बाउंड्रीवॉल है तब भी लड़कियाँ सुरक्षित नहीं हैं, तो फिर हर फैकल्टी के लिए बाउंड्रीवॉल खड़ा करने से क्या सुरक्षा दुरुस्त हो जाएगी? फिर तो यूनिवर्सिटी का कॉन्सेप्ट ही खत्म हो जाएगा। यह समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि महामना मदनमोहन मालवीय की मूल भावना से खिलवाड़ जरूर होगा।'

पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता राजेश मिश्रा ने कहा कि 'यह बीएचयू के इतिहास में सबसे ज्यादा शर्मसार करने वाली घटना है। बीएचयू के विद्यार्थी, जो पूरे विश्व में कहीं न कहीं हैं, वह भी आक्रोशित हुए ही होंगे। चूँकि मैं भी बीएचयू का छात्र रहा हूँ। इस मामले को संज्ञान में आने के तुरंत बाद पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए मुहिम छेड़ दी है। बीते नौ नवंबर को भी पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर पाँच सूत्री ज्ञापन भी सौंपा गया है। इस मामले में बीएचयू के चीफ प्रॉक्टोरियल बोर्ड की नाकामियाँ भी सामने आ गई हैं। इस बोर्ड में बीएचयू परिसर की सुरक्षा के नाम पर 11 करोड़ रुपये सालाना खर्च किए जाते हैं बावजूद इसके इन कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन की सहायता लेनी पड़ रही है। वहीं, पुलिस भी इस मामले बीएचयू प्रशासन के साथ मिलकर लीपापोती करने पर तुला हुआ है। बीते दिनों गिरफ्तार किए गए दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर मामले को ठंडा करने का प्रयास भी किया जा रहा है। प्रॉक्टोरियल बोर्ड कर्मियों के रहते हुए पुलिस प्रशासन बीएचयू की सुरक्षा में तैनात है। आई कार्ड जाँचने के नाम पर छात्र-छात्राओं को अब परेशान किया जा रहा है। जो सही आरोपी हैं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। न्याय माँगने वाले बच्चों के खिलाफ ही मुकदमे दर्ज कर दिए जा रहे हैं। यह काफी शर्मनाक और निंदनीय है।'

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 'घटना में बीजेपी की स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए लोग शामिल थे।' उन्होंने जोर देकर कहा कि 'एबीपीवी कार्यकताओं ने ही घटना को अंजाम दिया है।' अजय राय ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 'सरकार ने विश्वविद्यालयों में संघ से जुड़े हुए लोगों को बिठा दिया गया है। विश्वविद्यालयों का संघीकरण किए जाने की वजह से यह अमानवीय घटना सामने आई है।' उन्होंने एबीपीवी कार्यकर्ताओं को शह देने वाले संघ से जुड़े हुए लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और कांग्रेस नेता अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि 'बीएचयू में इधर कुछ वर्षों से अशांति, अराजकता और हिंसा का बोलबाला हो गया है। यह स्थिति छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए ठीक नहीं है। बीएचयू का अपना एक सम्मान है जिसे अब ठेस पहुँचाने की साजिश की जा रही है। ऐसी साजिशों पर बीएचयू प्रशासन की चुप्पी निराशाजनक है। अपनी इसी नाकामी को छिपाने के लिए प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने परिसर में पुलिस चौकी भी बनवा दी।' श्रीवास्तव ने आगे कहा कि 'बनारस के सांसद रहते हुए नरेंद्र मोदी ने इस पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की। शासन-प्रशासन भी इस हैवानियत को दबाने की कोशिश में लगा है। महिलाओं के लिए नारे लगाने वाली सरकार के लिए यह मामला कलंक के समान है। देश के प्रधानमंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री को चाहिए कि इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करवाएँ। इन नेताओं को शर्म करना चाहिए कि दूसरे जिले की लड़की बीएचयू जैसे संस्थान में पढ़ने के लिए आई और उसके साथ हुई हैवानियत पर लोग चुप्पी साधे हुए हैं।'

समाजवादी जनपरिषद के सचिव अफलातून ने कहा कि 'बीएचयू कैम्पस में गन प्वाइंट पर लड़की से गैंगरेप के मामले ने यूपी सरकार के लॉ एंड ऑर्डर की पोल खोलकर रख दी है। इस मामले में दो संदिग्धों की गिरफ्तारी फर्जी है। दूसरी तरफ, इस मामले के बाद सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि छात्र गुट आपसे में भिड़ गए हैं। इस मामले में चीफ प्रॉक्टर की भूमिका भी संदेहास्पद है। ऐसे में प्रॉक्टोरियल बोर्ड को पहले बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बीएचयू में मदनमोहन मालवीय के समय में एक बार किसी मामले को लेकर आस्ट्रेलियन आर्मी मार्च करने घुस आई थी। इससे नाराज होकर डॉ. राधाकृष्णन और मालवीय ने अंग्रेज कलेक्टर को टोका कि हमारे इजाजत के बिना आप लोग कैसे अंदर घुस आए? अब समय यह आ गया है कि कैम्पस में जगह-जगह पुलिसकर्मी बैठे हुए हैं।' अफलातून ने कहा कि 'लड़की से गैंगरेप मामले में होना यह चाहिए कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड को तुरंत भंग कर देना चाहिए। या किसी महिला कर्मचारी के माध्यम से पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए तत्परता दिखानी चाहिए।

समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष आयुष यादव ने इस मामले पर अपना रोष जताया। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में छात्रा के साथ ऐसी बदलसलूकी काफी निराशाजनक है। ऐसे में उसे न्याय दिलाने के लिए जिसे के सभी छात्रों को एकजुट होना पड़ेगा। जिला प्रशासन के लचर व्यवस्था के कारण आरोपियों की आज तक पहचान तक नहीं हो पाई, गिरफ्तारी तो दूर की बात है। कलेक्ट्रेट बनने के बाद भी बनारस में पुलिसिंग की ऐसी व्यवस्था काफी निराशाजनक है।'

सीपीआईएम प्रदेश सचिव और बीएचयू के पुरातन छात्र डॉ. हीरालाल यादव ने कहा 'हम लोगों के समय भी में भी प्रॉक्टोरियल बोर्ड था लेकिन उनका ऐसा घिनौना स्वरूप कभी नहीं देखा गया। कैम्पस में छात्रा के साथ गैंगरेप मामले में वीसी और प्रॉक्टोरियल चीफ की जवाबदेही होनी चाहिए। बीएचयू प्रशासन को छात्रों को आपस में लड़वाने की बजाए पीड़िता का न्याय दिलाने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। यह मामला पुलिस प्रशासन के लिए कलंक है। चूंकि, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दस-पंद्रह दिन के अंतराल पर बनारस का दौरा करने चले आते हैं, वह भी इस मामले में खामोश हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में ऐसी घटना और उस पर कोई ठोस कार्रवाई न होना भी कई सवाल खड़े करता है। जबकि महिलाओं और बेटियों के लिए भाजपा आए दिन नए-नए नारे बना रही है, अभियान चला रही है, ऐसे में भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं की इस जघन्य मामले में जवाबदेही तो होनी चाहिए। लेकिन आज तक भाजपा का कोई नेता सामने नहीं आया। उल्टे धरनारत छात्रों पर ही मुकदमें की कार्रवाई कर दी गई। यह सरकार का दमनात्मक चेहरा है।'

बीएचयू में बीटेक की छात्रा से गैंगरेप मामले में वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंह ने कहा कि 'यह घटना जहाँ हुई वह 'अवांछनीय' जगह है। इसका मतलब वहाँ सुनसान ज्यादा रहती है। बीएचयू को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ सर्विलांस-विजिलेंस की भूमिका भी निभानी चाहिए। यानी कि पहरा कम और निगरानी ज्यादा होनी चाहिए। छात्रों को नशे में रोकथाम के अलावा उनकी बौद्धिक क्षमता का प्रवाह बढ़ाना चाहिए।

फिलहाल मामले में पुलिस की ओर से बताया जा रहा है कि 'आरोपियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जा रही है।' वहीं अब



पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धाराओं को बढ़ाने का भी काम कर दिया है। पुलिस का कहना है कि 'छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं, तीनों को गिरफ्तार किए जाने के बाद उन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।'

वाराणसी के पुलिस आयुक्त अशोक मुथा जैन ने गाँव के लोग को बताया कि 'इस मामले पुलिस में पाँच टीमों को तीनों आरोपियों को चिन्हित करने और उनकी धरपकड़ के लिए लगाया गया था। जिसमें असफल रहने के बाद अब दो और टीमें इस काम में लगाई गई हैं।' सीपी ने कहा कि 'पुलिस की टीमें लगातार इस मामले को जल्द से जल्द हल करने के लिए लगी हुई हैं। वहीं तीनों अपराधियों के पकड़े जाने के बाद उन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।'

बीएचयू के बीटेक छात्रा से छेड़खानी मामले में पुलिस ने सम्बंधित कुछ ही धाराएँ लगाई थीं। गैंगरेप की धाराएँ तब बढायीं गईं जब पीड़िता ने मजिस्ट्रेटी जाँच में गैंगरेप का बयान दर्ज कराया। दूसरी तरफ, बीएचयू के प्रॉक्टोरियल बोर्ड के खिलाफ छात्रों में नाराजगी बरकरार है। फिलहाल, त्योहार के कारण अभी माहौल शांत है। लेकिन सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि फिलहाल चल रही लीपापोती की बजाय पीड़िता के साथ न्याय कब होगा?

